राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 10
लखनऊ, शुक्रवार 18 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पीडीए जन संवाद कार्यक्रम में उठा सामाजिक न्याय का मुद्दा 10

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ब्रजेश ने सिविल अस्पताल में किया फल वितरण 03

### सर्राफा बाजार

गोल्ड 24 कैरेट = 1,52,990/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,40,250/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,14,830/10 ग्राम
चांदी = 2,45,000/किग्रा



## संक्षिप्त समाचार

### सुलतानपुर के परियोजना निदेशक निलंबित

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सुलतानपुर डीआरडीए के परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन पर अधीनस्थ कर्मचारियों से आपत्तिजनक व्यवहार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना और पदीय दायित्वों में लापरवाही के आरोप हैं। उनके खिलाफ नियम-7 के तहत अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर वृहद जांच के आदेश दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

### लॉरेंस गैंग की कनाडा को धमकी

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस गैंग की ओर से कनाडा सरकार को धमकी भरा पत्र भेजे जाने का मामला सामने आया है। कनाडाई मीडिया सीबीसी न्यूज के अनुसार, यह पत्र वर्ष 2025 में भारत से भेजा गया था। इसमें गैंग ने कनाडा पर राज करने का दावा करते हुए कहा कि उसके पास 5,000 से अधिक शूटर हैं और रास्ते में आने वालों पर गोलियां चलेंगी। पत्र की प्रामाणिकता और इसके पीछे की परिस्थितियों की जांच से जुड़े सवाल अभी सामने हैं।

### पीसीएस मुख्य परीक्षा में 2,297 अभ्यर्थी सफल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस-2025 मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। 29 मार्च से एक अप्रैल 2026 तक हुई परीक्षा में 10,284 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें से 2,297 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया है। आयोग 28 प्रकार के 814 पदों पर भर्ती कर रहा है। इनमें 812 पदों पर चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर होगा।

### एमजी की दो ईवी में बैटरी किराये का विकल्प

**नई दिल्ली।** एमजी मोटर ने साइबरस्टर और एम9 ईवी के लिए बैटरी-ऐज-अ-सर्विस योजना शुरू की है। इसके तहत ग्राहक बैटरी किराये के विकल्प के साथ वाहन खरीद सकेंगे। एम9 ईवी की शुरुआती कीमत 69.99 लाख और साइबरस्टर की 72.49 लाख रुपये है। दोनों के लिए बैटरी किराया आठ रुपये प्रति किलोमीटर तय किया गया है। साइबरस्टर में 77 किलोवाट-घंटे की बैटरी और 580 किलोमीटर तक की दावा की गई रेंज है।

### मथुरा के नंदगांव में आज व कल स्कूल बंद

**मथुरा।** राधाष्टमी के अवसर पर नंदगांव विकासखंड क्षेत्र के सभी परिषदीय, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, राजकीय और अशासकीय विद्यालय 18 और 19 सितंबर को बंद रहेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने स्थानीय अवकाश का आदेश जारी किया है।



# मेगा बर्थडे

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर सेवा का संकल्प

## काशी से वडनगर तक गूंजेगा सेवा का संकल्प, 250 बाइकों का काफिला रवाना

**समृद्धि न्यूज, वाराणसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर गुरुवार को काशी से गुजरात के वडनगर तक सेवा और जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की धूम रही। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान समेत 20 से अधिक नेताओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इसके साथ ही दुनिया के कई राष्ट्राध्यक्षों ने मोदी को जन्मदिन की शुभकानाएं भेजी हैं।

काशी विश्वनाथ मंदिर में अविमुक्तेश्वर महादेव का विभिन्न नदियों से लाए गए जल से अभिषेक किया गया। मंदिर की सफाई में जुटी महिलाओं को मुख्यमंत्री योगी और राजनाथ सिंह ने बनारसी साड़ी व प्रसाद भेंट किया। इसके बाद नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया।


**गंगा का दुग्धाभिषेक:** प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर काशी के घाटों पर भी विशेष आयोजन हुए। अहिल्याबाई घाट पर 76 बटुक ब्राह्मणों ने 76 लीटर दूध से मां गंगा का दुग्धाभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच गंगा आरती हुई। नागा साधुओं ने डमरू वादन कर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी। नमामि गंगे की टीम ने मां गंगा को 76 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की।



वाराणसी में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर बाइक संकल्प यात्रा को वडनगर के लिए रवाना करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और चन्द्रबाबू नायडू।

**सेवा संकल्प बाइक यात्रा:** प्रधानमंत्री के कर्मक्षेत्र वाराणसी से उनके जन्मस्थान गुजरात के वडनगर तक सेवा संकल्प बाइक यात्रा शुरू की गई। इसमें 250 बाइकों पर करीब 500 सेवा यात्री शामिल हुए। वडनगर से भी वाराणसी के लिए यात्रा निकाली गई। दोनों यात्राएं 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का हिस्सा हैं। अभियान में अस्पतालों में फल वितरण, रक्तदान शिविर, स्वच्छता और अन्य जनसेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

**वडनगर में महाआरती:** वडनगर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शर्मिष्ठा तालाब पर महाआरती की। उन्होंने वडनगर से वाराणसी जाने वाली बाइक यात्रा को हरी झंडी दिखाई। गुजरात में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर दीप प्रज्वलन, पौधारोपण और अन्य सेवा कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।




लखनऊ में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जलाये संकल्प के दीये।

- राजनाथ-योगी, चंद्रबाबू समेत 20 से अधिक नेताओं का बनारस में जमावड़ा
- काशी विश्वनाथ में पूजा कर की मोदी के दीर्घायु होने की कामना
- सफाईकर्मी महिलाओं को उपहार में दी गई बनारसी साड़ी
- 76 लीटर दूध से हुआ गंगा का अभिषेक

## अभिनंदन!



मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित हुए।
- द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति




मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा।
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री



मोदी का जीवन तपस्या, त्याग और अटूट संकल्प की गाथा है।
-अमित शाह, गृह मंत्री




मोदी का जीवन राष्ट्र प्रथम और लोक कल्याण के प्रति समर्पित है।
-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री



मोदी ने विकास आत्मनिर्भरता और डिजिटल प्रगति को नई गति दी।
-ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष



मोदी की 25 वर्षों की तपस्या ने करोड़ों भारतीयों के जीवन में बदलाव किया।
-नितिन नबीन, भाजपा अध्यक्ष




देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर गर्व है।
-एन. चंद्रबाबू नायडू, मुख्यमंत्री



मोदी को स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं।
-मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस अध्यक्ष




प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं और स्वस्थ जीवन की कामना।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष



मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और स्वास्थ्य-खुशियों की कामना।
- डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति



मोदी को देशवासियों का गहरा सम्मान प्राप्त है। वह असाधारण नेता हैं।
-व्लादिमीर पुतिन, रूसी राष्ट्रपति



मित्र नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं और सफलता की कामना।
-जॉर्जिया मेलोनी, प्रधानमंत्री, इटली



मोदी के नेतृत्व और भारत-इजरायल संबंधों की मजबूती को रेखांकित किया।
-बेंजामिन नेतन्याहू, पीएम, इजरायल

## टीएमसी के नाम और चुनाव चिह्न पर घमासान

- चुनाव आयोग पहुंचा ऋतब्रत गुट
- दोनों पक्षों ने पार्टी और चिह्न पर जताया दावा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर ममता बनर्जी और ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले दो गुटों के बीच विवाद अब चुनाव आयोग तक पहुंच गया है। गुरुवार को ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के सामने अपना पक्ष रखा।

आयोग ने दोनों गुटों को अलग-अलग समय पर सुनवाई के लिए बुलाया है और अंतिम दस्तावेज भी मांगे हैं।

चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद ऋतब्रत ने कहा कि उनके गुट ने अपनी दलीलें रखीं और रेजीनगर तथा नंदीग्राम विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव से जुड़े सवालों के जवाब दिए।



उनके अनुसार, नामांकन की अंतिम तारीख बीत चुकी है और गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच हुई। ऐसे में चुनाव चिह्न आवंटन का मामला फिलहाल अटका हुआ है।

ऋतब्रत ने बताया कि उनके गुट ने फॉर्म ए और बी जमा कर दिए हैं। उनका कहना है कि यही फॉर्म कालीघाट से भी जमा किए गए हैं। ऐसे में अब चुनाव आयोग को इस पर अंतिम फैसला करना है। उन्होंने कहा कि उनका गुट तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधित्व कर रहा है और आयोग के निर्णय पर भरोसा है।

## तमिलनाडु में हिंदी पढ़ाने से नहीं रोक सकते

**शीर्ष अदालत सख्त**

- भाषा नीति पर राज्य सरकार को सोच बदलने की सलाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

तमिलनाडु में हिंदी की पढ़ाई और नवोदय विद्यालयों की स्थापना को लेकर चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार की भाषा नीति पर सवाल उठाए। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि तमिलनाडु सरकार को हिंदी को लेकर अपनी सोच बदलने की जरूरत है। पीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि तमिलनाडु की धरती पर हिंदी नहीं पढ़ाई जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने चेन्नई और दिल्ली को एक-दूसरे से अलग-थलग रखने की सोच पर भी सवाल उठाया। पीठ ने कहा कि चेन्नई में बैठे लोगों को दिल्ली में बैठे लोगों से अलग नहीं होना चाहिए और न ही दिल्ली को चेन्नई से अलग किया जाना चाहिए।



## रिंकू-प्रिया की शादी 4 दिसंबर को, लखनऊ में होंगे फेरे

**समृद्धि न्यूज लखनऊ/अलीगढ़।**

भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज की शादी की तारीख तय होने की खबर सामने आई है। प्रिया सरोज के पिता एवं पूर्व सांसद तूफानी सरोज के अनुसार दोनों 4 दिसंबर को लखनऊ में विवाह के बंधन में बंधेंगे। शादी से पहले 2 दिसंबर को हल्दी की रस्म होगी।



हालांकि, रिंकू सिंह के परिवार की ओर से अभी तारीख को लेकर स्पष्ट आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### चंद्रशेखरन 2032 तक टाटा संस के चेयरमैन रहेंगे



**एजेंसी, नई दिल्ली।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन का कार्यकाल पांच साल के लिए बढ़ाकर 2032 तक कर दिया गया है। टाटा संस के बोर्ड ने गुरुवार को उनके नए कार्यकाल को मंजूरी दी। हालांकि, नियुक्ति को अंतिम रूप देने के लिए वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की मंजूरी जरूरी होगी। टाटा ट्रस्ट्स की टाटा संस में करीब 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## नीतीश ने बुलाई सांसद-विधायकों की बैठक

- 18 सितम्बर को होने वाली बैठक में बड़े फैसले की अटकलें
- पार्टी बोली- यूसीसी पर मसौदा मिलने के बाद तय होगा रुख

**एजेंसी, पटना।**

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर बिहार की सियासत में चल रही अटकलों के बीच जदयू ने स्पष्ट किया है कि 18 सितंबर को पटना में बुलाई गई पार्टी के सांसदों और विधायकों की बैठक किसी बड़े राजनीतिक फैसले के लिए नहीं है।



पार्टी के मुताबिक यह एक दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को विधायी प्रक्रिया की जानकारी देना और उन्हें अपने क्षेत्र के मुद्दे प्रभावी ढंग से उठाने के लिए तैयार करना है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बुधवार को कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसमें पार्टी के सभी सांसद और विधायक, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव तथा स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार शामिल होंगे।

### 13 साल बाद सपा में लौटे रामाश्रय कुशवाहा



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले समाजवादी पार्टी ने भाजपा को झटका देते हुए पूर्व मंत्री प्रोफेसर रामाश्रय सिंह कुशवाहा को फिर अपने पाले में कर लिया है। छह बार मंत्री रह चुके कुशवाहा ने गुरुवार को लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। करीब 13 साल बाद उनकी सपा में वापसी हुई है। वह 2013 में समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

## 2.20 करोड़ का इनामी माओवादी असीम उर्फ आकाश गिरफ्तार

- चार दशक से माओवादी गतिविधियों में था सक्रिय
- झारखंड और ओडिशा में था इनाम घोषित

**एजेंसी, कोलकाता।**

कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने प्रतिबंधित माओवादी संगठन की केंद्रीय समिति के सदस्य असीम मंडल उर्फ आकाश (64) को पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के पटाशपुर से गिरफ्तार किया है।

उस पर झारखंड और ओडिशा सरकार ने कुल 2.20 करोड़ रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। झारखंड में एक करोड़ और ओडिशा में 1.20 करोड़ रुपये का इनाम था। एसटीएफ ने गुरुवार तड़के करीब तीन बजे पटाशपुर में घेराबंदी कर असीम को उसके ससुराल से पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से सांगठनिक दस्तावेज और माओवादी साहित्य बरामद होने की बात सामने आई है। पुलिस की ओर से गिरफ्तारी का विस्तृत आधिकारिक बयान अभी जारी नहीं किया गया है। पश्चिम मेदिनीपुर के चंद्रकोना स्थित फूलचक गांव निवासी असीम मंडल 1980 के दशक से अति-वामपंथी गतिविधियों से जुड़ा था। वह शुरुआत में पीपुल्स वार ग्रुप (पीडब्ल्यूजी) में शामिल हुआ और बाद में सीपीआई (माओवादी) में महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारियां संभालीं।

**उड़ान**

### प्रदेश के गांव की महिलाओं के उत्पादों को मिला बड़ा बाजार

## अब गांव की दीदियों के उत्पाद पहुंचेंगे देश-दुनिया के बाजार में

- 3000 से ज्यादा उत्पाद ऑनलाइन बिकेंगे
- 543 प्रेरणा सरस स्टोर भी तैयार
- अमेजन, फ्लिपकार्ट से जुड़ेंगे समूह

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

गांवों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के हाथों तैयार होने वाले उत्पाद अब केवल स्थानीय हाट-बाजार तक सीमित नहीं रहेंगे। प्रदेश सरकार ने इन उत्पादों को बड़े डिजिटल बाजार से जोड़ने की तैयारी तेज कर दी है। स्वयं सहायता समूहों के 3000 से अधिक उत्पाद अब अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो, ई-सरस, प्रेरणा मार्ट और ओएनडीसी जैसे मंचों पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इससे ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को प्रदेश के बाहर देश और विदेशी ग्राहकों तक पहुंचाने का रास्ता खुलेगा।





महिलाओं के उत्पादों को स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 543 प्रेरणा सरस स्टोर भी बनाए गए हैं। जिला और विकासखंड स्तर पर विकसित इन स्टोरों में समूहों के स्थानीय उत्पादों को बिक्री के लिए स्थान दिया जा रहा है। इसके साथ ही डिजिटल मंचों पर उत्पादों की उपलब्धता से बाजार का दायरा कई गुना बढ़ाने की तैयारी है।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का जोर अब स्वयं सहायता समूहों को केवल बचत और ऋण की गतिविधियों तक सीमित रखने के बजाय महिलाओं को कारोबारी रूप से सक्षम बनाने पर है। इसके लिए उत्पादन के साथ पैकेजिंग, ब्रांडिंग, विपणन और बिक्री की पूरी श्रृंखला विकसित की जा रही है।

मिशन निदेशक अरुण कुमार के अनुसार, उत्पाद तैयार करने के बाद उसके लिए बाजार मिलना महिला उद्यमियों की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है। बाजार उपलब्ध होने से महिलाएं अपने उत्पाद की मांग समझकर उत्पादन और बिक्री की बेहतर योजना बना सकेंगी। इससे समूहों की गतिविधियां छोटे कारोबार में बदलने का अवसर पाएंगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार महिलाओं से संबंधित छोटे उद्योगों पर फोकर कर रही इस क्रम में गांव में भी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### डिजिटल बाजार से बढ़ेगी पहुंच

बिजनौर के स्टेट एग्रीगेशन सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन विपणन की शुरुआत पहले ही की जा चुकी है। अलग-अलग समूहों के उत्पादों को एक मंच पर लाने से ग्राहकों को स्थानीय उत्पाद आसानी से मिल सकेंगे और महिलाओं को भी बिचौलियों पर निर्भरता कम करने का अवसर मिलेगा। सरकार की व्यवस्था में गुणवत्ता वाले समूह उत्पादों को ई-कॉमर्स मंचों पर जोड़ने के साथ संस्थागत खरीद को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इस पहल से स्थानीय पहचान वाले उत्पादों को बड़ा बाजार मिलने की उम्मीद है। गांव में तैयार सामान अब प्रेरणा सरस स्टोर से लेकर मोबाइल की स्क्रीन तक पहुंचेगा। यानी उत्पादन गांव में, ग्राहक देश-दुनिया में—महिला स्वयं सहायता समूहों के कारोबार को इसी दिशा में आगे बढ़ाने की तैयारी है।

# सूर्य घर योजना के प्रचार वाहन को प्रभारी मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

- गांव-गांव पहुंचेगी सौर ऊर्जा की जानकारी

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल के अवसर पर संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार वाहन को प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन के जरिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को रूफटॉप सोलर के फायदे और योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय, कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य विकास अधिकारी वैभव मिश्रा समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। प्रचार वाहन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। इस दौरान लोगों को घरों की छत पर सोलर पैनल लगवाकर बिजली खर्च कम करने, अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजने तथा नियमानुसार उससे आय अर्जित करने की संभावनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने जनपदवासियों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने का संदेश दिया। अधिकारियों के मुताबिक योजना के तहत रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित कराने पर केंद्र सरकार की ओर से अधिकतम 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है। एक किलोवाट सिस्टम पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार तथा तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सिस्टम पर अधिकतम 78 हजार रुपये तक सब्सिडी मिल सकती है। पात्र परिवारों को प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ मिलने का प्रावधान बताया गया है। योजना के तहत सोलर पैनल से बनने वाली अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर निर्धारित व्यवस्था के अनुसार आय अर्जित करने की सुविधा भी है। सोलर सिस्टम लगवाने के लिए आसान बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी भी दी गई। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक के पास सोलर पैनल लगाने के लिए पर्याप्त छत और वैध ग्रिड-कनेक्टेड विद्युत कनेक्शन होना जरूरी है। साथ ही आवेदक ने पहले किसी अन्य सोलर पैनल सब्सिडी का लाभ न लिया हो। आवेदन के लिए पीएम सूर्य घर पोर्टल पर राज्य, विद्युत वितरण कंपनी (DISCOM), उपभोक्ता संख्या और मोबाइल नंबर के जरिए पंजीकरण किया जा सकता है। आवेदन स्वीकृत होने के बाद पंजीकृत वेंडर के माध्यम से रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित कराया जा सकेगा।

# एनटीपीसी टांडा में श्रद्धा के साथ मनाई गई विश्वकर्मा जयंती





**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

- विशाल भंडारे में उमड़ा जनसमूह

एनटीपीसी टांडा परियोजना परिसर में गुरुवार को विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। फायर स्टेशन, स्टेज-। परिसर में विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों और संविदा श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख राजीव कुमार सिन्हा के साथ सभी महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा श्रमिक मौजूद रहे। पूजा-अर्चना के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख राजीव कुमार सिन्हा ने सभी को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कार्यस्थल पर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा कार्यों में गुणवत्ता और उत्कृष्टता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम ने एनटीपीसी टांडा परिसर में धार्मिक आस्था के साथ-साथ आपसी सौहार्द और टीम भावना को भी मजबूत किया। पूजा एवं भंडारे में बड़ी संख्या में परियोजना से जुड़े लोगों की सहभागिता रही।

## खबरें एक नजर में

### जायसवाल समाज बलरामपुर की जिला कार्यकारिणी का गठन



**बलरामपुर।** भगवतीगंज चौराहे पर व्यवसायी बद्री प्रसाद जायसवाल के आवास पर जायसवाल समाज बलरामपुर की आम सभा में नवीन जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन हुआ। जिला अध्यक्ष के रूप में बद्री प्रसाद जायसवाल, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनीष कुमार जायसवाल एवं रविन्द्र जायसवाल, जिला महामंत्री रामकुमार जायसवाल तथा जिला कोषाध्यक्ष प्रेमेश कुमार जायसवाल का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए जायसवाल समाज के समग्र उत्थान तथा विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में इन्दुभूषण जायसवाल एडवोकेट, रमतीश जायसवाल, जिला संयोजक, बद्री प्रसाद जायसवाल, रविन्द्र जायसवाल, रमकुमार जायसवाल, श्रीराम जायसवाल, सुनील जायसवाल, प्रेमेश जायसवाल, आनंद किशोर जायसवाल, अंशु जायसवाल, नवनीत जायसवाल सहित तमाम जायसवाल समाज के स्वजन बंधु उपस्थित रहे।

### भैंसा बुड़ना गांव में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज क्षेत्र के भैंसा बुड़ना गांव में वन विभाग के लगाए पिंजड़े में एक तेंदुआ फंस गया। तेंदुए की लगातार मौजूदगी से परेशान ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिली। बुधवार सुबह करीब छह बजे तेंदुए के पिंजड़े में फंसने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित बाहर निकालकर रेंज कार्यालय ले गई। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले भैंसा बुड़ना गांव में तेंदुआ देखा गया था। इसके बाद तेंदुए ने गांव के एक पालतू मवेशी को अपना शिकार बना लिया था। तेंदुए की लगातार मौजूदगी और मवेशी के शिकार की घटना से ग्रामीणों में डर फैल गया था। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाने की मांग की थी। ग्रामीणों के अनुसार, करीब एक महीने पहले भी इसी इलाके में तेंदुए ने एक महिला पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। तब भी वन विभाग ने पिंजड़ा लगाकर एक तेंदुआ पकड़ा था। हालांकि, उसके पकड़े जाने के बाद भी इलाके में दोबारा तेंदुए देखे जाने लगे, जिससे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई थी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवकुमार निषाद के साथ ग्रामीण लल्लन साहनी, जय प्रकाश, जसवंत, वकील, डब्लू और देवेंद्र समेत कई ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में पिंजड़ा लगाने की मांग की थी। ग्रामीणों की शिकायत और तेंदुए की गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग ने गांव में पिंजड़ा लगाया था। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर फैलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर टीबी उन्मूलन का संकल्प

**बहराइच।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला टीबी क्लिनिक पर सेवा पखवाड़े के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर 'टीबी मुक्त भारत अभियान' को गति देते हुए 10 क्षय रोगियों को गोद लिया गया, साथ ही केंद्र पर मौजूद मरीजों को पोषण किट और ताजे फल वितरित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने किया। उन्होंने स्वयं मरीजों को फल व पोषण सामग्री वितरित करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर डॉ. एम.एल. वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री के 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। इसी क्रम में आज 10 मरीजों को उपचार अवधि तक पोषण और भावनात्मक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से निक्षय मित्र योजना के तहत गोद लिया गया है।

### डंपर की टक्कर से जीजा-साले की मौत

**बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार जीजा-साले को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई। सिधिया नसीरपुर गांव के पास हुए इस हादसे में साले मनीष (26) की मौके पर ही जान चली गई,वहीं, गंभीर रूप से घायल जीजा प्रदीप ने लखनऊ ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद डंपर चालक अपने वाहन के साथ मौके से भाग गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।मनीष सिधिया गांव के रहने वाले थे। उनके भतीजे की तबीयत खराब थी, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार दोपहर करीब दो बजे मनीष अपने जीजा प्रदीप के साथ बाइक से परिजनों के लिए खाना लेकर जिला अस्पताल जा रहे थे। प्रदीप राजापुर के निवासी थे।महसी मार्ग पर सिधिया गांव के पास उनकी बाइक सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मनीष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि प्रदीप बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया।

# सम्मानजनक वेतन व सेवा सुरक्षा की मांग

- स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन
- विनियमितीकरण की मांग उठाई

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



अनुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने सम्मानजनक वेतन, सेवा सुरक्षा और विनियमितीकरण की मांग को लेकर बुधवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि वर्षों से सेवाएं देने के बावजूद उन्हें न तो उचित मानदेय मिल रहा है और न ही सेवा की स्थिरता सुनिश्चित हो सकी है। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के 331 अनुदानित महाविद्यालयों में करीब तीन हजार शिक्षक पिछले 25 वर्षों से दोहरी व्यवस्था के तहत कार्य कर रहे हैं। सेवा की अनिश्चितता के बीच शिक्षक पिछले नौ वर्षों से विनियमितीकरण अथवा सम्मान जनक मानदेय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि केवल बिना नकद चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने से उनकी सेवा संबंधी मूल समस्याओं का समाधान नहीं होगा। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि उन्हें जीविकोपार्जन के लिए सम्मानजनक वेतन और सेवा सुरक्षा उपलब्ध कराने के साथ उनकी सेवाओं के विनियमितीकरण के लिए स्पष्ट व्यवस्था की जाए। संघ के वरिष्ठ सदस्य डॉ. केपी मिश्र ने कहा कि शिक्षक लंबे समय से महाविद्यालयों में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं, लेकिन सेवा की स्थिरता और उचित मानदेय का इंतजार अब भी जारी है।

# डूबने से तीन लोगों की मौत, पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट।**



तहसील क्षेत्र में कल्याणी नदी, तालाब और गोमती नदी में डूबने से जान गंवाने वाले तीन लोगों के परिवारों को शासन की ओर से दैवीय आपदा मुख्यमंत्री अहैतुक आर्थिक सहायता दी गई। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मृतकों के वारिसों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की और शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। ग्राम टिकुरी निवासी सुशील कुमार (पुत्र रामचंद्र) की कल्याणी नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। उनके वारिस कमला देवी को शासन की ओर से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। इसी तरह ग्राम सिकरी जीविल निवासी रीता देवी (पत्नी सुरेंद्र कुमार) की तालाब में डूबने से मौत हुई थी। उनके वारिस सुरेंद्र कुमार को चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। वहीं ग्राम पूरे छत्रधारी निवासी रामनाथ (पुत्र संतराम) की गोमती नदी में डूबने से मृत्यु हुई थी। उनकी वारिस गरीबा को भी चार लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। तीनों परिवारों को कुल 12 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की गई। इस मौके पर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

# साधु पासवान को मिली जमानत

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** मुख्यमंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किए जाने के मामले में गिरफ्तार पूर्व विधायक जगराम पासवान के भाई साधु पासवान को न्यायालय से जमानत मिल गई। उनकी गिरफ्तारी के बाद समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए हंगामा किया तथा मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की।

मामला थाना कोतवाली देहात क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, फेसबुक पर 'साधु पासवान' नाम से संचालित अकाउंट से मुख्यमंत्री के संबंध में आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किए जाने की शिकायत सामने आई थी।

इसके बाद कोतवाली देहात पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर साधु पासवान को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी की जानकारी मिलने के बाद उनके समर्थक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हुए और कार्रवाई का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात कर मामले में अपनी बात रखी।

इसके बाद प्रकरण में न्यायालय की प्रक्रिया के तहत सुनवाई हुई।

जिसमें साधु पासवान को जमानत मिल गई।

पुलिस का कहना है कि मुकदमे में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती



**समृद्धि न्यूज, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।**

तहसील क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा जयंती का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सृजन और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर विद्युत उपकेंद्रों से लेकर लोहे के कारखानों तक पूजा-अर्चना की गई सिरौलीगौसपुर के न्यू और ओल्ड दोनों विद्युत उपकेंद्रों पर भव्य आयोजन हुए। अवर अभियंता राज मौर्य और प्रभारी अवर अभियंता सत्यवान कुमार ने इसकी अगुवाई की। कर्मचारियों ने पावर हाउस को रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सजाया।सुबह मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-हवन किया गया। ट्रांसफार्मर सहित सभी मशीनों और औजारों की पूजा की गई। पूजा के बाद कर्मचारियों और उपभोक्ताओं में प्रसाद बांटा गया। सभी ने बिना रुकावट बिजली सप्लाई और सुरक्षा की कामना की।इस मौके पर टीजी-2 अतुल सिंह, मिथलेश कुमार, पप्पू, प्रदीप, पिंटू, विजय, रोहित, प्रमोद, राजेंद्र, रिंकू, सुशील, मोहित, शानू, मनीष, मनोज, लालजी, मंशाराम सहित विद्युत विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।दूसरी तरफ, अमन आरा मशीन पर भी कार्यक्रम हुआ। बदोसराय कस्बे सहित पूरे इलाके में लोहे का काम करने वाले कारखानों, आरा मशीनों और जुगाड़ी के प्रतिष्ठान पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई।

# जनगणना की तैयारियां तेज, अधिकारियों को प्रशिक्षण

- एक दिसंबर से शुरू होगा घर-घर गणना का कार्य
- करीब 5100 प्रगणना खंडों में जुटाई जाएगी जानकारी

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



जनगणना 2027 के दूसरे चरण में होने वाली जनसंख्या गणना की तैयारियां जिले में तेज हो गई हैं। गणना कार्य को समयबद्ध और त्रुटिरहित ढंग से पूरा कराने के लिए जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला व तहसील स्तर के अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में अधिकारियों को जनगणना की कार्ययोजना, जिम्मेदारियों, गणना खंडों के निर्धारण, मोबाइल आधारित आंकड़ा संकलन, स्व-गणना की प्रक्रिया और निर्धारित समय-सारणी की जानकारी दी गई। बताया गया कि उत्तर प्रदेश में जनसंख्या गणना का घर-घर सर्वेक्षण एक दिसंबर 2026 से जनवरी 2027 तक कराया जाना प्रस्तावित है।

बलरामपुर जिले में दूसरे चरण के लिए करीब 5100 गणना खंड बनाए जाएंगे। इन खंडों में गणनाकर्मी घर-घर पहुंचकर परिवार से संबंधित आवश्यक जानकारियां मोबाइल के माध्यम से दर्ज करेंगे। इस बार जनगणना को डिजिटल माध्यम से कराने की व्यवस्था की गई है, जिससे आंकड़ों का संकलन और निगरानी अधिक व्यवस्थित तरीके से हो सकेगी।

30 दिसंबर तक स्व-गणना की सुविधा

जनगणना में नागरिकों को स्वयं अपनी और परिवार की जानकारी दर्ज करने का विकल्प भी मिलेगा। 16 से 30 दिसंबर 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके तहत नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक विवरण स्वयं दर्ज कर सकेंगे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुराने पासपोर्ट में नाम शफी अहमद अंकित है। जबकि आधार कार्ड, पेन कार्ड समेत अन्य अभिलेख में नाम शफी अहमद खां दर्ज है। पासपोर्ट में भी अभिलेख में दर्ज नाम को अंकित किया जाए। भविष्य में मुझे शफी अहमद खां के नाम से जाना और पहचाना जाए।

**निवासी मझौली समोखन, थाना मटेरा, जनपद बहराइच, यूपी।**

## अदालती सूचना

इश्तिहारनामा बनाम रेस्पाडेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाय (आर्डर 41 कायदा 14)

बाराबंकी न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज महोदय कोर्ट नं0 36, जिला बाराबंकी

अपील सं0- 35/2025

ता0पे0- 07.10.2026

रामलखन आदि बनाम कथित गेंदलाल आदि

4/2. प्रदीप कुमार

4/3. विनय कुमार

4/4. मुकेश कुमार पुत्रगण स्व0 लाल बहादुर

5. दयाराम पुत्र फकीरे समस्त निवासीगण ग्राम सहेलिया, परगना सतरिख, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी। अपील विरुद्ध आदेश/डिग्री न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0 डि0) महोदय कोर्ट नं0 13, जिला बाराबंकी मुतालिका दिनांक 26.05.2025 बमुकदमा नं0 685/2003 ई0 रामलखन आदि बनाम कथित गेंदलाल आदि रेस्पाडेन्ट मुत्तिला हो कि अपील विरुद्ध आदेश/डिग्री दिनांक 26.05.2025 मुकदमा मुन्दरजा वाला ने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ अदालत में तारीख 07 महीना 10 सन् 2026 ई0 वाले समाअत अपील के मुकर्रर की है। अगर खुद आप या आपका वकील या कोई और शख्स जो कानूनन् आपकी तरफ से अपील हाजा, से जवाब व सवाल करने का मजाल हो, हाजिर न आवेगा, तो उसकी समाअत और तजकीज आपकी गैर हाजी की जायेगी।

आज तारीख 16 मास 09 सन 2026 ई0 को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से जारी किया गया।

**अपर जिला जज महोदय, कोर्ट नं0 36 बाराबंकी।**

# दांदव में विशेष स्वास्थ्य सत्र का डीएम ने किया निरीक्षण

- गर्भवती महिलाओं की निगरानी पर जोर
- लंबित अल्ट्रासाउंड कराने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से परियोजना संवर्धन के तहत बुधवार को ग्राम दांदव, विकासखंड तुलसीपुर में आयोजित विशेष ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र का जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के चिन्हीकरण तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान एएनएम ने बताया कि विशेष स्वास्थ्य सत्र में नौ बच्चों और पांच महिलाओं का टीकाकरण किया गया है। जिलाधिकारी ने एएनएम और आशा कार्यकर्ती के अभिलेखों की जांच करते हुए उन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां गांव में ऐसे सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर सत्र तक लाएं, जिनका टीकाकरण या स्वास्थ्य जांच निर्धारित है। उन्होंने ई-कवच पोर्टल और टीकाकरण की देय सूची को नियमित रूप से अद्यतन करने तथा छूटे हुए लाभार्थियों का आगामी सत्र में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# डॉ. ओ.पी. वर्मा 'ओम' को राजस्थान में मिली 'काव्य शिरोमणि' की मानद उपाधि

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



जनपद की साहित्यिक प्रतिभा को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्राप्त हुआ है। जिले के वरिष्ठ साहित्यकार एवं ओज के प्रख्यात कवि डॉ. ओ.पी. वर्मा 'ओम' को राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था साहित्य मंडल, राजस्थान द्वारा उनकी दीर्घकालीन साहित्यिक सेवाओं के लिए 'काव्य शिरोमणि' की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।

साहित्य मंडल, राजस्थान द्वारा डॉ. वर्मा को यह प्रतिष्ठित मानद उपाधि उनके सुदीर्घ साहित्यिक योगदान, राष्ट्रवादी चेतना से ओत-प्रोत रचनाओं के माध्यम से निरंतर जनजागरण, साहित्य साधना तथा प्रकाशित काव्य कृतियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रदान की गई है। डॉ. ओ.पी. वर्मा 'ओम' की अब तक लगभग आधा दर्जन काव्य कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं, जबकि उनकी लगभग एक दर्जन अन्य कृतियां शीघ्र प्रकाशन की ओर अग्रसर हैं।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र देवेश त्रिपाठी व उसकी पत्नी मंजू त्रिपाठी मेरे व मेरे पति के कहने सुनने में नही है वह दोनो आये दिन हम दोनो को तंग तराश तथा क्रूरतम व्यवहार करते है हम दोनो अपने पुत्र व पुत्रवधु उपरोक्त को उसके व्यवहार से आजिज आकर अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं उन दोनों के किसी कार्य की जिम्मेदारी व पाबंदी हम लोगो की नही होगी।

**प्रार्थीगण**

1. उर्मिला त्रिपाठी, पत्नी पाटनदीन त्रिपाठी 2. पाटनदीन त्रिपाठी पुत्र स्व. छांगुर प्रसाद निवासीगण- पहलवारा निकट-यू.पी.टी. होटल बलरामपुर।

# पीएम के जन्मदिन के अवसर पर सीएचसी में मरीजों को बांटे फल

**समृद्धि न्यूज, जैदपुर बाराबंकी।**



जैदपुर मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने सेवा कार्यक्रम आयोजित किया।इस दौरान जैदपुर सीएचसी पहुंचकर मरीजो और तीमारदारो को फल व मिठाई वितरित की गई।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना भी की गई।जैदपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएचसी परिसर मे मरीजो और उनके तीमारदारो को फल व मिठाई वितरित की।इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी ने कहाकि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मरीजों की सेवा के उद्देश्य से फल वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शाम को मंदिरों में साफ-सफाई अभियान चलाने के साथ दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।वहीं विधानसभा टिकट के दावेदार राजन बक्सोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।उन्होंने कहाकि जन्मदिन के अवसर पर शाम को मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम किया जाएगा।

# विश्वकर्मा पूजा समारोहों में पहुंचकर गोप ने की पूजा अर्चना

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



संपूर्ण सृष्टि पर जीवन के संचालन के लिए जो भी चीजें सृजनात्मक हैं, वह सब भगवान विश्वकर्मा की देन है इसीलिए भगवान विश्वकर्मा को सृजन का देवता माना गया है।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विधानसभा दरियाबाद के भिटरिया चौराहे पर रवि धर्म कांटे एवं न्यू मां वैष्णो इंटरप्राइजेज पर आयोजित विश्वकर्मा पूजा समारोह एवं हवन पूजन में उपस्थित होकर देव शिल्पी विश्वकर्मा भगवान का विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद प्राप्त कर पूजा समारोह में उपस्थित क्षेत्र वासियों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई प्रेषित करते हुए व्यक्त किये।

पूर्व मंत्री ने कहा हिंदू धर्म में मान्यता है की प्राचीन काल में जितनी भी राजधानियां थी सभी का निर्माण भगवान विश्वकर्मा जी के द्वारा ही हुआ था यहां तक की सतयुग का स्वर्ग लोक त्रेता युग की लंका द्वापर की द्वारिका और कलयुग का हस्तिनापुर श्री भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही रचित माना गया है इसलिए अगर भगवान विश्वकर्मा जी को दुनिया का पहला शिल्पकार, वास्तुकार या इंजीनियर कहें तो गलत नहीं होगा। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में देव शिल्पी जगतकर्ता भगवान विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी मे जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद एवं रिंकू विश्वकर्मा ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी के कल्याण की कामना की। हवन पूजन एवं विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, हुमायूं नईम खान, पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह, सुरेश चंद्र गौतम, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, रिंकू विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव आदि प्रमुख लोगो ने भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सृष्टि करता भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद लिया।

# गंगासागर नमो नमः का लोकार्पण

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित हुआ कार्यक्रम
- छात्राओं को राज्यपाल सीएम योगी व उप मुख्यमंत्री ने दिए उपहार



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनभवन परिसर में आयोजित गंगासागर नमो नमः लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मलित हुए। इससे पूर्व जनभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, सीएम योगी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने छात्राओं को उपहार देकर शिक्षा से लगाव के लिए प्रेरित किया।

गंगासागर नमो नमः लोकार्पण के अवसर पर पूजन भी किया गया। वहीं उपस्थित सभी गणमान्य आरती में भी शामिल हुए। जनभवन में छात्राओं ने भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी प्रस्तुत किया।

वहीं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को जन भवन में 09 से 14 वर्ष आयु वर्ग की 100 बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल (अपर मुख्य सचिव स्तर) डॉ. सुधीर महादेव बोबडे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। लखनऊ स्थित विभिन्न विद्यालयों से आई बालिकाओं ने इस टीकाकरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर डॉ. बोबडे ने बालिकाओं से संवाद कर उनका कुशल-क्षेम पूछा तथा एचपीवी टीकाकरण की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में भविष्य के लिए महत्वपूर्ण पूर्व सुरक्षा है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल की प्रेरणा से इस दिशा में पहल की गई और आज यह अभियान देशभर में संचालित हो रहा है। उन्होंने बालिकाओं को टीके से संबंधित जानकारी दी तथा कहा कि लंबे समय के शोध एवं अनुसंधान के बाद विकसित यह टीका उन्हें सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ब्रजेश ने सिविल अस्पताल में किया फल वितरण



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर 'सेवा संकल्प अभियान' अंतर्गत सिविल अस्पताल लखनऊ, में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल में फल वितरण भी किया।

उन्होंने मरीजों के तीमारदारों से आत्मीय भेंटकर हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। ब्रजेश पाठक ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्त की एक बूंद किसी जरूरतमंद के जीवन में नई उम्मीद जगा सकती है। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर किया गया यह सेवाकार्य 'सेवा ही संकल्प, स्वस्थ प्रदेश ही हमारा लक्ष्य' की भावना को साकार करता है। उन्होंने कहा जनसेवा ही सबसे बड़ा संकल्प है और मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है।

### एप्पल के एरिया मैनेजर विवेक तिवारी हत्याकांड

# आरोपी सिपाही दोषी करार, दूसरा बरी

- जिला अदालत ने दिया आठ साल बाद फैसला
- एप्पल के एरिया मैनेजर थे विवेक तिवारी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

बहुचर्चित एप्पल के एरिया मैनेजर विवेक तिवारी हत्याकांड में जिला अदालत ने करीब आठ साल बाद फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोपी सिपाही प्रशांत चौधरी को दोषी करार दिया, जबकि दूसरे आरोपी सिपाही संदीप कुमार को बरी कर दिया।

अदालत ने प्रशांत के खिलाफ धारा 302 के आरोप को हटाते हुए धारा 304 के तहत दोषी माना है। अब अदालत इसी धारा में प्रशांत की सजा तय करेगी।

वहीं इस फैसले को विवेक के परिवार ने ऊपरी अदालत में चैलेंज करने की बात कही है। घटना 29 सितंबर 2018 की देर रात गोमतीनगर विस्तार इलाके में हुई थी।

एप्पल कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर विवेक तिवारी अपनी सहकर्मी सना खान के साथ कार से लौट रहे थे। मकदूमपुर पुलिस चौकी के पास सिपाही प्रशांत चौधरी और संदीप कुमार ने उनकी कार को रोकने का प्रयास किया था।

पुलिस के अनुसार, कार नहीं रुकी और टक्कर की स्थिति बनने पर प्रशांत ने गोली चला दी। गोली विवेक को लगी और अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद दोनों सिपाहियों को गिरफ्तार कर निलंबित कर दिया गया था। मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई थी। जांच पूरी होने के बाद एसआईटी ने अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। इसके बाद जिला अदालत में मामले की सुनवाई शुरू हुई।



### 6 अगस्त को पूरी हुई थी बहस

मुकदमे के दौरान अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से गवाहों के बयान दर्ज कराए गए और विभिन्न साक्ष्य अदालत के सामने रखे गए। न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद मामले में अंतिम बहस भी हुई। छह अगस्त को अंतिम बहस पूरी हुई थी। इसके बाद अदालत ने फैसला सुनाते हुए प्रशांत चौधरी को धारा 304 के तहत दोषी माना और संदीप कुमार को सभी आरोपों से बरी कर दिया। अब प्रशांत की सजा पर अदालत में सुनवाई होगी।

## खबरें एक नजर में

### जनेश्वर पार्क की घटना लव जिहाद : अपर्णा यादव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जनेश्वर पार्क के पास से वायरल हुए एक वीडियो ने पहले हड़कंप मचाया और अब नया मोड़ आ गया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवती कार के सामने खड़ी होकर उसे रोकने की कोशिश करती है। कार नहीं रुकती और युवती को बोनट पर टांग कर करीब सौ मीटर चलती रहती है। फिर एक झटके में युवती गिर जाती है और कार लेकर युवक फरार हो जाता है। वीडियो वायरल होने और पुलिस फास्ट हुई तो युवती हिंदू और कार चलाने वाला युवक मुस्लिम निकला। पहले मामला हिट एंड रन माना गया लेकिन अब यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने इसे लव जेहाद बताया है। हालांकि पुलिस को दी गई तहरीर में युवती ने लव जिहाद जैसा आरोप नहीं लगाया है। महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने दावा किया कि मामला हिट एंड रन का नहीं लव जिहाद का है। उन्होंने अपनी टीम को भी घटना की तह तक जांच करने के लिए लगाया है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से बात की। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया कि आरोपी मुस्लिम है उसका नाम शहनवाज है। उसने हिंदू नाम यश ठाकुर बताकर युवती को प्रेम जाल में फंसाया था। अगर इस तरह के अराजकतत्व लड़कियों को गुमराह करने में लगे हैं तो सरकार और शासन उनका अच्छे से इलाज करेगी।

### 191 पदों पर जल्द होगी भर्ती

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पहले ही एक कार्यक्रम में 19 सितंबर से एक लाख नई नौकरी देने का ऐलान किया था। इसी क्रम में नागरिक सुरक्षा विभाग में छह अलग-अलग पदों पर कुल 191 रिक्तियों पर भर्ती की शुरू कर दी गयी है। इसमें सबसे अधिक सहायक उप नियंत्रक (सा.वे.) के 104 पद शामिल हैं। इसके अलावा भंडार अधीक्षक-द्वितीय, स्टोरमैन, आशुलिपिक, कनिष्ठ सहायक और डिस्पैच राइडर के पद भी शामिल हैं। योगी सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े नौ लाख से अधिक सरकारी नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए हैं। वहीं प्रदेश के युवाओं को अगले छह माह में एक लाख नई नौकरी उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विभागों को निर्देश दिये हैं। इसमें सबसे अधिक 77 हजार भर्तियां अकेले यूपी पुलिस और होमगार्ड विभाग में की जाएंगी। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर नागरिक सुरक्षा विभाग में 191 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग में अलग-अलग जिम्मेदारियों वाले पदों पर नियुक्तियां होने से विभागीय कामकाज को भी मानव संसाधन का सहयोग मिलेगा। विभाग में सहायक उप नियंत्रक के 104, भंडार अधीक्षक-द्वितीय के 06, स्टोरमैन के 33, आशुलिपिक के 09, कनिष्ठ सहायक के 25 और डिस्पैच राइडर के 14 खाली पदों पर भर्ती की जाएगी।

### सरयू किनारे आकार ले रहा सांस्कृतिक केंद्र

**लखनऊ।** दीपोत्सव में जब लाखों दीपों से अयोध्या जगमगाएगी, उसी दौरान सरयू किनारे एक नया पर्यटन आकर्षण भी पर्यटकों का स्वागत करने को तैयार होगा। राजघाट के पास 22.72 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रहे इस टूरिज्म हब में एम्फीथिएटर, फूड प्लाजा, कैफे और हनुमान चालीसा की म्यूरल वॉल खास आकर्षण होंगी। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास योजना के तहत चल रहे इस प्रोजेक्ट का करीब 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है और अक्टूबर 2026 के अंत तक इसे पूरा करने का लक्ष्य है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस पर जानकारी देते हुए बताया कि, दीपोत्सव के दौरान अयोध्या में पर्यटकों की बढ़ती संख्या शहर के स्पिरिचुअल और कल्चरल टूरिज्म के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। पिछले वर्ष अक्टूबर-नवंबर में हुए दीपोत्सव के दौरान करीब 2.85 करोड़ घरेलू और विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे थे। इस वर्ष यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राजघाट के पास तैयार हो रहा एम्फीथिएटर और फूड कोर्ट पर्यटकों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्थानीय खानपान और सरयू के खूबसूरत वातावरण का एक साथ अनुभव कराएगा। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि,卐यह सुविधा दीपोत्सव के साथ पूरे साल पर्यटकों के लिए उपयोगी होगी। प्रोजेक्ट में करीब 150 से 200 लोगों की क्षमता वाला एम्फीथिएटर बनाया जा रहा है, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे एवं इसके साथ ही हनुमान चालीसा की पूरी चौपाइयों को दर्शाती म्यूरल वॉल का निर्माण किया जा रहा है।

# लव जिहाद' के आरोपी शहनवाज की उच्चस्तरीय जांच की मांग

- लव जिहाद के इस पूरे नेटवर्क की हो जांच : गोपाल राय

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



राजधानी में हिन्दू युवती को कार से टक्कर मारने, बोनट पर घसीटने और फिर कार से कुचलने की घटना के बाद विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने मामले को गंभीरता से उठाया तथा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल राय के नेतृत्व में संगठन की ओर से डी.सी.पी. पूर्वी को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को जनेश्वर मिश्र गेट नंबर वन पर विवाद के बाद एक हिन्दू लड़की को मुस्लिम युवक ने टक्कर मारी, कुछ दूरी तक बोनट पर घसीटा और बाद में कार से कुचल दिया। आरोपी शहनवाज भाग निकला।

युवती से दोस्ती करने के दौरान आरोपी ने अपनी वास्तविक पहचान छिपाई और स्वयं को हिंदू बताकर युवती से संपर्क स्थापित किया। इन्हीं आरोपों के मद्देनजर संगठन ने 'लव जिहाद' के सभी पहलू की जांच की मांग उठाई है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल राय का कहना है कि ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से यह मांग की गई है कि मामले की जांच केवल घटना तक सीमित न रहे, बल्कि पहचान छिपाकर हिंदू युवतियों को संबंधों में फंसाने के आरोपों के पीछे केवल आरोपी के साथ किसी संगठित नेटवर्क या अन्य लोगों की भूमिका है या नहीं, इसकी भी जांच की जाए। कहना है कि यदि जांच में किसी संगठित गतिविधि अथवा आपराधिक साजिश के प्रमाण सामने आते हैं तो दोषियों लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# मानसून सत्र के बाद खनन पट्टों का संचालन हो सुनिश्चित : माला श्रीवास्तव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उत्तर प्रदेश माला श्रीवास्तव ने बुधवार को विभाग के जनपदीय एवं क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने मानसून सत्र के उपरांत खनन गतिविधियों के सुचारु एवं नियमानुसार संचालन तथा विभागीय कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

माला श्रीवास्तव ने निर्देशित किया कि मानसून सत्र की समाप्ति के उपरांत माह अक्टूबर से नियमानुसार खनन पट्टों का संचालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि पट्टा विलेख, नए क्षेत्रों की विज्ञप्ति तथा खनन पट्टों के संचालन से संबंधित अन्य सभी आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाए, जिससे खनन कार्यों के संचालन में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने बालू, मोरम आदि उपखनिजों के पट्टों की किश्त जमा किए जाने की निर्धारित तिथि का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि संबंधित पट्टों की किश्त प्रत्येक माह की 21 तारीख तक जमा किया जाना निर्धारित है। निर्धारित तिथि के उपरांत किश्त जमा किए जाने पर नियमानुसार ब्याज देय होगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पट्टाधारकों को निर्धारित समय-सीमा एवं नियमों के संबंध में स्पष्ट रूप से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सचिव एवं निदेशक ने टीवीएस (व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम) प्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंने जनपदीय एवं क्षेत्रीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि टीवीएस प्रणाली के अनुसार उपखनिजों की लोडिंग केवल जियो-रेफरेंस्ड क्षेत्र से ही सुनिश्चित कराई जाए।

उन्होंने कहा कि खनन एवं परिवहन संबंधी गतिविधियों में निर्धारित नियमों एवं तकनीकी व्यवस्था का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने अधिकारियों को विभागीय कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए शासन एवं विभागीय निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# चहुंओर श्रद्धा व आस्था के साथ मनाई विश्वकर्मा जयंती

- शहर के विभिन्न स्थानों से श्रद्धापूर्वक मनाई गई जयंती
- डॉक्टर व पैरामेडिकल कर्मियों ने प्रसाद ग्रहण कर लिया आशीर्वाद

**समृद्धि न्यजू, लखनऊ।**



राजधानी में आज चारों तरफ विश्वकर्मा जयंती की धूम रही। कल कारखानों में कार्य करने वाले वर्कों ने विश्वकर्मा पूजा करके लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया।

वही बलरामपुर अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा और आस्था के साथ धूमधाम से मनाई गई। विभाग में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर सभी ने सुख-समृद्धि और अस्पताल की प्रगति की कामना की। इस दौरान माहौल भक्तिमय रहा। कार्यक्रम में पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद प्रसाद के साथ डॉ. हनी चंद्रा, डॉ. नेहा चौरसिया, सुनील कुमार, मनोज अवस्थी, सत्य प्रकाश, आशीष मौर्य, शम्भु राज, नेहा वर्मा, पूजा मिश्रा, राबिया फातिमा और मनीष कुमार समेत विभाग के डॉक्टर व पैरामेडिकल कर्मी मौजूद रहे। अस्पताल के अन्य कर्मचारी भी पूजा में शामिल हुए। पूजा-अर्चना के बाद सभी ने भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लिया। प्रसाद ग्रहण किया। डॉक्टर और कर्मचारियों ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण और तकनीक का प्रतीक माना जाता है। उनके प्रति आस्था व्यक्त करते हुए अस्पताल में बेहतर सेवाओं और मरीजों के हित में काम करने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया।



### नवयुग कन्या महाविद्यालय में मना ओजोन दिवस

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय, लखनऊ के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन प्रकोष्ठ के सहयोग से महाविद्यालय के साइंस कॉरिडोर में कार्यशील मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में ओजोन परत के संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

# बच्चों में राष्ट्र निर्माण की भावना जरूरी : संधू

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



गोमती पुस्तक महोत्सव-2026 के अंतर्गत गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विशेष सत्र 'कूटनीति से नेतृत्व तक–राष्ट्र सर्वोपरि' में दिल्ली के उपराज्यपाल एवं पूर्व राजनयिक सरदार तरनजीत सिंह संधू ने विद्यार्थियों से संवाद किया।

उन्होंने कहा कि पढ़ने की आदत, कौशल विकास, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना से युवा देश के विकास में प्रभावी योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से असफलताओं से सीखते हुए निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

सरदार तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि गोमती पुस्तक महोत्सव केवल पुस्तकों और साहित्य का मंच नहीं, बल्कि नए विचारों, विद्वानों और समाज को दिशा देने वाले संवाद का मंच भी है। उन्होंने कहा कि पढ़ना व्यक्ति को सूचना देने के साथ-साथ सोचने, समझने और नए विचार विकसित करने की क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में पढ़ने के लिए समय निकालना चुनौती बनता जा रहा है,

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा 2026 कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, स्वच्छता प्रभारी डॉ. रवि शंकर वर्मा, खेल प्रभारी डॉ. मनोज कुमार डडवाल व अन्य शिक्षक उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या वर्ग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# नवरात्रि पर 8000 भूखंडों का खुलेगा रजिस्ट्रेशन

- तीन बड़ी आवासीय परियोजनाएं होंगी लॉन्च
- सौमित्र विहार में 2000 से अधिक भूखंड
- वरुण और नैमिषनगर में छह हजार भूखंड



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राजधानी में एक साथ तीन बड़ी आवासीय योजनाओं में प्लाट लेने का मौका लोगों को मिलने जा रहा है। नवरात्रि के पावन अवसर पर आवास विकास परिषद की सौमित्र विहार योजना और लखनऊ विकास प्राधिकरण की वरुण विहार व नैमिषनगर योजना में बड़े पैमाने पर भूखंडों का पंजीकरण खोला जाएगा। इससे लंबे समय से भूखंड की तलाश कर रहे लोगों को तीन योजनाओं में विकल्प मिल सकेंगे। तीनों में करीब आठ हजार भूखण्डों के रजिस्ट्रेशन खुलेगा।

आवास विकास परिषद की सौमित्र विहार योजना नई जेल रोड पर गोसाईंगंज के आगे स्थित है। योजना में करीब 2000 भूखंडों के लिए पंजीकरण खोले जाने की संभावना है। योजना के पंजीकरण के लिए यूपी रेरा में आवेदन किया गया था। वहां से सहमति मिलने के बाद अब प्रमाणपत्र मिलने की औपचारिकता बाकी है। परिषद के सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि योजना का शुभारंभ नवरात्रि में किया जाएगा। यहां भूखंड की कीमत लगभग ढाई से तीन हजार रुपये प्रति वर्गफुट के बीच होने की संभावना है। उधर एलडीए भी इसी महीने अपनी दो बड़ी योजनाएं शुरू करने की तैयारी में है। वरुण विहार और नैमिषनगर योजना में करीब छह हजार भूखंडों के लिए पंजीकरण खोला जाएगा।

वरुण विहार में भूखंड की कीमत 2,800 रुपये और नैमिषनगर में 3,800 रुपये प्रति वर्गफुट निर्धारित की गई है। एलडीए ने दोनों योजनाओं के शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री से 21 सितंबर का समय मांगा है। मुख्यमंत्री के शुभारंभ के बाद पंजीकरण शुरू होने की उम्मीद है। वहीं नवरात्रि में सौमित्र विहार भी शुरू होने से लोगों को एक साथ तीन योजनाओं में भूखंड लेने का अवसर मिलेगा।

### सुशांत गोल्फ सिटी परियोजना में 2747 भूखण्डों की रजिस्ट्री निरस्त होगी

वहीं अंसल एपीआई की सुशांत गोल्फ सिटी परियोजना में कथित फर्जीवाड़े को लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण अब बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। एलडीए ने आवास विभाग के माध्यम से शासन को भेजे प्रस्ताव में उन 2747 भूखंडों की रजिस्ट्री निरस्त कराने की बात कही है, जिन्हें प्राधिकरण के पास बंधक रखा गया था। इसके बावजूद अंसल बिल्डर ने इन्हें बेच डाला। उनकी रजिस्ट्री कर दी। इनमें से 440 भूखण्डों पर बड़े बड़े बंगले खड़े हो गये हैं। जबकि 81 बड़े भूखण्डों पर आंशिक निर्माण हुआ है। शासन की रिपोर्ट के अनुसार अंसल बिल्डर ने एलडीए में कुल 3489 भूखंडों को बंधक रखा था। बंधक होने की वजह से इनकी रजिस्ट्री नहीं की जा सकती थी। लेकिन बिल्डर ने फर्जीवाड़ा कर इन्हें बेच डाला। मौजूदा समय में केवल 742 भूखंड ही ऐसे मिले हैं, जिन्हें बिल्डर नहीं बेच पाया। शेष अधिकांश भूखंडों की बिक्री कर दी गई और 2747 भूखंडों की बाकायदा रजिस्ट्री भी करा दी गई। प्राधिकरण का कहना है कि बंधक रखी गई जमीन की बिक्री या रजिस्ट्री नहीं हो सकती थी। यह प्राधिकरण की सम्पत्ति थी। इसके बावजूद बिल्डर ने बेचा।

## आस्था

### झूलेलाल घाट पर चल रहे मनौतियों के राजा गणेश उत्सव में भक्तों का उमड़ा सैलाब

# बप्पा के दरबार में बही भजनों की सुरधार

- चिट्ठी लिखकर मन्नत मांग रहे भक्त

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




झूलेलाल घाट पर चल रहे मनौतियों के राजा गणेश उत्सव में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। गुरुवार को खराब मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु बप्पा के दर्शन, भजन संध्या व नृत्य नाटिका का आनंद लिया। शाम को आयोजित भजन संध्या में कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक नीरज भारद्वाज ने ÷गजानन आन पधारो लाडवा लाई मैं भारो÷, ÷सुन ले गजानन अर्जी हमारी तारो न तारो मर्जी तुम्हारी÷ जैसे भजनों पर भक्तों को झुमाया। इसके बाद ÷तूने मुझे बुलाया शेरावालिए और डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा पर पूरा पंडाल भोले बाबा के जयकारों से गूंज उठा।

भजन संध्या के बाद कोलकाता के ही प्रसिद्ध कलाकार संजय शर्मा और उनकी टीम द्वारा नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। पहली प्रस्तुति में भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की नोंक-झोंक दिखाई गई। दूसरी प्रस्तुति में ब्रज में राधा-कृष्ण के प्रेम की मीठी नोंक-झोंक को मंच पर उतारा गया। तीसरी प्रस्तुति में कलाकारों ने भगवान गणेश के विभिन्न रूपों की स्तुति की। अंतिम प्रस्तुति में भगवान विष्णु के वराह अवतार की लीला का मंचन हुआ, जिसमें दिखाया गया कि कैसे हिरण्याक्ष के पृथ्वी को रसातल में छिपाने पर विष्णु जी ने वराह अवतार लेकर पृथ्वी का उद्धार और हिरण्याक्ष का वध किया। इस मौके पर संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल व पार्षद रंजीत सिंह , जय करन सिंह, अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, गोपाल अग्रवाल, अखिलेश बंसल, सुधांशु बाथम, अजय अग्रवाल, योगेश बंसल, शरद अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, रामशंकर वर्मा, देशराज अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विजेंद्र अग्रवाल बिज्जू, समेत अन्य लोग मौजूद रहे। समिति के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि मनौतियों के राजा के दरबार में मन्नत की चिट्ठी लिखने के लिए रोजाना बड़ी संख्या में भक्त आ रहे हैं। चिट्ठी लिखने का समय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक है। उन्होंने बताया कि 18 सितंबर को दूर्वाभिषेक, मध्यान्ह 12 बजे होगा। उन्होंने बताया कि भक्त लोग मनौतियों के राजा के दर्शन प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक कर सकेंगे बप्पा की आरती सुबह 9:00 बजे और शाम 6:00 बजे होगी। इस बार बच्चों के नए-नए झूले आ आये हैं फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाट के स्टाल है। मीना बाजार में महिलाओं के श्रृंगार संबंधी सारी सामग्री के स्टॉल है। पूरा परिसर मेले जैसा है। जिसमें सभी प्रकार के समान लोग खरीद सकेंगे।

# केक काटकर मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन, बांटी मिठाई



**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**

क्षेत्र के ब्लॉक सभागार में बुधवार को देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन की खुशी में केक काटा और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उनके नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला ने नरेंद्र मोदी को लेकर वहां उपस्थित लोगों को उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी ।कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों को मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी अनिल वर्मा, शिवानंद सिंह, विनीत चैधरी, अनामिका गौतम, निशा कुशवाह, आकांक्षा अग्निहोत्री, ग्राम प्रधान दिलीप कुशवाहा भाजपा नेता ओम प्रकाश मिश्र, पंचायत सहायक अपूर्वा पांडे सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक स्टाफ मौजूद रहा।

## ईओ व जेई ने पालिका स्टाफ के सानिध्य में किया देव शिल्पी विश्वकर्मा का पूजन



**तिलहर - शाहजहांपुर।** देव शिल्पी विश्वकर्मा जयंती पर उनके चित्र के समक्ष दीप जलाकर पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर कर विभिन्न कल कारखानों व मशीनरियों पर तिलक लगाकर विघ्न बिना कार्य सम्पन्न होने की कामना की गई। नगर पालिका ईओ सुनील कुमार ने जलकल जेई नितिन गुप्ता व स्टाफ के सानिध्य में जलकल प्रांगण स्थित ओवर हैड टैंक वाटर पम्प कक्ष में देव शिल्पी विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर पूजन अर्चन किया। तदोपरांत मशीनों पर तिलक लगाकर पुष्प मालाएं अर्पित की। इस मौके पर जेई नितिन गुप्ता, कमलदीप श्रीवास्तव, नईम फरीदी, शाजिल अली खां, दीपक कुमार, पंप चालक संतराम, राकेश , ड्राइवर धनपाल, सनोज, यशपाल, मोहसिन, नंदन, अखिलेश सहित कई कर्मचारी शामिल रहे। उधर नगर मे निजी संचालित कार्य शालाओं पर भी देव शिल्पी विश्वकर्मा का पूजन अर्चन किया गया।

## धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा जन्मोत्सव

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



- विधि-विधान से पूजन व हवन कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की

जनपद में सृष्टि के पहले शिल्पकार और वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। हनुमतधाम बिसरात स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा भगवान का पूजा महोत्सव कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा सहित अन्य विश्वकर्मा समाज के लोगों ने विश्वकर्मा भगवान का विधि-विधान से पूजन किया और हवन में आहुति देकर देश-प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान विश्वकर्मा मंदिर में सुंदरकांड पाठ और प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ, जोकि देर रात तक चला। कार्यक्रम में वरिष्ठ लोगों ने समाज को एकजुट करने को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, मंदिर प्रधान राजेश शर्मा, मंदिर के पूर्व प्रधान सुनील शर्मा, राधेलाल शर्मा, राम औतार शर्मा, प्रेम शर्मा, सूर्या शर्मा, अभय शर्मा आदि कई विश्वकर्मा समाज के लोग मौजूद रहे।

## खुदागंज में आंधी-बारिश का असर, नखासा संडे मार्केट के पास गिरा भारी पेड़



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** गुरुवार सुबह अचानक तेज आंधी के साथ हुई बारिश से नगर क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवाओं के बीच खुदागंज के नखासा संडे मार्केट के पास एक भारी पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ गिरने की घटना से आसपास मौजूद लोगों में हलचल मच गई। बताया जा रहा है कि सुबह के समय तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही थी। इसी दौरान नखासा संडे मार्केट के पास खड़ा भारी पेड़ तेज हवा के चलते अचानक गिर पड़ा। पेड़ गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और स्थिति का जायजा लिया। घटना के बाद कुछ समय के लिए आसपास लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश और तेज हवा के कारण पेड़ गिरने से लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई थी। हालांकि, गनीमत रही कि पेड़ गिरने के दौरान किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों ने संबंधित जिम्मेदारों से गिरे हुए पेड़ को जल्द हटवाने की मांग की है, ताकि आसपास के लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही लोगों ने तेज आंधी-बारिश के दौरान पुराने और कमजोर पेड़ों को लेकर भी सतर्कता बरतने की बात कही।

# श्रद्धाभाव के साथ पूजे गए भगवान विश्वकर्मा

- टीआरडी, आईटीआई, विद्युत उप केंद्र में की गई कलपुर्जों की पूजा, हुआ भंडारा

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**





रोजा क्षेत्र में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से गुरुवार को श्रद्धाभाव से मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र में कई आयोजन हुए। आईटीआई, रेलवे टीआरडी व रोजा विद्युत उप केंद्र सहित यांत्रिकीय विभागों में भी पूजा-अर्चना की गई। विश्वकर्मा जयंती को लेकर क्षेत्र में दिनभर आयोजनों की धूम रही। गुरुवार को आईटीआई कालेज में मोटर मैकेनिक कार्यशाला में उपकरणों की पूजा अर्चना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, कृष्ण मुरारी, गौरव शर्मा, विशाल गंगवार, रविप्रकाश, अंकुर,कर्ण सिंह, प्रीति मौर्या, जीतू व संस्था के स्टाफ सहित छात्र मौजूद थे। इसके बाद रोजा जंक्शन पर विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर रेलवे के टीआरडी विभाग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रेलवे इंजीनियर्स और कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान विभाग में इस्तेमाल होने वाले औजारों, मशीनों और वाहनों का भी विधि-विधान से पूजन कर भगवान विश्वकर्मा को नमन किया। इसके बाद कार्यालय प्रभारी अमर सिंह समेत अन्य कर्मचारियों ने हवन किया। हवन-पूजन के बाद कर्मचारियों और उपस्थित लोगों को पूरी, हलवा और सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में रेलवे के विभिन्न विभागों के एई, जेई और टीआरडी विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान रेलवे परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। इस अवसर पर नरमू के शाखा सचिव अमित भागवत मिश्र, चंदन कुमार, रवि मिश्रा, एस ए खान, विमल किशोर, सतीश, सुशील भट्ट आदि मौजूद थे। रोजा विद्युत उप केंद्र पर सुबह से ही पूजा-पाठ का क्रम शुरू हो गया था। इस मौके पर एसडीओ आशीष कुमार मिश्रा व जेई अजय कुमार यादव ने हवन पूजन कर भगवान श्री विश्वकर्मा की आराधना कर कलपुर्जों का पूजन किया। बाद में महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राजीव उपाध्याय, विपुल दुबे, सतेंद्र कुमार, केसी राजेश, ऋषि कुमार, अशोक, मुरारी, मुकेश, आदि मौजूद थे।

# सपाइयों ने मनाई भगवान विश्वकर्मा जयंती

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्या अर्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और भगवान विश्वकर्मा जी के महान योगदान पर चर्चा की गई। इस मौके में पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, सपा विशेष आर्मंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, सपा नेता डॉक्टर दोदराम वर्मा, सपा नेता अरविंद पाल, सपा अप जनसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्थ यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया नीलम, सविता कठेरिया, जाफरीन, लल्ला सिंह यादव, विपिन यदुवंशी, विपिन यादव, अभय शंकर, महावीर सिंह यादव, महावीर सिंह पाल, पासी राजकुमार रावत, तौसीफ अहमद, सचिन भोजवाल, आनंद शुक्ला, रमाकांत राजवंशी, रेखा सतीश पासी, वकार खान, तस्लीम खान, पूर्व सभासद दुर्गेश कुमार गुप्ता, अवनीश कनौजिया, अखिलेश यादव, टिंकू सिंह, अनूप कुमार वर्मा, धर्मवीर सिंह यादव, श्लोक मौर्य, आरिफ खान, रानू खान आदि मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में सात नामजद सहित 4 से 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**

- तालाब की जांच को लेकर युवक पर हमला
- पत्नी ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

थाना सिधौली क्षेत्र के गांव महासिर निवासी रामादेवी पत्नी मिथुन कठेरिया ने प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर अपने पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती पत्र के अनुसार रामा देवी के पति मिथुन कठेरिया भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक सिधौली अध्यक्ष हैं। उन्होंने गांव में स्थापित अमृत सरोवर तालाब में किए गए कथित घोटाले की शिकायत की थी। शिकायत की जांच एक सितंबर को होनी थी, लेकिन जांच नहीं हो सकी। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी शाहजहांपुर को दोबारा जांच के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। आरोप है कि 16 सितंबर की शाम करीब 7रू30 बजे जब मिथुन नहर के पास खड़े थे, तभी ग्राम प्रधान समेत कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद धारदार हथियार, लाठी-डंडों से मिथुन के साथ मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को देखकर आरोपी वहां से चले गए। पीड़िता ने बताया कि घायल पति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मिथुन की पत्नी रामादेवी की तहरीर पर प्रधान आलोक पांडे, विकास पांडे, टिंकू पांडे, हरि सुमिरन शुक्ला, आकाश, दयाराम, पंकज, 4 से 5 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खुदागंज-जलालपुर मार्ग पर जलभराव से हादसा, गड्ढे में फंसकर पलटा टुकटुक

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।**



खुदागंज-जलालपुर मार्ग पर सड़क के गड्ढे में भरे जलभराव के कारण एक टुकटुक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टुकटुक चालक रामनिवास, निवासी उत्तमपुर, घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोगों ने घायल चालक की मदद की। बाद में चालक को उपचार के लिए ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, मार्ग पर बने गड्ढे में काफी पानी भरा हुआ था। पानी भरा होने के कारण चालक को गड्ढे की गहराई का सही अंदाजा नहीं लग सका। टुकटुक जैसे ही जलभराव वाले स्थान से गुजरा, वह गड्ढे में फंसकर अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक को चोटें आईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुदागंज-जलालपुर मार्ग पर कई स्थानों पर गड्ढे और जलभराव की समस्या बनी हुई है। बारिश के बाद स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को सड़क पर आवागमन के दौरान काफी सावधानी बरतनी पड़ रही है। लोगों के मुताबिक रात के समय जलभराव वाले गड्ढे अधिक खतरनाक हो जाते हैं, क्योंकि पानी भरा होने के कारण गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। ग्रामीणों और राहगीरों ने संबंधित विभाग से मार्ग के गड्ढों की मरम्मत कराने तथा जल निकासी की उचित व्यवस्था कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आगे भी हादसे की आशंका बनी रह सकती है।

## विवाहित महिला के प्रेमी के घर पहुंचने की शिकायत

खुटार, शाहजहांपुर। रुद्रपुर निवासी एक विवाहित महिला के पति और मासूम बच्ची को छोड़कर खुटार क्षेत्र में कथित प्रेमी के घर पहुंचने का मामला सामने आया है। प्रेमी की मां की शिकायत के बाद यह प्रकरण चर्चा में आ गया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। बताया गया है कि शिकायतकर्ता रुद्रपुर में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती है। इसी दौरान उसे जानकारी मिली कि उसका पुत्र एक विवाहित महिला को अपने साथ खुटार क्षेत्र के एक गांव में लेकर आया है। महिला

- बेटे के रवैये से नाराज मां ने जताई आपत्ति

के घर में रहने की जानकारी होने पर मां ने इसका विरोध किया और दोनों को वहां से चले जाने के लिए कहा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसके पुत्र और महिला ने उसकी बात मानने के बजाय उसे ही घर से बाहर निकालने की धमकी दी। इस घटनाक्रम से परेशान होकर महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। पुलिस शिकायत में लगाए गए आरोपों के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है। महिला किन परिस्थितियों में पति और बच्ची को छोड़कर खुटार पहुंची तथा उसके और युवक के बीच संबंधों की वास्तविकता क्या है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। शिकायतकर्ता ने निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

## खबरें एक नजर में


### वंदे भारत से बछड़ा टकराया, 13 मिनट तिलहर में रोकी गई

**तिलहर-शाहजहांपुर।** लखनऊ से मेरठ जा रही वंदे भारत ट्रेन के सामने अचानक बछड़ा आ जाने से वह टकराकर घायल हो गया। वहीं ट्रेन के इंजन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। तेरह मिनट तक ट्रेन मौके पर खड़ी रही। तदोपरांत ट्रेन गंतव्य को प्रस्थान हो सकी। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को बनारस से मेरठ जाने बाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 22489 अपरान्ह चार बजकर 31मिनट पर तिलहर से रन थ्रू गुजरने के दौरान तिलहर रेलवे स्टेशन व तिलहर - निगोही रेलवे फाटक के बीच एक बछड़ा ट्रेन से टकरा गया। जिससे ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना होते ही ड्राइवर ने ट्रेन रोककर चेक किया। चालक द्वारा क्षतिग्रस्त हिस्से को ट्रेन से खोलकर समय चार बजकर 44 मिनट पर मेरठ के लिए प्रस्थान किया। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि ट्रेन 13 मिनट तिलहर में रोकी गई।

### जर्जर विद्युत पोल ई-रिक्शा पर गिरा, चालक घायल

शाहजहांपुर। नगर निगम क्षेत्र के मोहल्ला झंडा कलां से घंटाघर जाने वाले मार्ग पर गुरुवार को जर्जर विद्युत पोल अचानक ई-रिक्शा के ऊपर गिर गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा मार्ग से गुजर रहा था, तभी सड़क किनारे खड़ा जर्जर विद्युत पोल अचानक भरभराकर उसके ऊपर जा गिरा। हादसे में चालक पोल की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए भेजा। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि क्षेत्र में कई विद्युत पोल जर्जर हालत में हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से इन्हें हटाने या बदलने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने जर्जर पोलों का सर्वे कराकर उन्हें तत्काल हटाने और हादसे के लिए जिम्मेदार विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### गल्ला व्यापारी ने रामगंगा में कूदकर दी जान



**गढ़िया रंगीन, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव डभौरा निवासी 38 वर्षीय गल्ला व्यापारी सर्वेश ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर रामगंगा नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सर्वेश पुत्र उदयराज दो भाइयों में बड़ा था। उसके छोटे भाई अशोक की करीब तीन वर्ष पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। अशोक की पत्नी और छह बच्चों की जिम्मेदारी भी सर्वेश ही उठा रहा था। इसके अलावा सर्वेश के परिवार में उसकी पत्नी शांति देवी, 10 वर्षीय पुत्र और छह वर्षीय पुत्री हैं। बताया जा रहा है कि परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब होने के कारण सर्वेश काफी परेशान था। इसी परेशानी के चलते उसने रामगंगा स्थित देव्हारा के पास नदी में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने उसे नदी में देखा और करीब दो-तीन घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। सूचना पर थाना प्रभारी गढ़िया रंगीन ओमप्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ।

# दो दर्जन अभियोग में वांछित गिरफ्तार

- आरोपी के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में 25 मामले हैं दर्ज

**समृद्धि न्यूज,रोजा, शाहजहांपुर।**




थाना रोजा पुलिस टीम को गुरुवार को बड़ी सफलता हासिल हुई। टीम में जनपद के अलावा गैर जनपद में दो दर्जन से अधिक में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि 7 अगस्त को थाना रोजा में धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट बनाम रामतीरथ आदि 04 अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत हुआ था। इस अभियोग में आरोपी विमलेश पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम खजुआ, थाना मोहम्मदी, जनपद लखीमपुर खीरी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए थाना रोजा पुलिस द्वारा लगातार प्रयास एवं दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में गुरूवार को थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी विमलेश को जमुका तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध जनपद के अलावा गैर जनपद में कुल 25 मामले दर्ज हैं।

## मकसूदापुर चीनी मिल में मनाई गयी भगवान विश्वकर्मा जयंती



**बंडा,शाहजहांपुर।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल मकसूदापुर एवं बजाज एनर्जी में भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। संपूर्ण सृष्टि के निर्माण कर्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड के वर्कशॉप में परंपरागत रूप से विधि विधान पूर्वक की गई। मंदिर के पुजारी रामनिवास मिश्रा ने भगवान विश्वकर्मा सहित अन्य देवी-देवताओं का पवित्र मंत्रों से आवाहन कर पूजा -अर्चन किया और छोटी-बड़ी सभी मशीनों की चीनी मिल के युनिट हेड डाक्टर हरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने पूजा की। इस अवसर पर हुए हवन में मिल के यूनिट हेड सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व कर्मचारियों ने यज्ञ कुंड में आहुति डाली, तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। उधर बजाज एनर्जी में युनिट हेड निशांत श्रीवास्तव ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना किया तथा प्रसाद वितरण कर सभी भंडारे में शामिल हुए।

### स्कूटी से टहलने निकला व्यक्ति लापता गुमशुदगी दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** मोहल्ला छावनी, काला मठ निवासी पुष्पेंद्र मिश्रा उर्फ नीटू (40) पुत्र राममोहन मिश्रा अचानक लापता हो गए। वह घर से स्कूटी लेकर टहलने के लिए निकले थे। काफी समय बीतने के बाद भी घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद गुमशुदा के पिता राममोहन मिश्रा ने पुवायां कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर पुष्पेंद्र मिश्रा की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। परिजनों के अनुसार, वह घर से बनियान और लोअर पहनकर स्कूटी से निकले थे। पुलिस ने उनकी तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ग्रामीण अंचलों की सामाजिक घटनाओं पर आधारित वेबसीरीज रिलीज

- जागरूकता के संदेश के साथ मनोरंजन का तड़का
- जिले के परिवेश और स्थानीय बोलियों को कहानी में मिली जगह

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



गांव की गलियों, स्थानीय बोलियों और रोजमर्रा की जिंदगी में घटने वाली सामाजिक घटनाओं को पर्दे पर उतारने वाली वेबसीरीज मूवी गिरहकाट का टीजर रिलीज हो गया है। शाहजहांपुर के ग्रामीण परिवेश को केंद्र में रखकर बनाई गई इस सीरीज को लेकर दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म की टीम ने एक होटल में प्रेसवार्ता कर सीरीज से जुड़ी जानकारी साझा की। डायरेक्टर अरुण मित्र ने बताया कि टीम इससे पहले मुंबई में कई फिल्मों पर काम कर चुकी है, जिन्हें दर्शकों ने सराहा। इसी अनुभव को शाहजहांपुर के ग्रामीण परिवेश से जोड़ते हुए गिरहकाट तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि वेबसीरीज में स्थानीय भाषा और रोजमर्रा की कहानियों को प्रमुखता दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में घटने वाली ऐसी सामाजिक घटनाओं को कहानी के माध्यम से सामने लाया गया है, जिनका समाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन घटनाओं के जरिए लोगों को सतर्क और जागरूक करने का प्रयास किया गया है, ताकि वे ऐसी परिस्थितियों से बच सकें। सीरीज में शाहजहांपुर शहर और उसके आसपास के स्थानों को भी कहानी का हिस्सा बनाया गया है। स्थानीय परिवेश, भाषा और पात्रों के माध्यम से कहानी को क्षेत्र से जोड़ने की कोशिश की गई है। गिरहकाट का प्रसारण यूट्यूब के स्माल टाउन चैनल पर किया गया है। वेबसीरीज के प्रोड्यूसर तनवीर खान और मोहसिन खान, को-प्रोड्यूसर डॉ. अरुण रस्तोगी हैं। इसमें अभिनेता तौकीर खान और बरेली की अभिनेत्री पूर्णिमा शर्मा ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। डीओपी अनस खान, एसोसिएट प्रोड्यूसर हमजा, एसोसिएट डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और असिस्टेंट डायरेक्टर अक्षय सक्सेना ने भी निर्माण में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं। वेबसीरीज में अंकित, योगेश और संदीप समेत अन्य कलाकारों की भी अहम भूमिकाएं हैं। टीम का कहना है कि स्थानीय परिवेश और कलाकारों को कहानी से जोड़ने से सीरीज को शाहजहांपुर की जमीन से जुड़ा स्वरूप देने का प्रयास किया गया है।

# वन स्टॉप सेंटर पर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मिठाई बांटकर मनाया

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर में सेवा संकल्प अभियान, सेवा पखवाड़ा के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मिठाई बांटी गई। विभाग के स्टाफ ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की और मिठाई बांटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन में केंद्र परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने मिलकर कार्यालय और परिसर की साफ-सफाई की। स्वच्छता के बाद एक पेड़ माँ के नाम थीम पर पौधरोपण किया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं से महिलाओं को सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उनके जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, केंद्र प्रबंधक नमिता यादव, कीर्ति मिश्रा, रश्मि देवी, दीपिका मिश्रा, पंकज कुमार, अभिषेक कुमार, अर्चा मिश्रा, अंतिमा तिवारी ज्ञान स्वरूप, समता, हेमा, ऋषिपाल, वन स्टॉप सेंटर की समस्त स्टाफ, महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## पीएम के जन्मदिन पर चला स्वच्छता अभियान



पुवायां, शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 'सेवा' संकल्प अभियान के तहत बुधवार को नगर पुवायां के राजीव चैक और राजा मार्केट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नगर पालिका कर्मचारियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। सभी ने लोगों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने आमजन से श्रमदान करने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज, अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा, सभासदगण और नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा, स्मार्ट रोड पर चला विशेष सफाई अभियान



शाहजहांपुर। स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत नगर निगम द्वारा सेवा मेरा योगदान अभियान चलाया गया। वार्ड नंबर 09 सुभाषनगर स्थित स्मार्ट रोड पर विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान चलाकर सफाई की गई। अभियान के दौरान स्मार्ट रोड की सफाई, जलभराव की निकासी, सड़क किनारे उगी घास की कटाई और पेड़-पौधों की छंटाई कराई गई। अभियान में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर नगर आयुक्त अजय त्रिपाठी सहित निगम के अधिकारी, सफाई मित्र और पार्षदों ने श्रमदान किया। अधिकारियों ने स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण कर कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। नगर निगम ने नागरिकों से कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील की है।

# शाहजहांपुर-जलालाबाद मार्ग पर दो जगह नाले नहीं बने, जलभराव से ग्रामीण परेशान

- सपा नेता नीरज मिश्रा ने डीएम को दिया पत्र नाला बनवाने की मांग



शाहजहांपुर। शाहजहांपुर से जलालाबाद-परशुरामपुरी तक हो रहे चैड़ीकरण में दो स्थानों पर नाला नहीं बनने से जलभराव की समस्या खड़ी हो गई है। कांट की जिला पंचायत सदस्य कुसुम मिश्रा के पति पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर नाला निर्माण और सड़क विस्तार की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि वलीपुर गांव में भूरे यादव के प्लाट से टिनिया के घर तक और सुनील के प्लाट से जरावन तालाब तक नाला ब्लॉक छोड़ दिया गया है। बरसात में पानी घरों एवं सरकारी स्कूल तक भर जाता है। सपा नेता नीरज मिश्रा ने पीडब्ल्यूडी से दोनों जगह नाला बनवाने और जरावन-वलीपुर में टूटे खंभों पर स्ट्रीट लाइटें लगवाने की मांग की है। वहीं कांट से महदापुर-आजमाबाद मार्ग का भी चैड़ीकरण चल रहा है। महदापुर आजमाबाद में छैल बिहारी के घर से भोजावल बस्ती तक की मुख्य गली जर्जर है। 416 मीटर तक सड़क बढ़ने से गांव का आवागमन सुगम होगा। यह मार्ग 2012 में जिला पंचायत से उन्होंने बनवाया गया था। मुख्य मार्ग बनने से गांव का आवागन शुरू हो सकेगा। इन कार्यो को पीडब्लूडी से बनवाने की मांग की है।

## आरबीआई एवं अग्रणी बैंक का सतर्कता एवं शिकायत निवारण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

लखीमपुर खीरी। (CEPC), भारतीय रिजर्व बैंक तथा अग्रणी बैंक कार्यालय, लखीमपुर खीरी के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड फूलबेहड़ में सतर्कता एवं शिकायत निवारण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों, बैंक ग्राहकों एवं आमजन को सुरक्षित बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, साइबर सुरक्षा तथा बैंकिंग शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक (LDM) अशोक कुमार गुप्ता ने बैंकिंग सेवाओं से संबंधित विभिन्न उपभोक्ता अधिकारों, शिकायत निवारण तंत्र, आरबीआई एकीकृत लोकपाल योजना, डिजिटल लेन-देन में बरती जाने वाली सावधानियों तथा वित्तीय साक्षरता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपने बैंक खाते, एटीएम, मोबाइल बैंकिंग एवं ओटीपी संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करने तथा किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने का आग्रह किया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक प्रबंधक सुहैल अंसारी एवं ब्रजेश कुमार ने आरबीआई द्वारा उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण हेतु संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं, शिकायत निवारण प्रणाली तथा साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक (DDM) प्रसून सोनार ने ग्रामीण वित्तीय समावेशन, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण तथा वित्तीय जागरूकता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं वित्तीय सलाहकार श्री रतीश सिंह ने सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार, वित्तीय नियोजन तथा डिजिटल सेवाओं के सुरक्षित उपयोग के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की बैंकिंग एवं डिजिटल भुगतान से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया।

# 60 लाख के बंदरबांट का आरोप, स्कूल की बाउंड्री में भ्रष्टाचार की नींव

- परसेण्डी के मिर्जापुर में मनरेगा के बजट की हुई जम कर लीपापोती
- गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की जांच करा कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

समृद्धि न्यूज, सीतापुर।

ब्लॉक परसेण्डी के ग्राम मिर्जापुर में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के बंदरबांट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में यहां परिषदीय विद्यालय की बाउंड्रीवाल और उससे सम्बद्ध अन्य निर्माण कार्यों के नाम पर लगभग 60 लाख रुपये की भारी भरकम धनराशि पानी की तरह बहा दी गई। मनरेगा के तहत कराये गए इन कार्यों में गुणवत्ता और तय मानकों की ऐसी अनदेखी की गई कि पहली ही नजर में पूरी योजना लीपापोती का शिकार नजर आती है। स्थानीय ग्रामीणों और जागरूक लोगों का कहना है कि कागजों पर विकास की गंगा बहा कर लाखों के सरकारी बजट का गबन कर लिया गया जबकि धरातल पर घटिया निर्माण की जीती जागती तस्वीर सामने है। इस सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार परसेण्डी ब्लॉक के मिर्जापुर गांव में परिषदीय स्कूल की बाउंड्रीवाल व उससे जुड़े अन्य निर्माण कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा से 60 लाख रुपये का भारी भरकम बजट स्वीकृत हुआ था। आरोप है कि जिम्मेदारों ने मिलीभगत कर इस बड़ी धनराशि की आंड़ में जम कर विभागीय आंख मिचैली खेली। काम पूरा दिखाने की जल्दबाजी में पूरे बजट को ठिकाने लगा दिया गया जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग साफ दिखाई दे रहा है। मौके पर कराये गए निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब बतायी जा रही है। ईंट, सीमेंट और मसाले के तय मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं। आलम यह है कि इतने बड़े बजट से बनी बाउंड्रीवाल कुछ ही समय में भ्रष्टाचार की गवाही देने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी तकनीकी निरीक्षण और गुणवत्ता की जांच के ही ठेकेदारों और जिम्मेदारों के खातों में भुगतान भी भेज दिया गया। 60 लाख रुपये के इस बजट की लीपापोती की चर्चा न केवल मिर्जापुर बल्कि पूरे परसेण्डी ब्लॉक क्षेत्र में है। इसे ले कर लोगों में अन्दर ही अन्दर आक्रोश भी है। भ्रष्जन सरोकार समिति (पंजीकृत) ने इस प्रकरण की लिखित शिकायत भी करने की बात कही है। ब्लॉक व ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि लगभग 60 लाख के भारी भरकम बजट से कराये गए इस कार्य की निष्पक्ष जांच हो। साथ ही यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता व मानकों में कमियां मिलें तो दोषियों से लीपापोती की गई कुल धनराशि की रिकवरी कराते हुए उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

## मूसेपुर में बिना नींव खड़ी कर दी बाउंड्रीवाल

परसेण्डी ब्लाक क्षेत्र के ही ग्राम मूसेपुर स्थित परिषदीय स्कूल में भी वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 30 लाख की लागत से मनरेगा के तहत बाउंड्रीवाल निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का खुला आरोप है कि इस कार्य में जिम्मेदारों ने बिना नींव के ही बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी। आरोप है कि बाउंड्रीवाल का जो निर्माण कराया भी गया उसमें भी गुणवत्ता को पूरी तरह से दरकिनार कर केवल दोनों हाथों से निजी जेबें ही भरी गईं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व सीडीओ से तकनीकी जांच टीम गठित कर जांच की मांग की है।

# आंधी-बारिश ने मचाई तबाही, किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान

समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।

गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे अचानक आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। तेज हवाओं के चलते जगह-जगह पेड़-पौधे गिर गए, जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। आंधी और बारिश का सबसे अधिक असर खेतों में खड़ी धान की फसल पर पड़ा। तेज हवाओं और बारिश के कारण कई किसानों की फसल खेतों में गिर गई। किसानों का कहना है कि इस बार धान की फसल काफी अच्छी थी और उन्हें बेहतर पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन कुदरत के कहर ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। किसानों के मुताबिक गेहूं की फसल भी इस बार उम्मीद के मुताबिक नहीं हो सकी थी। ऐसे में धान की फसल से उन्हें काफी उम्मीदें थीं। अब आंधी-बारिश से फसल को हुए नुकसान के बाद किसानों के सामने आर्थिक संकट की चिंता खड़ी हो गई है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि धान की फसल इस बार बेहद अच्छी दिखाई दे रही थी और उन्हें अच्छी पैदावार मिलने की उम्मीद थी। लेकिन अचानक आई तेज आंधी और बारिश से खेतों में खड़ी फसल गिर गई, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ और पौधे गिरने से रास्तों पर भी परेशानी हुई। बिजली के तार और आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने से ग्रामीणों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में हुए फसल नुकसान का स्थलीय निरीक्षण और सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाए, ताकि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को राहत मिल सके। प्राकृतिक आपदा ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। अब किसानों की नजर प्रशासन की ओर है कि नुकसान का आकलन कर उन्हें कितनी राहत मिलती है।

# कलम का एक और सिपाही मौन, दो वर्ष की पीड़ा के बाद थम गई पत्रकार सैय्यद मुशीर की सांसें



लखीमपुर-खीरी। समय बड़ा निर्मम और बलशाली होता है। हंसता-खेलता परिवार कब शोक में डूब जाए कोई नहीं जानता। कुछ ऐसा ही हृदयविदारक दृश्य मोहल्ला नई बस्ती में देखने को मिला, जहां लेखनी के सिपाही, एक अखबार के जिला संवाददाता सैय्यद मुशीर अंततः जीवन की लड़ाई हार गए। दो वर्ष तक बिस्तर पर तड़पने के बाद आज प्रातः 11 बजकर 45 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना से सम्पूर्ण जनपद के पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। सैय्यद मुशीर ने वर्ष 2020 में पत्रकारिता के क्षेत्र में संवाददाता के रूप में प्रवेश किया था। दो वर्ष पूर्व एक भीषण दुर्घटना ने उनका सम्पूर्ण जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। कमर और पैरों में ऐसी गंभीर चोट आई कि वह पुनः अपने पैरों पर खड़े न हो सके। तब से वह चारपाई पर पड़े जीवन और मृत्यु से संघर्ष कर रहे थे। उपचार में जो संचित पूंजी थी सब समाप्त हो गई, यहां तक कि घर की सामग्री तक बेचनी पड़ी। इस शोकग्रस्त परिवार की स्थिति की सूचना पाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रेहान खान उनके घर पहुंचे थे। उन्होंने मुशीर की गंभीर स्थिति देखी और उनकी पत्नी शीरी जैदी को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। आज वह मौन हो गया जो दूसरों की आवाज बनता था। अश्रुपूरित नेत्रों से पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नगर के प्रबुद्धजनों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

# भारत-नेपाल सीमा पर 585 किलो यूरिया के साथ 3 गिरफ्तार, 4 बाइक जब्त

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



भारत-नेपाल सीमा पर अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल की तृतीय वाहिनी को बड़ी सफलता हासिल हुई है। सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त नाका टीम ने सीमा पार नेपाल ले जाई जा रही 585 किलोग्राम अवैध यूरिया खाद के साथ तीन तस्करों को रंगे हाथ धर दबोचा, जबकि तस्करी में इस्तेमाल की जा रही चार मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं। तृतीय वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट प्रमोद देवरानी के कुशल मार्गदर्शन और खखरोला कंपनी के कंपनी कमांडर निरीक्षक सुभाष कुमार के नेतृत्व में यह सफल ऑपरेशन चलाया गया। सटीक गुप्त आसूचना के आधार पर सीमा चौकी खखरौला और रननगर की संयुक्त टीम ने सीमा स्तंभ संख्या 708 से लगभग 800 मीटर भारतीय सीमा के भीतर मोर्चा संभाला। इसी दौरान भारत से नेपाल की ओर बढ़ रही चार संदिग्ध मोटरसाइकिलों को रोका गया, जिन पर खाद की बोरियां लदी हुई थीं। अवैध यूरिया खाद- 13 सीलबंद बोरियां (प्रति बोरी 45 किग्रा, कुल वजन- 585 किग्रा) जब्त वाहन-4 मोटरसाइकिलें सुपर स्प्लेंडर UP31 CP1484), टीवीएस स्टार सिटी HP17B8513), बजाज सीटी 100UP77C8273), हीरो स्प्लेंडर UP43F8894, अंधेरे और गन्ने के खेत का फायदा उठाकर एक फरार, कड़ी पूछताछ में तस्करों ने स्वीकार किया कि वे यूरिया खाद को नदी के रास्ते नेपाल ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे। कार्रवाई के दौरान अंधेरे और गन्ने की ऊंची फसल का लाभ उठाकर एक तस्कर अपनी यूरिया लदी मोटरसाइकिल (हीरो स्प्लेंडर -UP43F8894) मौके पर ही छोड़कर भागने में सफल रहा। सशस्त्र सीमा बल टीम ने मौके पर ही जब्ती और गिरफ्तारी मेमो तैयार कर पकड़े गए तस्करों व जब्त सामान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय, तिकोनिया को सुपुर्द कर दिया है। निरीक्षक सुभाष कुमार के नेतृत्व में खखरौला सीमा चौकी के जवान 24 घंटे कड़ी निगरानी रख रहे हैं। सीमा सुरक्षा के साथ-साथ सशस्त्र सीमा बल नागरिक कल्याण कार्यक्रम के जरिए सीमावर्ती गांवों में स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों से अटूट संबंध स्थापित कर रही है।

## सूचना

मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 1436054 वर्ष 2012 एवं इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 1048891 वर्ष 2014 का अंक व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रकाशिनी यादव, पुत्री राम प्यारे यादव, निवासिनी-ग्राम केवना, कॉथा, जनपद-उन्नाव (उ.प्र.) पिन-209859**

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र जकील व जीशान का चाल चलन ठीक ना होने पर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया हैं। वह भविष्य में अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **हफीज उल्ला पुत्र नन्हू निवासी मोहल्ला बीबीजई हददफ चौकी थाना सदर बाजार जिला शाहजहांपुर।**

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र राजू कुमार और पुत्रवधू दीपा को गलत व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रामगुनी पत्नी राजपाल नि.ग्रा. करौदाहार हथौडिया मोड़, सदर, शाहजहांपुर।**

# सिसैया खुर्द मामले में बड़ी कार्रवाई, 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड कोतवाल की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

उत्तर प्रदेश के जनपद खीरी के धौरहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिसैया खुर्द में हुई एक विवादित घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही और उदासीनता बरतने के आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ0 ख्याति गर्ग के निर्देश पर प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए गए 05 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया है।पुलिस महकमे में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए की गई इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। सस्पेंड किए गए पुलिसकर्मियों में दो मुख्य आरक्षी और तीन आरक्षी शामिल हैं,मुख्य आरक्षी विनोद कुमार,मुख्य आरक्षी अशोक तिवारी,आरक्षी मोहित,आरक्षी भारत शर्मा,आरक्षी विशाल है।मिली जानकारी के अनुसार, धौरहरा क्षेत्र के सिसैया खुर्द गांव में 14 सितंबर को एक गंभीर और विवादित घटना घटित हुई थी। इस प्रकरण में पुलिस ने मु0अ0सं0 433/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं 115(2), 352, 351(2), और 333 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। इस मामले में कार्रवाई के दौरान तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा अपने दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही और उदासीनता बरतने की बात सामने आई थी। वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए निलंबन की यह कार्रवाई की है।मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और गहन विभागीय जांच अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), जनपद खीरी को सौंप दी गई है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**बड़ा सवाल, छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई तो कोतवाल को अभय दान क्यों**

इस निलंबन की कार्रवाई के बाद जनता और स्थानीय हलकों में कई गंभीर सवाल तैरने लगे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि कार्रवाई की गाज केवल छोटे पुलिसकर्मियों पर ही क्यों गिरी,स्थानीय लोगों और जानकारों के बीच चर्चा है कि आखिर ये सिपाही किसके आदेश पर गांव पहुंचे थे, क्या सिपाही अपने मन से इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने या कार्रवाई करने चले गए थे,यदि सिपाहियों को वहां भेजा गया था, तो थाना प्रभारी (कोतवाल धौरहरा) की भूमिका की जांच क्यों नहीं की गई,क्या धौरहरा कोतवाल को इस पूरे मामले में अभय दान दे दिया गया है,जनता का मानना है कि पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होना बिल्कुल सही है, लेकिन निष्पक्षता का तकाजा यह कहता है कि आदेश देने वाले उच्च अधिकारी की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। अब देखना यह होगा कि अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) की विभागीय जांच में इस पहलू को शामिल किया जाता है या नहीं।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

- राजकीय रक्त केंद्र पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने फीता काटकर किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ



पीलीभीत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को राजकीय रक्त केंद्र, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय, पीलीभीत में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उत्तर प्रदेश संजय सिंह गंगवार रहे। उन्होंने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, चेतन शर्मा, अमनदीप मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, इंद्रेश चौहान, विकास वाल्मीकि, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंत सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि रक्तदान मानवता से जुड़ी ऐसी सेवा है, जिसकी जरूरत किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है। स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवन बचाने का माध्यम बन सकता है। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा और जनकल्याण से जोड़कर मनाया जाना समाज में सेवा भावना को मजबूत करता है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए अधिक से अधिक स्वस्थ लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा कार्यों की श्रृंखला के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक जनकल्याण का संदेश पहुंचाया जा रहा है।

## अदालती सूचना

**ता.पेशी 22.09.2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) पश्चिमी जिला हरदोई**

उत्तराधिकार वाद संख्या 59 वर्ष 2024 ( प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 इंडियन सक्सेशन एक्ट) रमेश चंद्र शर्मा पुत्र स्व. छोटेलाल निवासी ग्राम बेहटा कोला तहसील शाहाबाद जिला हरदोई ...प्रार्थी

**बनाम**

1- जायदाद मृतक छुटका पत्नी स्व. छोटेलाल निवासी ग्राम वेहटा कोला तहसील शाहाबाद जिला हरदोई 2- सुमन पत्नी श्री धर्मेंद्र कुमार पुत्री स्व. श्री छोटेलाल निवासी ग्राम वली पट्टी रानी गांव तहसील अमृतपुर जिला फरूखाबाद 3- रेनू पत्नी दिनेश पुत्री स्व छोटेलाल नि.ग्रा. रौली बौरी अल्हादादपुर तह. जलालाबाद जिला शाहजहांपुर 4- पूनम पत्नी श्री छविराम पुत्री स्व. छोटेलाल निवासी मो. 55 दुर्गा कालोनी भोपट पट्टी जिला फरूखाबाद 5- सविता पत्नी मोहित शर्मा पुत्री स्व. छोटेलाल नि. मो. इस्लामगंज अल्हागंज जिला शाहजहांपुर 6- आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा उधरनपुर शाहाबाद जिला हरदोई ...विपक्षीगण।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रमेशचंद्र शर्मा ने प्राप्त उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है और उक्त प्रार्थना पत्र जो सुनवाई हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 22.09.2026 नियत है। अतः जिस किसी को उत्तराधिकार प्रमाणपत्र बावत जायदाद श्रीमती छुटका मृतक की बावत जो कुछ उजर हो इस न्यायालय में दिनांक 22.09.2026 प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में कोई उत्तर नही सुना जाएगा। आज बतारीख 16.09.2026 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज जूनियर डिवीजन पश्चिमी हरदोई।**

## कला में प्रतिभा का रंग, विश्वकर्मा पूजन में आस्था का संगम



पीलीभीत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद, पीलीभीत की ओर से आयोजित 'मेरी कला, मोदी जी के नाम' अभियान में ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर विद्यालय में श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन किया गया। दोनों आयोजनों में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सहभागिता और कार्य के प्रति सम्मान की भावना देखने को मिली। 'मेरी कला, मोदी जी के नाम' अभियान के तहत विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोर्ट्रेट तैयार करने का अवसर दिया गया था। इसके लिए निर्धारित चित्र का आकार 60×50 सेंटीमीटर रखा गया था। प्रतियोगिता में विद्यालय की टनकपुर रोड शाखा के कक्षा 11 के छात्र अभिनव शर्मा ने अंडर-15 श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती आस्था अग्रवाल ने अभिनव शर्मा को प्रथम पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र और गिफ्ट हैम्पर प्रदान किया। प्रतियोगिता में शामिल अन्य विद्यार्थियों को भी उनकी सहभागिता और कला के लिए प्रशंसा प्रमाण-पत्र दिए गए। विद्यालय की सुरभि कॉलोनी शाखा से कक्षा आठ के विद्यार्थी विप्लव, परिधि कपूर और अर्शदीप कौर ने प्रतिभाग किया। वहीं टनकपुर रोड शाखा से कक्षा 12 के स्कंद गंगवार और ईशान सक्सेना तथा कक्षा 11 के अभिनव शर्मा, नैन्सी बिस्वास और शिवम् राय ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

# कैनवास पर उतरे देशभक्ति के रंग, 76 केक से गूंजा मोदी जन्मदिन का जश्न

- 'मेरी कला मोदी जी के नाम' चित्रकला प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा
- डीएम-एसपी समेत अतिथियों ने विजेताओं को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित सेवा संकल्प अभियान में कला, देशभक्ति और सामाजिक संदेशों का अनूठा संगम देखने को मिला। 'मेरी कला मोदी जी के नाम' चित्रकला प्रतियोगिता की प्रदर्शनी में बच्चों और युवा कलाकारों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कागज और कैनवास पर उकेरा। किसी चित्र में देशप्रेम की झलक दिखाई दी तो किसी में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों का संदेश नजर आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में 76 केक भी काटे गए। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने गणमान्य लोगों से केक कटवाकर बच्चों में वितरित कराए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

**रंगों में दिखी बच्चों की सोच, विजेताओं को मिला सम्मानः** कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री सतनाम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य और पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। 15 वर्ष तक के आयु वर्ग में अभिनव शर्मा ने पहला, अंशिका गंगवार ने दूसरा और सृष्टि शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। 16 से 25 वर्ष वर्ग में मान्य अग्रवाल प्रथम, मानवी गुप्ता द्वितीय और शिवांगी लोधी तृतीय रहीं। 25 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कृष्णकांत लकी ने प्रथम, रेखा गंगवार ने द्वितीय और अमन राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**अलग-अलग खूबियों के लिए प्रतिभाओं को विशेष सम्मानः** प्रतियोगिता में रुद्राक्ष मिश्रा को सर्वाधिक सराहनीय चित्र, लव मिश्रा को सर्वाधिक आकर्षक चित्र, खुशी राठौर को निर्णायक मंडल पुरस्कार, समीक्षा गुप्ता को मोस्ट वाइब्रेंट, इरम बी को मोस्ट आउटस्टैंडिंग और कृतिका को मोस्ट ब्यूटीफुल अवार्ड दिया गया। नितेश वर्मा को मोस्ट क्रिएटिव तथा श्रेया वर्मा को प्रभावशाली चित्र पुरस्कार मिला।कार्यक्रम का संचालन सभासद साकेत सक्सेना ने किया। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारी मंगली प्रसाद वर्मा, लेखराज भारती, अतेंद्र पाल सिंह, अमृतलाल, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, सुरेश गंगवार, दीपक अग्रवाल तथा सभासद वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह, विपिन गंगवार, स्कूली बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## मोदी युग का मूल संदेश

भारत की राजनीति में कुछ नारे समय के साथ राजनीतिक घोषणाओं से आगे बढ़कर शासन के दर्शन का रूप ले लेते हैं। 'सबका साथ, सबका विकास' भी ऐसा ही एक सूत्र है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर लिखे अपने लेख में इसी सूत्र को मोदी युग के मूल संदेश के रूप में रेखांकित किया है। उनके मुताबिक मोदी की राजनीति और शासन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि विकास को केवल आर्थिक वृद्धि, बड़े बुनियादी ढांचे और सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि वंचितों को विकास की मुख्यधारा में लाने पर जोर दिया गया। कोविन्द का यह आकलन उस बदलाव की ओर संकेत करता है जिसमें सरकार की सफलता का पैमाना केवल योजनाओं की संख्या नहीं, बल्कि उनके अंतिम लाभार्थी तक पहुंच बनता है। यानी सवाल यह नहीं कि योजना बनी या नहीं, बल्कि यह कि समाज के उस व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचा या नहीं, जिसके पास संसाधन, पहुंच और आवाज सबसे कम है। यही सोच समावेशन को शासन की केंद्रीय कसौटी बनाती है। इस दृष्टिकोण का एक बड़ा उदाहरण पूर्वोत्तर को माना जा सकता है। कोविन्द के अनुसार नवंबर 2014 से प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र का 83 से अधिक बार दौरा किया।

संपर्क सुविधाओं, बुनियादी ढांचे, निवेश और शांति के लिए प्रयास किए गए तथा क्षेत्र में 12 प्रमुख शांति समझौते हुए। वर्ष 2014-15 से 2025-26 के बीच पूर्वोत्तर के विकास के लिए सात लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए जाने का उल्लेख भी उन्होंने किया है। यह आंकड़ा बताता है कि जिस क्षेत्र को लंबे समय तक भौगोलिक दूरी और विकास की चुनौतियों के कारण अलग नजर से देखा जाता था, उसे राष्ट्रीय विकास की धारा में अधिक मजबूती से जोड़ने का प्रयास हुआ। सीमावर्ती गांवों को 'अंतिम गांव' के बजाय 'प्रथम गांव' कहना भी केवल शब्दों का बदलाव नहीं है। इसके पीछे नीति की प्राथमिकता बदलने का संदेश है। वाइब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम के जरिए सड़क, संपर्क, पर्यटन, आजीविका और आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने का प्रयास इसी सोच का हिस्सा है। इसी तरह आकांक्षी जिला और आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम यह मानने से इनकार करते हैं कि किसी क्षेत्र का पिछड़ापन उसकी स्थायी नियति है। 2023 में 329 जिलों के 500 ब्लाकों को आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम में शामिल किया जाना इसी दिशा का कदम है। जनजातीय समाज के संदर्भ में भी यही दृष्टिकोण दिखाई देता है। जनजातीय कार्य मंत्रालय के बजट में पिछले एक दशक में 243 प्रतिशत की वृद्धि और पीएम-जनमन के तहत 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को शामिल किए जाने का उल्लेख कोविन्द करते हैं। आवास, सड़क, पेयजल और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देकर विकास की उस कमी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है, जो दशकों से बनी हुई है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान भी विभिन्न विभागों के समन्वय से इसी अंतर को कम करने की कोशिश है।

वित्तिय समावेशन इस बदलाव का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है। 59 करोड़ से अधिक जनधन खातों के माध्यम से ऐसे परिवारों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का दावा किया गया है, जो पहले इससे बाहर थे। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ने सरकारी सहायता को सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने का रास्ता मजबूत किया है। सरकार के अनुसार इससे 5.14 लाख करोड़ रुपये से अधिक की संचयी बचत हुई है। सौभाग्य, उज्ज्वला और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने बिजली, स्वच्छ ईंधन और नल से जल जैसी बुनियादी सुविधाओं को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा। मोदी युग की चर्चा में महिला सशक्तीकरण को अलग करके नहीं देखा जा सकता। स्वच्छ भारत मिशन ने महिलाओं की गरिमा और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे को सार्वजनिक नीति के केंद्र में रखा। मुद्रा योजना में महिलाओं की 68 प्रतिशत हिस्सेदारी और पीएम स्वनिधि में 46 प्रतिशत महिला लाभार्थियों का आंकड़ा आर्थिक भागीदारी के विस्तार की ओर संकेत करता है। लखपति दीदी जैसी पहल का उद्देश्य भी ग्रामीण महिलाओं को केवल सहायता प्राप्त करने वाली नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों की सक्रिय भागीदार बनाना है। हालांकि किसी भी शासन-व्यवस्था के मूल्यांकन में योजनाओं की घोषणा और उनके वास्तविक परिणामों के बीच अंतर को देखना आवश्यक है।

बजट आवंटन, लाभार्थियों की संख्या और सरकारी योजनाओं का विस्तार महत्वपूर्ण संकेतक हैं, लेकिन अंतिम कसौटी जमीनी प्रभाव ही होना। क्या सबसे दूर का गांव बेहतर जुड़ा? क्या सबसे कमजोर परिवार को स्थायी आय मिली? क्या जनजातीय समाज के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हुआ? क्या महिला की आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ी? ऐसे सवाल लगातार पूछे जाने चाहिए। यही कारण है कि 'सबका साथ, सबका विकास' को केवल राजनीतिक नारे के रूप में देखने के बजाय शासन की कसौटी के रूप में देखना अधिक महत्वपूर्ण है।

विकसित भारत का लक्ष्य केवल बड़ी अर्थव्यवस्था या आधुनिक बुनियादी ढांचे से पूरा नहीं होगा। उसकी सार्थकता तब होगी जब विकास की प्रक्रिया में वे वर्ग भी निर्णायक भागीदार बनें, जो लंबे समय तक उसके किनारे खड़े रहे। रामनाथ कोविन्द के लेख का मूल संदेश यही है कि मोदी युग में विकास की परिभाषा को विस्तार देने का प्रयास हुआ है—लाभार्थी से भागीदार तक और हाशिए से मुख्यधारा तक। इस दावे की अंतिम परीक्षा आंकड़ों के साथ-साथ आने वाले वर्षों में उसके सामाजिक और आर्थिक परिणामों से होगी।

### दो टूक




# अरब सागर में बढ़ी समुद्री चिंता



प्रोफेसर (डॉ.) डी.के. पांडेय



समुद्र सामान्यतः शांत दिखाई देता है, लेकिन उसकी गहराइयों में चलने वाली गतिविधियां कई बार सतह पर दिखाई देने वाले तूफान से कहीं अधिक गंभीर होती हैं। उत्तरी अरब सागर में 15 सितंबर, 2026 को भारतीय नौसेना के युद्धपोत और पाकिस्तान नौसेना के पोत के बीच हुई टक्कर इसी ओर संकेत करती है। घटना अंतराष्ट्रीय जलक्षेत्र में हुई और इसमें कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसी देशों की नौसैनिक इकाइयों के बीच हुई यह घटना स्वाभाविक रूप से चिंता पैदा करती है।

भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय युद्धपोत नियमित निगरानी मिशन पर था। इसी दौरान पाकिस्तान नौसेना का जहाज तेज गति से भारतीय पोत के करीब आया और उसने अपना मार्ग असुरक्षित ढंग से बदला। इसके बाद दोनों जहाजों के बीच भौतिक संपर्क हुआ। भारत ने पाकिस्तानी पोत के व्यवहार को अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर बताया। दूसरी ओर पाकिस्तान का पक्ष इससे अलग है। उसने भारतीय युद्धपोत पर अपने नौसैनिक पोत के करीब आने का आरोप लगाया है।

यही वह बिंदु है जहां घटना केवल दो जहाजों की टक्कर नहीं रह जाती, बल्कि भारत-पाकिस्तान संबंधों में मौजूद अविश्वास और सुरक्षा संबंधी संवेदनशीलता से जुड़ जाती है। भारत ने इस घटना के संदर्भ में 1991 के उस द्विपक्षीय समझौते के अनुच्छेद 10 का उल्लेख किया है, जिसका उद्देश्य सैन्य गतिविधियों के दौरान दोनों देशों के बीच गलतफहमी और दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना है। समझौते के तहत अंतराष्ट्रीय जलक्षेत्र में दोनों देशों के नौसैनिक जहाजों और पनडुब्बियों के बीच निर्धारित सुरक्षित दूरी बनाए रखने का प्रावधान है। तीन नॉटिकल मील यानी लगभग 5.5 किलोमीटर की दूरी सुनने में बहुत अधिक लग सकती है, लेकिन युद्धपोतों के संदर्भ में इसका अपना सामरिक महत्व है। युद्धपोत सामान्य यात्री या व्यापारिक जहाज नहीं होते। उनकी गति, दिशा, निगरानी उपकरण और परिचालन गतिविधियां सैन्य उद्देश्य से जुड़ी होती हैं। इसलिए दो विरोधी देशों के युद्धपोतों का अत्यधिक नजदीक आना किसी भी समय जोखिम पैदा कर सकता है।

1991 में भारत और पाकिस्तान ने जिस समझौते को स्वीकार किया था, उसके पीछे भी यही सोच थी कि सैन्य गतिविधियों को लेकर गलत अनुमान या गलतफहमी किसी बड़ी घटना का कारण न बने। दोनों देशों के बीच पहले से तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए ऐसे नियम केवल कागज पर लिखे प्रावधान नहीं, बल्कि संकट रोकने के व्यावहारिक उपाय हैं। मौजूदा घटना में भौतिक नुकसान सीमित रहा, लेकिन सवाल यह है कि दोनों देशों के नौसैनिक पोत एक-दूसरे के इतने करीब कैसे पहुंचे। समुद्र में आधुनिक युद्धपोतों के पास अत्याधुनिक निगरानी और संचार प्रणालियां होती हैं। ऐसे में उनकी गतिविधियों के बीच निर्धारित दूरी और दिशा का पालन विशेष महत्व रखता है।

यहां दोनों देशों के दावों में अंतर भी महत्वपूर्ण है। भारत पाकिस्तान के पोत के व्यवहार को असुरक्षित बता रहा है, जबकि पाकिस्तान इसके लिए भारत को जिम्मेदार ठहरा रहा है। इसलिए, उपलब्ध आरोप-प्रत्यारोप के आधार पर अंतिम निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। वास्तविक स्थिति जानने के लिए संबंधित रिकॉर्ड, नौसैनिक संचार, पोतों की गति और दिशा तथा अन्य उपलब्ध प्रमाणों की जांच आवश्यक होगी। लेकिन इससे एक बात स्पष्ट होती है कि दोनों देशों के बीच समुद्री क्षेत्र में भी भरोसे की कमी किसी जोखिम से कम नहीं है। सीमा पर आमने-सामने खड़ी सेनाओं के बीच तनाव की कल्पना करना आसान है, लेकिन समुद्र में दूर तक फैले अंतराष्ट्रीय जलक्षेत्र में दो सैन्य पोतों के बीच अचानक पैदा हुई स्थिति को नियंत्रित करना कई गुना कठिन हो सकता है। घटना के बाद भारत ने नई दिल्ली में पाकिस्तान के प्रभारी राजनयिक को तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। भारत ने पाकिस्तान से अपनी नौसैनिक इकाइयों को भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए उचित सावधानी बरतने और द्विपक्षीय समझौतों का पालन सुनिश्चित करने को कहा।

इस्लामाबाद में भी भारतीय प्रभारी राजनयिक को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के समक्ष विरोध दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। पाकिस्तान की ओर से भी भारतीय पक्ष के खिलाफ आपत्ति जताई गई। इस प्रकार एक समुद्री घटना दोनों देशों की राजनयिक मशीनरी तक पहुंच गई। यही किसी सैन्य टकराव की संवेदनशीलता को दर्शाता है। जहाजों की टक्कर समुद्र में कुछ क्षणों की घटना हो सकती है, लेकिन उसके बाद शुरू होने वाला आरोप-प्रत्यारोप और राजनयिक संवाद कई दिनों तक चल सकता है। भारत और पाकिस्तान ने 6 अप्रैल, 1991 को नई दिल्ली में सैन्य अभ्यास, युद्धाभ्यास और सैनिकों की आवाजाही की पूर्व सूचना देने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। भारत की ओर से तत्कालीन विदेश सचिव मुचकुंद दुबे और पाकिस्तान की ओर से शहरयार एम. खान ने इस पर हस्ताक्षर किए। अनुसमर्थन दस्तावेजों के आदान-प्रदान के बाद यह समझौता 19 अगस्त, 1992 को लागू हुआ। इस समझौते का मूल उद्देश्य सैन्य गतिविधियों को लेकर एक-दूसरे की मंशा के गलत आकलन से पैदा होने वाले संकट को रोकना था। इसमें थल, नौ और वायु सेनाओं की गतिविधियों को लेकर कई प्रावधान किए गए। नौसैनिक गतिविधियों के लिए भी दूरी और संचालन से जुड़े नियम निर्धारित किए गए। आज तीन दशक से अधिक समय बाद भी इस समझौते का महत्व कम नहीं हुआ है। बल्कि भारत-पाकिस्तान के मौजूदा सुरक्षा वातावरण में ऐसे विश्वास-निर्माण उपायों की आवश्यकता और अधिक महसूस होती है।

भारत और पाकिस्तान दोनों के लिए यह घटना एक चेतावनी की तरह देखी जा सकती है कि सैन्य शक्ति के प्रदर्शन से अधिक महत्वपूर्ण उसका जिम्मेदार संचालन है। युद्धपोत अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों से लैस होते हैं, लेकिन समुद्री सुरक्षा केवल हथियारों से सुनिश्चित नहीं होती। इसके लिए अनुशासन, स्पष्ट संचार, निर्धारित दूरी और तत्काल निर्णय लेने की क्षमता भी जरूरी है। विशेषकर भारत और पाकिस्तान जैसे देशों के मामले में किसी छोटी समुद्री घटना को बड़ा राजनीतिक या सैन्य विवाद बनने से रोकना दोनों पक्षों के हित में है। यदि किसी घटना में जान-माल का बड़ा नुकसान हो जाए तो उसके बाद पैदा होने वाला दबाव कहीं अधिक गंभीर हो सकता है। इसलिए, मौजूदा घटना के संदर्भ में सबसे जरूरी बात आरोप तय करना नहीं, बल्कि उन परिस्थितियों को समझना है जिनमें दोनों नौसैनिक पोत इतने करीब आए। जांच से यदि किसी पक्ष की लापरवाही सामने आती है तो भविष्य में उसे रोकने के लिए परिचालन स्तर पर सुधार किए जाने चाहिए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# पतन और उम्मीद के बीच झूलती पत्रकारिता

सर्वमित्रा सुरजन

कानों सुनी पर यकीन करें न करें, लेकिन आंखों देखी पर तो भरोसा करना ही पड़ेगा। इसलिए देश की बड़ी समाचार एजेंसी एएनआई ने कहा नहीं दिखाया है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शिरकत के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच कितने सेकंड का हाथ मिलाकर अभिवादन हुआ। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एएनआई ने सितार और तबले की सुमधुर धुन के साथ डिजीटल घड़ी में समय चलते दिखाया है कि एक-दो नहीं पूरे 18 सेकंड तक मोदी और जिनपिंग हाथ मिलाते रहे। अच्छा हुआ 2014 में जब गुजरात में शी जिनपिंग के साथ नरेन्द्र मोदी ने झूला झूला था, तब एएनआई ने ये हरकत नहीं की, वर्ना पत्रकारिता के नाम पर यह जानकारी भी जनता को दी जाती कि झूला कितनी बार ऊपर गया, कितनी बार नीचे आया और कितने मिनट मोदी और जिनपिंग झूलते रहे।

इससे पहले बाकी गोदी मीडिया भी ऐसी ही फिजूल जानकारियां पत्रकारिता के नाम पर परोसता रहा है, इसलिए जनता के हित से जुड़े असल मुद्दों पर चर्चा को छोड़कर आम चूस के खाते हैं या काट कर, मोदी कितने घंटे सोते हैं, थकते क्यों नहीं- जैसे सवाल उनके एक्सक्लूसिव इंटरव्यू का हिस्सा बनते हैं। जब पत्रकार ऐसे हो चुके हैं तभी तो प्रधानमंत्री खुद को नॉन बायलॉजिकल कहने का दुस्साहस भी करते हैं। दो साल पहले चुनावों से पहले मोदी ने अपने में ईश्वरीय अंश बताने वाला बेतुका बयान दिया था और इस पर कोई प्रतिप्रश्न नहीं हुआ, तब लगा कि पत्रकारिता का पूरी तरह पतन हो चुका है। लेकिन अब एएनआई समेत कई चैनलों के पत्रकारों ने इस धारणा को तोड़ा है। अभी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ही मुफ्त की चीजें पाकर गदगद हुए पत्रकारों ने वीडियो बनाकर दिखाया कि उन्हें सरकार ने सम्मेलन की रिपोर्टिंग के लिए कौन-कौन सी चीजें बैग में भरकर दी हैं। एक अच्छा सा लैपटॉप बैग, उसके भीतर बढ़िया बोतल, मखाना, बटुआ ऐसी चीजें एक पत्रकार ने अपने वीडियो में दिखाई और आखिर में दिखाया कि हां पत्रकार हैं तो पेन और डायरी भी मिली है। गनीमत है कि उन्हें याद रहा कि वो पत्रकार हैं तो पेन और डायरी की अहमियत है। हालांकि अब मोबाइल से भी सारे काम हो जाते हैं। पर पत्रकार ये सवाल खुलकर तो नहीं कर सकते कि नया मोबाइल ही सरकार ने क्यों नहीं दे दिया। बैग समेत सारा सामान मान लें कि 10-15 हजार रुपए का हुआ, तब भी सरकार के लिए यह बहुत सस्ता सौदा है, जिसमें वो अब पत्रकारों से वही सब लिखवा और कहलवा सकती है जो वो चाहती है। इसलिए ब्रिक्स जैसे अंतराष्ट्रीय कूटनीतिक महत्व के आयोजन में यही चर्चा हुई कि मोदी ने जिनपिंग से कितनी देर हाथ मिलाया और पुतिन को कैसे हाथ पकड़कर अपनी तरफ खींचा। बाकी देश के लिए इस सम्मेलन का क्या हासिल रहा, या इसका भविष्य में क्या असर दिखेगा, इन बातों पर बहुतेरे पत्रकारों ने ध्यान देना छोड़ दिया है। जो पत्रकार ध्यान देते हैं, उन्हें वैसे ही परेशान किया जाता है, जैसे लखनऊ में दिव्या श्रीवास्तव को किया गया।

जी हां योगी आदित्यनाथ के साथ बिल्कुल नरेन्द्र मोदी वाला हाल हुआ। नॉर्वे में पत्रकार हेले लिंग ने प्रेस को संबोधित करने आए नरेन्द्र मोदी से पूछ था कि- आप पत्रकारों के सवालों का सामना क्यों नहीं करते और मोदी बिना जवाब दिए उठ कर चले गए थे। अब लखनऊ में योगी आदित्यनाथ ने ऐसे ही एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया और फिर उनके सहयोगी ने कहा कि पत्रकार अब जलपान के लिए आमंत्रित हैं, तो दिव्या श्रीवास्तव नाम की पत्रकार ने कहा कि आपने प्रेस वार्ता बुलाई है तो सवाल क्यों नहीं करने देते। लेकिन योगी बिना जवाब दिए उठ कर चले गए। लेकिन इसके बाद अब दिव्या श्रीवास्तव को पत्रकारिता का धर्म निभाने की सजा भुगतनी पड़ रही है। जिस संस्थान में वे कार्यरत थीं, बताया जा रहा है कि उन्हें वहां से निकाल दिया गया है। उनके घर पुलिस पूछताछ करने पहुंच गई। इसके अलावा सोशल मीडिया पर धमकियों और ट्रोलिंग का सिलसिला भी शुरु हो गया। हेले लिंग के साथ भी भारतीय मीडिया के ही कुछ पत्रकारों समेत भाजपा से जुड़े लोगों ने यही व्यवहार किया था और अब दिव्या श्रीवास्तव को सत्ता से सवाल पूछने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है।

सरकार ऐसे ही हथकंडों से अपने विकास की गाथाएं सुनाती है। अभी उत्तर प्रदेश में चुनाव हैं, तो फिर से पत्रकारों को 10-15 हजार के सामान के साथ कलम थमाकर याद दिलाया जाएगा कि तुम पत्रकार तो हो, लेकिन भलाई इसी में है कि सरकार के पालतू बने रहो। वैसे योगी मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार का तरीका भी अपना सकते हैं। यहां यादव सरकार पर आरोप है कि कुछ यूट्यूबर्स को अपने पक्ष में बोलने के लिए सरकार ने तैयार कर लिया है, जो अब उन पत्रकारों पर या लोगों पर निशाना साधते हैं जो मोहन यादव सरकार पर उंगली उठाते हैं। हाल ही में बालाघाट जिले में दूषित पानी के कारण कम से कम 30 बैगा आदिवासी बच्चों की मौत हो चुकी है। इस मामले को कांग्रेस तो जोर-शोर से उठा ही रही है, वहीं स्कूल ठीक करो अभियान चलाने वाले अभिजित दिपके भी बीते दिनों बालाघाट पहुंचे। कॉकरोच जनता पार्टी बनाकर अभिजित दिपके किस तरह मोदी सरकार को परेशान कर चुके हैं, यह जंतर-मंतर आंदोलन ने दिखा दिया है। इसके बाद अभिजित दिपके और सीजेपी से जुड़े लोग देश भर में अलग-अलग जगहों पर पहुंच कर स्कूलों की बदहाली पर सवाल उठा रहे हैं और सरकारों को जिम्मेदारी निभाने कह रहे हैं। लोकतंत्र में ऐसे अभियानों पर आपत्ति का कोई कारण नहीं है, क्योंकि कोई संस्था हो या व्यक्ति, हर किसी को आवाज उठाने और सवाल पूछने का हक है। लेकिन अभिजित दिपके जब बालाघाट पहुंचे तो वहां उन्हें कई तथाकथित स्वतंत्र पत्रकारों ने घेर लिया और तंज कसने लगे कि आ गए लाशों पर राजनीति करने।

दिपके से ऐसे सवाल करने वाले बेचारे माइकधारियों को पता ही नहीं कि कॉकरोच जनता पार्टी कोई पंजीकृत राजनैतिक दल नहीं है, न ही अब तक दिपके ने अपनी राजनैतिक प्रतिबद्धता किसी दल के साथ दिखाई है। तो वो लाशों पर राजनीति कैसे करेंगे। जहां तक सवाल पत्रकारों का है, तो अगर वे वाकई पत्रकार होते तो खुद दिपके के साथ इस बात की तह में जाने की कोशिश करते कि आखिर क्यों बच्चों को दूषित पानी पीने पर मजबूर होना पड़ा। अगर एक बच्चे की भी अकाल मौत होती है तो उस पर समूचे तंत्र को दहल उठना चाहिए कि आखिर कैसी सरकार और प्रशासन है जो मासूम बच्चे को न बचा सका, लेकिन यहां 30 से ज्यादा बच्चे मर गए और मीडिया को आपस में ही भिड़ाने का खेल सरकार ने रच दिया।

**(यह लेखिका के अपने विचार हैं।)**

### कोरस



संजय एम तराणेकर

## नौकरी का वेतन और ड्यूटी का हिसाब

सरकारी कुर्सी मिली तो जिम्मेदारी साथ आई,
वेतन केवल हक नहीं, ड्यूटी की शपथ समाई।
छह महीने ड्यूटी से दूरी, फिर भी वेतन जारी,
सवाल उठा तो दफ्तर में हर कोई थोड़ा भारी।

पीजी की पढ़ाई, नौकरी की ड्यूटी अपनी बात,
दोनों साथ निभाने में नियमों का साफ हिसाब।
सिफारिश हो या रिश्ते, कानून सभी के लिए हो,
सरकारी पद पे बैठों तो कर्तव्य के प्रति नेक हो।

70 हजार तनख्वाह में जनता का हैं पैसा जुड़ा,
हर एक रुपये के पीछे विश्वास किसी का खड़ा।
जांच अगर अब हो रही है, सच सामने आने दो,
दोषी कौन-निर्दोष कौन नियमों को बतलाने दो।

*(संदर्भ - विधायक की भतीजी को बिना काम सैलरी)*



# ट्रंप से निपटने में भारत की मोल-भाव करने की ताकत बढ़ी

नित्य चक्रवर्ती

चीन के बाद ब्रिक्स में भारत दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। शिखर सम्मेलन में चीन, भारत और रूस के बीच की दोस्ती ने निश्चित रूप से ट्रंप को चिंता में डाला होगा। इसी तरह, अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान और यूएई के बीच मध्यस्थता में भारत की भूमिका पर भी ध्यान दिया होगा। ब्रिक्स बैठक ने संकेत दिया कि वैश्विक भू-राजनीति की दिशा तय करने का एकतरफा अधिकार केवल अमेरिका के पास नहीं है। और 13 सितंबर को नई दिल्ली में हुई 18वीं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने भारत को वैश्विक दक्षिण में अपना खोया हुआ रुतबा वापस पाने में मदद की है। यह रुतबा 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के कुछ समय बाद ही कम हो गया था।

ठीक बारह साल बाद, उन्हीं नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स की विस्तारित बैठक की मेजबानी की और अपनी कूटनीतिक कुशलता दिखाई। उन्होंने आम सहमति के आधार पर संयुक्त घोषणा-पत्र सुनिश्चित किया, ईरान और पश्चिम एशिया में परस्पर विरोधियों के बीच सुलह कराई, बिना अमेरिका का नाम लिए, डोनाल्ड ट्रंप को वैश्विक दक्षिण की ओर से उनके एकतरफा टैरिफ कदमों और व्यापार युद्ध पर कड़ा विरोध जताया, और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं, जिसमें आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर जोर देने के साथ-साथ भारत की अहम सीमाओं पर भी जोर दिया गया।चीन के बाद ब्रिक्स में भारत दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है।

शिखर सम्मेलन में चीन, भारत और रूस के बीच की दोस्ती ने निश्चित रूप से ट्रंप को चिंता में डाला होगा। इसी तरह, अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान और यूएई के बीच मध्यस्थता में भारत की भूमिका पर भी ध्यान दिया होगा। ब्रिक्स बैठक ने संकेत दिया कि वैश्विक भू-राजनीति की दिशा तय करने का एकतरफा अधिकार केवल अमेरिका के पास नहीं है। ब्रिक्स बहुपक्षवाद में विश्वास करता है, और ब्रिक्स समूह की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाएं - भारत, रूस और चीन- भी इसी सोच को साझा करती हैं। क्या ब्रिक्स बैठक के दौरान मोदी के प्रदर्शन का मतलब यह है कि वह ट्रंप से दूरी बना रहे हैं? इसका जवाब है - बिल्कुल नहीं। नरेंद्र मोदी पक्के तौर पर आरएसएस से जुड़े रहे हैं। वह दक्षिणपंथी भाजपा का चेहरा हैं। ट्रंप खुद को वैश्विक दक्षिणपंथी खेमे का असली नेता मानते हैं। उनमें कई समानताएं हैं। लेकिन, साथ ही, नरेंद्र मोदी एक गर्वित राष्ट्रवादी भी हैं जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और सबसे बड़े घरेलू बाजार वाले देश का नेतृत्व कर रहे हैं। ब्रिक्स बैठक के बाद नरेंद्र मोदी का बढ़ा हुआ कद उन्हें आने वाले दिनों में डोनाल्ड ट्रंप के साथ मजबूत स्थिति से बातचीत करने में मदद करेगा। ट्रंप इस साल दिसंबर में मियामी में जी-20 बैठक की मेजबानी कर रहे हैं। इस बात की संभावना है कि उसी समय के आसपास क्वैड का शिखर सम्मेलन भी हो सकता है, जिसका मतलब है कि भारत इसका मेजबान नहीं होगा, जैसा कि पहले तय किया गया था।

छह हफ्ते बाद, 3 नवंबर को अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होंगे। अगर संकेत सही साबित होते हैं और रिपब्लिकन पार्टी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट दोनों में हार जाती है, तो ट्रंप पर भारी दबाव होगा। 2028 में उनका कार्यकाल खत्म होने तक उनकी राष्ट्रपति पद को कोई खतरा नहीं है, लेकिन 2028 के राष्ट्रपति चुनावों को ध्यान में रखते हुए ट्रंप को अपने घरेलू मुद्दों पर ज्यादा ध्यान देना होगा। इसलिए, भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की अंतिम शर्तों पर बातचीत करने के लिए बेहतर स्थिति में होगा, जो कि अंतिम रूप दिए जाने के चरण में है। साथ ही, क्वैड बैठक के संबंध में, बीजिंग में अपने पिछले शिखर सम्मेलन के बाद से ही ट्रंप ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी प्राथमिकता को कम कर दिया है। इसलिए, क्वैड बैठक बिना किसी खास महत्व के सिर्फ एक सामान्य कार्यक्रम बन कर रह सकती है।

भारत सहयोगी बने रहते हुए भी अमेरिका के सामने अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर देने में सहज महसूस करेगा, और 2025 और 2026 के शुरुआती समय के मुकाबले बेहतर स्थिति में होगा। भारत-चीन संबंधों में सुधार के अलावा, शी-मोदी द्विपक्षीय बैठक की बातों और शी द्वारा कही गई बातों के महत्व पर ध्यान देना दिलचस्प होगा। भारतीय प्रधानमंत्री ने शी के साथ अपनी बैठक में सीमा से जुड़े मुश्किल मुद्दे पर जोर दिया। लेकिन शी कुछ और ही योजना लेकर आए थे। चीनी नेता भारत को चीन के दबदबे वाली वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भागीदार बनाने की संभावना पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। चीनी अधिकारी भारत और चीन दोनों के लिए फायदेमंद स्थिति की बात कर रहे हैं, अगर ब्रिक्स की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं इस नेक कोशिश में सहयोग करती हैं। इसका मतलब होगा भारत में ज्यादा चीनी निवेश और साथ ही, ज्यादा भारतीय वैश्विक निर्यात।



भारतीय अधिकारियों को चीनी प्रस्ताव की बारीकी से जांच करनी होगी और यह देखना होगा कि भारत को क्या फायदे हो सकते हैं, और क्या चीन से कोई सुरक्षा खतरा है। इसी तरह, ओपन-सोर्स एआई प्लेटफॉर्म के लिए शी का एक्शन प्लान अमेरिका के लिए एक चुनौती है। भारतीय पक्ष को शी के महत्वाकांक्षी प्रस्ताव के सभी पहलुओं पर विचार करना होगा, क्योंकि भारतीय भी वैश्विक स्तर पर एआई के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाते हैं। शी की बातों से यह साफ था कि अगले पांच सालों के लिए भारत के साथ चीन की प्राथमिकता आर्थिक सहयोग है। इसमें ज्यादा व्यापार और निवेश शामिल हैं। सीमा और अरुणाचल को लेकर मतभेदों जैसे राजनीतिक मुद्दे मौजूदा स्थिति में ही बने रहेंगे, या जिसे कई चीनी जानकार रणनीतिक गतिरोध कहते हैं, वैसी ही स्थिति रहेगी। चीन यह पक्का करेगा कि शांति बनी रहे, ताकि आर्थिक सहयोग में राजनीतिक अड़चनें न आएं। कुल मिलाकर, ब्रिक्स नई दिल्ली शिखर सम्मेलन से भारत के लिए संदेश यह है कि नरेंद्र मोदी को अमेरिका और चीन, दोनों के संबंध में भारत की विदेश नीति में रणनीतिक स्वायत्तता का इस्तेमाल करते समय ज्यादा मजबूती दिखानी होगी। जहां तक रूस की बात है, तो 1991 में सोवियत संघ के टूटने से पहले और उसके बाद भी रूस के साथ भारत के गहरे भावनात्मक और संरचनात्मक संबंध हैं।

अपने कार्यकाल के शुरुआती वर्षों में नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, जो निराशाजनक था। लेकिन तीसरे कार्यकाल में खाड़ी संकट के कारण भारत को रूस से बड़ी मात्रा में तेल आयात करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पिछले दो वर्षों में रूस ने भारत को भुगतान संतुलन के संकट से निपटने में मदद की है। अब भारत सरकार को रक्षा सौदों और पेट्रोलियम आयात बढ़ाने के अलावा रूस के साथ सहयोग के अन्य क्षेत्रों का भी विस्तार करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास अब भारतीय विदेश नीति को नया रूप देने और उसे अधिक स्वतंत्र आधार पर स्थापित करने का एक बड़ा अवसर है। साथ ही, उन्हें रणनीतिक स्वायत्तता के आधार पर तीनों बड़ी ताकतों-अमेरिका, चीन और रूस- के साथ रचनात्मक संबंध बनाए रखने होंगे। ब्रिक्स के नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भारत को जो लाभ मिले हैं, प्रधानमंत्री उनका किस तरह उपयोग करते हैं, इस पर दुनिया भर के पर्यवेक्षकों की पैनी नजर रहेगी। खासकर इसलिए भी क्योंकि चीन भारत से ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा और 2027 में शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com;samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सड़क कर्मचारी को बीच सड़क पर पीटा, वीडियो वायरल

**सुमेरपुर।** कस्बे के बस स्टैंड के पास सड़क पर काम कर रहे कंपनी के कर्मचारी के साथ कुछ युवकों ने मारपीट कर दी। आरोपितों ने कर्मचारी को सड़क पर गिराकर लात-घूंसों से पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आया है। बताया जाता है कि बस स्टैंड के पास कंपनी के कर्मचारी सड़क पर काम कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कुछ लोगों से उनका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर युवकों ने कर्मचारी के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे बीच सड़क पर गिराकर पीटा। वायरल वीडियो में कई युवक कर्मचारी के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपितों की पहचान करने के साथ घटना के कारणों की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि दोनों पक्ष थाने में मौजूद हैं और पूछताछ की जा रही है। मारपीट में शामिल युवक चंदपुरवा बुजुर्ग गांव के बताए जा रहे हैं। तहरीर और जांच के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### रिक्शा चालक को तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी

**कुरारा।** पड़ई गांव निवासी रिक्शा चालक अनिल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर गाली-गलौज करने और तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बताया कि शाम पांच बजे भौली स्टैंड से सवारी लेकर गांव जा रहा था। तभी भौली रोड निवासी ध्रुव यादव बाइक से आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर तमंचा लगाकर भगत तालाब स्थित श्मशान घाट के पास गोली मारने की धमकी दी।

### व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो निस्तारण: डीएम



**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में व्यापार बंधु, उद्योग बंधु एवं श्रम बंधु की बैठक हुई। व्यापारियों ने जीएसटी, नए पंजीकरण, व्यापारी दुर्घटना बीमा और आरएफआईडी से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उद्योग बंधु की बैठक में निवेश मित्र पोर्टल, निवेशकों के प्रकरण, ऋण योजनाओं और मुख्यमंत्री युवा योजना की समीक्षा हुई। डीएम ने उद्यमियों के लंबित प्रकरण शीघ्र निस्तारित करने तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। श्रम बंधु बैठक में बाल एवं बंधुआ श्रम के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने औद्योगिक प्रतिष्ठानों, होटल-रेस्टोरेंट और ईंट-भट्ठों में नियमित निरीक्षण कर बाल एवं बंधुआ श्रमिकों को नियमानुसार मुक्त कराने को कहा। साथ ही श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण और कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम न्यायिक रिजवान शाहिद, डिप्टी कलेक्टर पैगाम हैदर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### बिना लाइसेंस-हेलमेट स्कूल आने पर होगी कार्रवाई



**झांसी।** कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। उन्होंने बिना लाइसेंस और हेलमेट के दोपहिया वाहन से स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए। बालिकाओं को ले जाने वाली स्कूल बसों में महिला अटेंडेंट अनिवार्य करने को कहा।एडीएम ने अनफिट स्कूली वाहनों को सीज करने, चालकों का सत्यापन व स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा ओवरलोड, बिना नंबर प्लेट और स्टंटबाजी करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के वाहन चलाने पर भी कार्रवाई को कहा। नो पार्किंग और नो वेंडिंग जोन में अतिक्रमण हटाने के साथ बड़ागांव क्षेत्र के करीब 27-28 अवैध कट बंद कराने और फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट देने के निर्देश एनएचएआई को दिए गए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### संघर्ष सेवा समिति ने पीएम मोदी का मनाया जन्मदिवस



**झांसी।** संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस और भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए केक काटा। इसके साथ ही भगवान विश्वकर्मा का पूजन कर देश की प्रगति और समृद्धि की कामना की गई। समिति के संस्थापक संदीप सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिवस सेवा, संकल्प और सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, कौशल, श्रम और निर्माण के प्रतीक हैं। कारीगरों, शिल्पकारों, तकनीशियनों, इंजीनियरों और मेहनतकश लोगों का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। युवाओं को कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास जरूरी हैं। इस अवसर पर सौरभ सिंह, नितिन वर्मा, हर्ष श्रीवास्तव, आहित खान, कमल मेहता, अखिलेश सिंह यादव, सोनू ठाकुर, बॉबी ठाकुर और राजू सेन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उत्तम क्षमा धर्म के साथ शुरू हुआ दशलक्षण पर्व



**बरुआसागर (झांसी)।** दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार को उत्तम क्षमा धर्म के साथ दशलक्षण पर्व का शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ की शांतिधारा, पूजन-अर्चन और धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। रात में संगीतमय आरती के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।शांतिधारा में सुमेरचंद्र, प्रदीप अलया, सौरभ जैन, शुभम जैन, शैलेश जैन, समकित अलया, राकेश और हिमांशु जैन सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। जयपुर के सांगानेर से आए पंडित आदि शास्त्री ने उत्तम क्षमा धर्म का महत्व बताते हुए कहा कि क्रोध का त्याग और मन की बुराइयों को दूर करना ही धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने का आधार है।आरती में वरुण जैन, पीयूष भंडारी और अमित बैसाखियां ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। मंदिर परिसर देर रात तक भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा।

# सेवा संकल्प अभियान में हमीरपुर राठ में रक्तदान शिविर आयोजित






**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ अवसर पर गुरुवार को जिला चिकित्सालय हमीरपुर और सीएचसी राठ में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। जिला चिकित्सालय में सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, जिलाधिकारी अभिषेक गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, नगरपालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद व सीएमओ डॉ. अलका शुक्ला ने शिविर का शुभारंभ किया। राठ में विधायक मनीषा अनुरागी और जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने फीता काटकर कार्यक्रम शुरू किया। सदर विधायक ने रक्तदान को मानव सेवा का पुनीत कार्य बताते हुए लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की। विधायक राठ ने सीएचसी की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की जानकारी देते हुए अस्पताल को 35 से बढ़ाकर 100 बेड करने का प्रस्ताव शासन को भेजे जाने की बात कही। जिलाधिकारी ने युवाओं, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं से रक्तदान में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर सदर विधायक, सीडीओ अरुण कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी राघवेन्द्र सिंह और जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए।

# धूमधाम के साथ मनाया गया विश्वकर्मा पूजा



**समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर, हमीरपुर।**

विश्वकर्मा जयंती कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ मनाई गई। उद्योग नगरी के कारखानो में पूजन अर्चन के बाद भंडारे आयोजित कराए गए। विश्वकर्मा जयंती पर जेके सीमेंट के यूनिट हेड पंकज त्रिवेदी ने हवन पूजन किया। इसके बाद भंडारे का आयोजन कराकर फैक्ट्री कर्मियों को प्रसाद वितरण कराया गया। इस मौके पर अरुण कुमार दीक्षित, नीरज ओझा, अविनाश चंद्र, सुरेंद्र सिंह, अंकित पालीवालआदि मौजूद रहे। रिमझिम इस्पात मे कंपनी के डायरेक्टर संजीव अग्रवाल ने पूजन किया। एचयूएल में भरत चौधरी ने पूजन करके प्रसाद वितरण कराया।

## डीएम ने निर्माणाधीन महिला पॉलिटेक्निक भवन का किया औचक निरीक्षण



**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने वीरांगना झलकारी बाई राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में लोक निर्माण विभाग की भवन विंग द्वारा निर्माणाधीन भवन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।करीब 14.07 करोड़ रुपये की लागत से 2245 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बन रहे भवन का निर्माण मार्च 2024 से चल रहा है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बरामदे में जल निकासी और समतलीकरण की व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। क्लासरूम की खिड़कियों में गुणवत्तायुक्त हैंडल लगाने तथा दिव्यांग छात्राओं के लिए रैंप और शौचालय की व्यवस्था भी देखी।डीएम ने भवन को नमी और दीमक से सुरक्षित रखने की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने लंबित रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। भवन के चारों ओर बिछाई जा रही सीसी के किनारे इंटरलॉकिंग कराने को कहा, ताकि निर्माण की गुणवत्ता बेहतर रहे।उन्होंने कहा कि भवन का प्रवेश द्वार उसकी पहचान होता है, इसलिए मुख्य द्वार को आकर्षक, सुंदर और छात्राओं के अनुकूल बनाया जाए। प्रवेश द्वार पर पेंटिंग कराने के भी निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था ने बताया कि निर्माण कार्य 10 से 15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। डीएम ने बारिश को देखते हुए आंतरिक कार्य प्राथमिकता से पूरा कराने और फर्नीचर के लिए प्रस्ताव तत्काल भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा संदीप कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता दीपांकर चौधरी और प्रधानाचार्य प्रदीप सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मौदहा में एक्सपायरी खाद्य पदार्थ नष्ट लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई



**मौदहा।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए गुरुवार को एसडीएम कर्णवीर सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने स्टेशन रोड स्थित आंचल ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। जांच में एक्सपायरी बिस्कुट, चॉकलेट आदि का निर्धारित मानकों के विपरीत निस्तारण किया जाना पाया गया। खाद्य पदार्थों के रखरखाव में भी मानकों का पालन नहीं मिला। इस पर प्रतिष्ठान के एफएसएसएआई लाइसेंस को जनहित में निलंबित करने की कार्रवाई शुरू की गई। मौके पर एक्सपायरी बिस्कुट और चॉकलेट के पैकेट क्रश कराकर नष्ट कराए गए, ताकि उनका दोबारा उपयोग न हो सके। प्रतिष्ठान में बिक्री के लिए रखी गोल्डी ब्रांड की हींग का नमूना जांच के लिए लिया गया। इसे प्रयोगशाला भेजकर रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। टीम ने खाद्य कारोबारी को मानकों के अनुरूप खाद्य पदार्थों के भंडारण और बिक्री के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान सीओ मौदहा राजकुमार पाण्डेय, सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. गौरीशंकर, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव और खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनिता यादव मौजूद रहीं।

# विश्वकर्मा जयंती पर 400 लाभार्थियों को टूलकिट वितरित

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

विश्वकर्मा जयंती और सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को हमीरपुर और राठ में कारीगरों व हस्तशिल्पियों को टूलकिट वितरित किए गए। उपायुक्त उद्योग जयश्री के संयोजन में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 400 लाभार्थियों को टूलकिट मिले।

कुछेछा स्थित विकास भवन सभागार में सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति और सीडीओ अरुण कुमार सिंह ने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के 150 हलवाई और 200 दर्जी, कुल 350 लाभार्थियों को टूलकिट दिए। राठ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विधायक मनीषा अनुरागी और जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने 50 दर्जी लाभार्थियों को टूलकिट वितरित किए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के दो लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाबी दी गई। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत रवीन्द्र कुमार राजपूत को पांच लाख रुपये का डेमो चेक प्रदान किया गया। अधिकारियों ने लाभार्थियों से योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार बढ़ाने का आह्वान किया।



## विश्वकर्मा जयंती पर पुलिस लाइंस में हुआ शस्त्र पूजन



**हमीरपुर।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित शस्त्रागार में विधि-विधानपूर्वक शस्त्र पूजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने शस्त्रागार में रखे शस्त्रों एवं अन्य उपकरणों का विधिवत पूजन किया। इस दौरान शस्त्रागार की साफ-सफाई, रख-रखाव और शस्त्रों की सुरक्षित स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सेवा को संस्कार और संस्कार को कर्म से जोड़कर ही साकार होगा विकसित भारत का संकल्प: मुकेश पांडेय

- बुंदेलखंड विवि में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ
- एक माह तक चलेंगी जनभागीदारी से जुड़ी गतिविधियां

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बुधवार को हिंदी विभाग के वृंदावन लाल वर्मा सभागार में 'सेवा संकल्प अभियान' का औपचारिक शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत आगामी एक माह तक सेवा, सामाजिक सहभागिता, स्वच्छता, नशामुक्ति और नवाचार से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति



मुकेश पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि सेवा का जन्म संवेदना से होता है और सेवा को संस्कार तथा संस्कार को कर्म से जोड़कर ही सामाजिक परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि सेवा के लिए केवल धन जरूरी नहीं है। श्रमदान, रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता, जल सेवा, जरूरतमंदों को वस्त्र व फल वितरण, समयदान और ज्ञानदान भी सेवा के महत्वपूर्ण रूप हैं।कुलपति ने कहा कि बुंदेलखंड की पहचान शौर्य, त्याग और संस्कारों के लिए है। अब सेवा के क्षेत्र में भी इसकी पहचान मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने 'ज्ञान से समाज में सेवा और सेवा से जनभागीदारी' के मॉडल पर जोर देते हुए कहा कि सेवा किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रो. मुन्ना तिवारी ने बताया कि अभियान के दौरान 'आशीर्वाद का दीप', 'सेवा में योगदान', 'कहानी बदलाव की' और 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन' सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर और वित्त अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह सहित शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सीएचसी में धूमधाम से मना पीएम मोदी का जन्मदिन, मरीजों को बांटे फल

- चिकित्सकों ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की



**समथर (झांसी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समथर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज कुमार तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि संजय गुर्जर रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संगुल तिवारी ने की।इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही सीएचसी में उपचार के लिए आए मरीजों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, कार्यशैली तथा देश के विकास में उनके योगदान पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है इस दौरान डॉ. के.डी. मिश्रा, शिखा, श्वेता राजपूत, क्रांति, फार्मासिस्ट देवेंद्र सिंह चौहान, कर्मचारी शुभम श्रीवास्तव, देशात सोनी, रामप्रकाश सहित स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मचारी एवं लोग मौजूद रहे।

## कुलपहाड़ में धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश उत्सव पंडाल में गूंजा गणपति बप्पा मोरिया



**कुलपहाड़ (महोबा)।** इस समय नगर में गणेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें रामलीला मंच, मेला ग्राउंड पुरानी तहसील सहित विभिन्न घरों में भी गणेश जी की झांकियां सजाकर भजन पूजन व आरती की जा रही है। रामलीला मंच में विराजमान गणेश जी के दरबार में प्रतिदिन व्यापार मंडल के आयोजकों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसे देखने के लिए छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं, पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर देवेंद्र अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, पवन नामदेव, कल्पित अग्रवाल, शोभित सोनी, बृजेंद्र द्विवेदी, आकाश मिश्रा, राजू सोनी, निखिल सोनी आदि लोगों द्वारा भरपूर सहयोग किया जा रहा है। वहीं कुलपहाड़ तहसील के भरवारा गांव में मांझा गांव स्थित शिव मंदिर के समीप गणपति प्रतिमा रखी गई है जहां पर लोगों ने भक्ति भाव से गणपति की आरती कर गणपति बप्पा मोरिया के नारे लगाए लोग इस समय गणपति उपलक्ष में डूबे हुए हैं भरवारा निवासी दीपेश सेन, माहौल, जयप्रकाश आदि लोग मोजूद रहे।

## पानी भरे गड्ढे में डूबकर बालक की मौत

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के कैरी गांव निवासी मान सिंह का डेढ़ वर्षीय पुत्र शनि बुधवार की दोपहर घर के बाहर खेलते समय कुछ दूर पानी भरे गड्ढे डूब गया। उसकी दो वर्षीय चचेरी बहन ने घरवालो को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे घरवालो ने उसे गड्ढे से बाहर निकाला जीवित होने की उम्मीद पर उसे पीएचसी बिसंडा लेकर आए। यहां उसे मृत घोषित कर दिया।

## किशोरी ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के पुनाहुर गांव निवासी विनीता वर्मा (17) पुत्री प्रेमबाबू ने बुधवार की दोपहर कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में दुपट्टा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बस स्टैंड से घर लौटे पिता ने उसका शव फंदे पर लटकते देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

# सीएचसी पनवाड़ी में लगा रक्तदान शिविर, 7 लोगों ने किया रक्तदान

**समृद्धि न्यूज़, पनवाड़ी (महोबा)।**

जिले के पनवाड़ी कस्बा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत एक रक्तदान और फल वितरण कार्यक्रम हुआ। इसका उद्घाटन पनवाड़ी की ब्लाक प्रमुख अंजना अनुरागी ने किया। इस शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें से 7 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल भी बांटे गए। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में मदद मिलती है। इस मौके पर भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद थे। इनमें क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरविंद



राजपूत, जिला महामंत्री श्रीप्रकाश अनुरागी, मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, श्रीप्रकाश मिश्रा, गोलू अग्रवाल और अंकित अग्निहोत्री शामिल थे। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश वर्मा, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक वसीम बेग, बीसीसीपीएम सरिता गुप्ता, महोबा ब्लड बैंक के नादीम खान, एलटी शैलेंद्र सिंह चंदेल, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रामकुमार विश्वकर्मा और कनिष्ठ सहायक गौरव राजपूत भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## भगवान विश्वकर्मा शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत समाज के मेधावियों का सम्मान



**उरई(जालौन)।** देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर गुरुवार को श्री विश्वकर्मा समाज सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कोंच रोड स्थित श्रीराम पैलेस के समीप से शुरु हुई शोभायात्रा में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया और व्यापारियों ने जलपान की व्यवस्था की।
शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी की मौजूदगी में हुआ। विशिष्ट अतिथि अशोक राठौर व राकेश अग्रवाल मौजूद रहे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की।
शोभायात्रा श्रीराम पैलेस से शुरु होकर पीली कोठी, घंटाघर, भगत सिंह चौराहा होते हुए स्टेशन रोड और करमेर रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर पहुंची। समिति की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांसद नारायण दास अहिरवार व समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष दीपक झा संजय झा, मंत्री नीलकमल विश्वकर्मा, सहमंत्री राजकुमार विश्वकर्मा बब्बा, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, सह कोषाध्यक्ष हरिहर विश्वकर्मा, प्रबंधक अनिल कुमार पांचाल, सह प्रबंधक प्रमोद कुमार झा, झाँकी प्रभारी सुरेश चंद्र विश्वकर्मा के अलावा कमलेश कुदारी झा, राजेश कुमार विश्वकर्मा, मुकेश कुमार विश्वकर्मा, सुदीप विश्वकर्मा, यश शर्मा, अवध सोनी आदि मौजूद रहे।

# पीएम के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ

- मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित

**उरई(जालौन)।** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को सेवा, सम्मान और स्वावलंबन की भावना को समर्पित 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया गया। मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित 'सेवा दिवस-आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, डीएम समीर, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, अपना दल जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी व भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने किया। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाने के साथ ही उन्हें रोजगार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसरों से जोड़ना है। इस अवसर पर एनआरएलएम द्वारा 3 प्रशस्ति पत्र, खादी व ग्रामोद्योग विभाग द्वारा 50 स्वीकृति पत्र व 3



टूल किट, उद्योग विभाग द्वारा 10 सिलाई मशीन व 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रदान की गईं। कृषि विभाग द्वारा 15 स्प्रेयर व 2 कल्टीवेटर साथ ही उद्यान विभाग द्वारा 15 स्प्रिंकलर टूल वितरित किए गए। वहीं आईटीआई के माध्यम से 10 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर रोजगार के अवसरों से जोड़ा गया। पात्र लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प दोहराया गया। 'जिसने जीवन संवारा, उन्हें आशीर्वाद हमारा' की भावना के साथ आयोजित 'सेवा दिवस-आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम ने जनसेवा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के संदेश को मजबूती दी। सेवा संकल्प अभियान जनसेवा को राष्ट्रसेवा से जोड़ते हुए समाज के अंतिम पायदान तक विकास और अवसर पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में आगे बढ़ रहा है। इस दौरान सीडीओ केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, डीपीआरओ सहित बड़ी संख्या मे लाभार्थी, मौजूद रहे।

# सुशासन दिवस के रूप में भाजपा ने मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

- स्वच्छता व रक्तदान शिविर से हुआ सेवा, संकल्प अभियान का आगाज

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपा ने सेवा, संकल्प अभियान के रूप में मनाया गया। स्वच्छता अभियान, अखंड पाठ, हवन-पूजन और रक्तदान के साथ मरीजों को फल वितरित कर भाजपाइयों ने पीएम के दीर्घायु की कामना की। सदर विधायक ने कहा कि पीएम मोदी के अभूतपूर्व कामों का पूरी दुनिया लोहा मानती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर एक माह तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान को भाजपाइयों सुशासन दिवस के रूप में मनाया और




हवन पूजन कर उनके दीर्घायु की कामना की। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अगुवाई में केन नदी के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें भाजपाइयों ने नदी किनारे एकत्र कूड़ा कचरा को साफ कर स्वच्छता का सन्देश दिया। कार्यक्रम में निखिल सक्सेना, अमित सेठ भोलू, दुर्गा चौरसिया, निर्मला गौतम, संतोष नायक, आनंदी साहू, आदि मौजूद रहे। इसके बाद महेश्वरी देवी मंदिर में यज्ञवेदी में हवन पूजन कर मोदी जी के दीर्घायु एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प और देश की प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने की कामना की। जिला अस्पताल में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया और सभी को रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम करते हैं। नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर सभी कार्यकर्ताओं को गरीबों, निर्धन और असहाय लोगों की मदद का आह्वान किया। कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता जन-जन तक केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाएं और लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करें। बता दें कि 17 सितंबर से लेकर 17 नवंबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। वहीं देरशाम सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के लगभग 1550 बूथों में लगभग 10 हजार दिए जलाये गये और मोदी जी के दीर्घायु की कामना की गई।

## प्रदर्शनी लगाकर गिनाई पीएम मोदी की उपलब्धियां



शहर के जेएन कॉलेज मैदान में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से पीएम मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन को दर्शाती हुई प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत आदि ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करके जनप्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और पीएम मोदी की उपलब्धियों का बखान किया। जनपदवासियों से सूचना विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन करने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हासिल करके योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, डीडीओ कविता तिवारी, भाजपा जिला मंत्री श्यामबाबू पाल आदि मौजूद रहे। सेवा दिवस पर कलेक्ट्रेट, विकास भवन, पुलिस थानों, विकास खण्ड कार्यालयों सहित जनपद के विभिन्न शासकीय भवनों पर दीपोत्सव व आकर्षक रोशनी की गई।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वृद्धाश्रम पहुंचे उद्यान मंत्री

**वृद्धजनों को अंगवस्त्र व फल वितरित कर लिया आशीर्वाद**

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**


वृद्धा आश्रम में बुजुर्ग महिलाओं का आशीर्वाद लेते राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने आज वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवास कर रहे वृद्धजनों से भेंट की। उन्होंने वृद्धजनों को अंगवस्त्र एवं फल आदि वितरित कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मा0 मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर उन वरिष्ठ नागरिकों के बीच उपस्थित होने का अवसर मिला, जिनका आशीर्वाद हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वृद्धजन हमारे माता-पिता एवं अभिभावक के समान हैं तथा उनका सम्मान, सेवा और देखभाल करना हम सभी का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता-पिता के सम्मान एवं सेवा को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया गया है। माता-पिता अपने बच्चों के जन्म से लेकर उनके भविष्य को संवारने तक जीवनभर कठिन परिश्रम और त्याग करते हैं। वे अपनी तपस्या का फल स्वयं के लिए नहीं, बल्कि अपने बच्चों की सफलता और सुख के लिए चाहते हैं। ऐसे में प्रत्येक संतान का दायित्व है कि वह अपने माता-पिता की सेवा करे और उन्हें सम्मान एवं स्नेह प्रदान करे। मंत्री ने कहा कि दुर्भाग्यवश कुछ परिस्थितियों में वृद्ध माता-पिता को वृद्धाश्रम में रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**


विश्वकर्मा भगवान की आरती करते डा. शशि कांत शर्मा

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में गुरुवार को देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्यों, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विश्वकर्मा समाज के विभिन्न गणमान्य व्यक्ति एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान की निरंतर प्रगति और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। डॉ. शर्मा ने सभी को भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा को देवताओं का शिल्पकार माना जाता है और जिस प्रकार भगवान विश्वकर्मा ने सृजन एवं निर्माण का कार्य किया, उसी प्रकार शिक्षक भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस हेतु उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, राजीव सिंह, शर्मिला दास गुप्ता, शिवांग अवस्थी, आई वी सिंह, राम सजीवन विश्वकर्मा, फकीरे दास विश्वकर्मा, डॉ. राम प्रसाद विश्वकर्मा, सत्य प्रकाश विश्वकर्मा, भानु प्रकाश विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, आर सी विश्वकर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा, मो. फैजान खान, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**समृद्धि न्यूज, सलोन।** रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग स्थित टोल प्लाजा के निकट बाइक व डीसीएम के आमने-सामने टक्कर हो जाने से बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद डी सी एम चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के भगवती गंज डेरवा गांव निवासी राहुल विश्वकर्मा पुत्र अज्ञात बीते बुधवार की देर रात अपनी बाइक से रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग टोल प्लाजा की तरफ जा रहे थे उसी बीच प्रतापगढ़ की तरफ से रायबरेली की तरफ जा रही डीसीएम गाड़ी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।

# डीएम ने सेवा संकल्प अभियान के तहत बच्चों को वितरित किए फल व खिलौने



**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय गोरा बाजार पहुंचकर बच्चों से संवाद किया तथा 35 बच्चों को फल एवं खिलौने वितरित किए। जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ आत्मीयता से बातचीत करते हुए उनकी पढ़ाई, खान-पान एवं केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री एवं सहायिका को निर्देशित किया कि केंद्र पर आने वाले बच्चों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, बच्चों को खिलौने प्रदान कर उनके साथ समय बिताया और उनकी गतिविधियों का उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी कार्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाते हुए सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, सीडीपीओ संजय सिंह, मुख्य सेविका संध्या श्रीवास्तव सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री बीना देवी, सहायिका मीना देवी व 3-6 वर्ष के बच्चे उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर हुआ महामृत्युंजय मंत्र का जाप

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना के लिए ऊंचाहार की धरती पर बुधवार को भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। पांच लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सवा करोड़ महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर रिकॉर्ड बनाया। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता के साथ सवा करोड़ महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप देश में अपने तरह का अनूठा आयोजन बना।

कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय के आह्वान पर श्री शिवमहापुराण कथा के विशाल कथा पंडाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए विशेष वैदिक अनुष्ठान किया गया। पं. प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में वैदिक विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ। इसके बाद शंख की ध्वनि और डमरू के नाद के बीच महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप शुरू हुआ तो पूरा कथा परिसर मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। पांच लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने एक स्वर में महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते हुए भगवान महादेव का स्मरण किया। श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घ एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। लाखों कंठों से एक साथ निकले मंत्रोच्चार ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# परसदेपुर-रायबरेली मार्ग पर पेड़ गिरने से अवागमन बाधित

**समृद्धि न्यूज, डीह-रायबरेली।**



गुरुवार के दोपहर बाद अचानक आए तूफान के बीच भारी बारिश में जहां जनजीवन प्रभावित हुआ वहीं किसानों की धान की फसल गिरने से काफी नुकसान का अकड़ा लगाया जा रहा है इसी बीच रायबरेली-परसदेपुर मार्ग पर रामगंज बाजार के पास भारी जामुन का पेड़ मार्ग पर गिर जाने से घंटों आवागमन बाधित रहा गनीमत रही कि बारिश की वजह से मार्ग पर आवागमन कम था। जिससे घटना होने से बच गयी। पेड़ गिरने की वजह से लगभग तीन घंटों तक मार्ग के दोनों तरफ लंबा वाहनों व राहगीरों का जाम लग गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम हटाने को लेकर रायबरेली की तरफ जाने वाले वाहनों में चार पहिया वाहन व दो पहिया वाहन चालकों को खुरहटी मार्ग से होतेहुए गैस गोदाम की तरफ से लोधवारी गांव के पास से नहर पटरी से लक्ष्मण गंज बाजार की तरफ भेजा वही डीह की तरफ जाने वाले वाहनों को लक्ष्मण गंज बाजार से लोधवारी गांव होते हुए रामगंज को भेजा गया। जिसमें लोगों को लगभग चार किमी घूम कर आना जाना पड़ा जबकि भारी वाहनों की मार्ग सही न होने के कारण घंटों खड़े होकर इंतजार करना पड़ा। वहीं रास्ते से पेड़ हटाने के लिए क्षेत्रीय वन दरोगा शुभम मिश्रा मौके पर पहुंचकर मजदूरों को बुलाकर पेड़ कटवा कर रास्ता साफ कराया गया तब जाकर मार्ग संचालित हो पाया।

## खबरें एक नजर में

### रिक्शा चालक ने सराफा व्यापारी को पीटा, मुकदमा दर्ज

**सुल्तानपुर।** बुधवार को सराफा के काम से नगर कोतवाली क्षेत्र में सराफा व्यापारी को रिक्शा चालक द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर पीटने सहित लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दे कि पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार अमेठी जिले के मुसाफिरखाना निवासी शशांक कौशल बुधवार को सुबह सराफा के काम से सुल्तानपुर शहर आया था।वापस लौटते समय आरोप है कि ई रिक्शा चालक तौफीक ने अपने साथी कल्लू के साथ गभड़िया से बैठाते हुए कहा कि अमहट चौराहे से बस पकड़ा दूंगा।रास्ते में आरोप है ई रिक्शा चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर सराफा व्यापारी को पीटा और लगभग साढ़े सात हजार रुपया भी छीन लिया।मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्रा ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

### चांदा में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजन

**चांदा, सुलतानपुर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को चांदा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा में मरीजों को फल वितरित कर अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल, भाजपा जिला मंत्री अरुण कुमार जायसवाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरसी यादव समेत चिकित्सक और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। शाहपुर बाजार में बीडीओ आलोक कुमार की अध्यक्षता में जन चौपाल हुई। ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल और प्रधान बृजलाल पाल ने लोगों को सरकार की योजनाओं व नीतियों की जानकारी दी। वहीं तमरसेपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा जिला मंत्री अरुण जायसवाल की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया।

### नाबालिग चालक ने पिकअप से मकान का गेट तोड़ा, हादसा टला

**चांदा, सुलतानपुर।** नगर पंचायत कोइरीपुर में बुधवार देर शाम तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर विवेकनगर निवासी विनय मिश्र के मकान के मुख्य गेट से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गेट क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय मकान के अंदर परिजन मौजूद थे, लेकिन पिकअप गेट से आगे नहीं बढ़ी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक चालक नाबालिग बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वाहन और क्षतिग्रस्त गेट की जानकारी जुटाई। पुलिस चालक के संबंध में जानकारी कर रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**चांदा, सुलतानपुर।** चांदा क्षेत्र के कोथरा बाजार के पास गुरुवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल हो गए। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मल्हरा मऊ निवासी बृजमोहन अपनी पत्नी इंद्रावती के साथ सुलतानपुर से लौट रहे थे। कोथरा बाजार के पास पहुंचने पर उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर कर दिया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

### सड़क के गड्ढे में गिरकर घायल हुए पूर्व सचिव, रेफर

**कुड़वार सुल्तानपुर।** घर से बाजार जा रहे बाइक सवार पूर्व सचिव सामने से आ रहे बाइक सवार से टकराकर सड़क पर हुए गड्ढे में अनियंत्रित होकर गिर गए। जिससे उनके सिर के पिछले हिस्से में काफी चोट लग गयी।गम्भीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी लाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गुरुवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रतापपुर निवासी अमरजीत सिंह (68) पुत्र राम किशोर सिंह गुरुवार शाम को बाइक से कुड़वार की तरफ जा रहे थे।रास्ते में कुड़वार नौगवां तीर मार्ग पर कस्बे से करीब 500 मीटर दूरी पर हनुमान मंदिर के सामने सड़क पर हुए गड्ढे में अनियंत्रित होकर गिर गए।

# सेवा कार्यक्रमों के साथ मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

**रक्तदान, फल वितरण, हवन-पूजन व सुंदरकांड पाठ के साथ बूथों पर जलाए दीप**

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर गुरुवार को भाजपा की ओर से जिलेभर में सेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर से कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसके बाद मरीजों को फल वितरित किए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, आशा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, सीडीओ विनय कुमार सिंह और सीएमओ भारत भूषण ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल समेत कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। भाजपा जिला कार्यालय पर सुंदरकांड पाठ और हवन-पूजन कराया गया। शाम को 'हर बूथ-हर घर आशीर्वाद' अभियान के तहत जिले के 26 मंडलों के करीब 2100 बूथों पर घर-घर दीप जलाए गए।

धम्मौर मंडल में हनुमानगढ़ी परिसर में जनसंघ काल के 60 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रामचंद्र मिश्रा रहे।

जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को आवास, शौचालय, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और खाद्यान्न जैसी सुविधाएं मिली हैं। जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि 17 अक्टूबर तक सेवा कार्यक्रम जारी रहेंगे।

## जहरीले सांप के काटने से महिला की मौत

**समृद्धि न्यूज, सलोन।** कोतवाली क्षेत्र के रघुपुर गांव निवासिनी एक लगभग 58 वर्षीय महिला को खेत में हरा चारा काटते समय जहरीले सर्प के काटने से उसकी इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। कोतवाली पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के रघुपुर गांव निवासिनी 58 वर्षीय श्रीमती पत्नी मैकुलाल गुरुवार की सुबह लगभग 7: 00 जानवरों के लिए अपने खेत में हरा चारा काटने के लिए गई थी। चारा काटते समय खेत में उसको कोई जहरीले सर्प ने डस लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी उसके परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सलोन ले गए वहां प्रथम उपचार करके डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# महिला आईटीआई हॉस्टल में छात्रा की मौत

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

कटरा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला आईटीआई ) के हॉस्टल में गुरुवार को 19 वर्षीय छात्रा की मौत का मामला सामने आया। मृतका की पहचान बिहार के सहरसा जिले की रहने वाली रूपाली के रूप में हुई है। वह आईटीआई में सेकंड ईयर की छात्रा थी। जानकारी के अनुसार, रूपाली हॉस्टल के कमरा नंबर 10 में रहती थी। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे वह नहाने गई थी। इसके बाद अपने कमरे में लौट आई। करीब 10 बजे जब अन्य छात्राएं क्लास के लिए जाने लगीं, तब रूपाली कमरे से बाहर नहीं निकली। साथ रहने वाली छात्राओं ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद हॉस्टल की वार्डन को सूचना दी गई। कॉलेज के शिक्षक और अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। दरवाजा खोलने पर छात्रा कमरे के अंदर मृत मिली। पुलिस को सूचना दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने कमरे की जांच की और छात्रा के परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा के अनुसार, परिजन सहरसा से प्रयागराज के लिए रवाना हो चुके हैं। उनके आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# सीएचसी पर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज पर मंगलवार को गर्भवती महिलाओ के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक दिवसीय शिविर आयोजन किया गया। शिविर मे 76 गर्भवती महिलाओ की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाए वितरित की गई। स्वास्थ्य कर्मियो ने महिलाओ की लंबाई, वजन और हीमोग्लोबिन की जांच की। आवश्यकतानुसार अल्ट्रासाउंड भी कराया गया। कमजोरी के लक्षण मिलने पर कुछ महिलाओ को चिकित्सकीय निगरानी मे भर्ती कर आयरन सुक्रोज दिया गया। इसके अलावा महिलाओ का टीकाकरण भी किया गया। एलटी, सर्जन डाक्टर वर्तिका सिंह ने परीक्षण किया। स्टाक नर्स अनुपम ने ओ टी मे ले जाकर सभी गर्भवती महिलाओ की जांच की। अधीक्षक डाक्टर नौसाद हुसेन ने गर्भवती महिलाओ को पर्याप्त पानी पीने, ताजा भोजन और हरी सब्जियों का सेवन करने तथा नियमित रूप से टहलने की सलाह दी।

# एफजी कॉलेज में छात्र संगठनों के बीच हुआ विवाद, प्रशासन ने संभाला मोर्चा

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**





शहर के फिरोज गांधी कॉलेज परिसर में बुधवार को समाजवादी छात्र सभा के सदस्यता अभियान के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के पहुंचने के बाद दोनों छात्र संगठनों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और एक-दूसरे पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल के आरोप लगाए गए। जानकारी के अनुसार, समाजवादी छात्र सभा की ओर से कॉलेज परिसर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एबीवीपी कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। मामले की जानकारी मिलने पर सपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव ने पुलिस अधीक्षक को सूचना देने का प्रयास किया। कुछ देर बाद पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे, लेकिन इसके बावजूद दोनों पक्षों के बीच बहस जारी रही। मौके पर नगर कोतवाल शिव शंकर सिंह और सपा नेता इंजीनियर वीरेंद्र यादव के बीच भी तीखी बहस होने की बात सामने आई। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर आरोप लगाए गए।इसी बीच ।एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कॉलेज का मुख्य गेट अंदर से बंद कर लिया, जबकि समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता गेट के बाहर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। स्थिति की सूचना मिलने पर सीओ आशीष निगम, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार और एसडीएम सदर गौतम सिंह समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं से बातचीत कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके एक सदस्य के साथ मारपीट की थी। वहीं, उनका कहना था कि बातचीत के दौरान समाजवादी छात्र सभा के सदस्यों की ओर से उन्हें धमकाया गया और पुलिस में शिकायत की बात कही गई। इन आरोपों के बाद प्रदर्शन शुरू होने की बात सामने आई।

अपर जिला अधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने ज्ञापन लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## प्रेम प्रसंग मे फंदे पर लटकी नवविवाहिता प्रेमी ने खाया जहर, दोनों की हुई मौत

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज- प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के प्रेम प्रंसग के चलते एक दर्दनाक हादसा हुआ। दक नवविवाहित ने घर के भीतर फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, वही प्रेमिका की मौत की खबर मिलते ही पडोली प्रेमी ने भी जहर खा लिया। अस्पताल मे इलाज के दौरान युवक ने दम तोड दिया। एक ही गांव से दो पडोसी परिवारो के युवक युवती की एक साथ अर्थी उठने से इलाके मे मातमी सन्नाटा रहा। रानीगंज थाना क्षेत्र के बुडौरा कुम्भापुर गांव की 23 वर्षोय आचल पुत्री स्व राम आसरे गौतम की शादी बीते 24 म ई को जाजापुर निवासी जितेंद्र गौतम के साथ हुई थी। शादी के बाद आचल केवल एक बार ससुराल गयी और पिछ्ले तीन महीनो से अपने मायके मे रह रही थी। आचल की पिता की मृत्यु 14 वर्ष पूर्व तथा माता की मृत्यु 3 वर्ष पूर्व हो चुकी थी उसकी दो बडी बहनो का विवाह हो चुका है। और इकलौता भाई प्रकाश बम्बई मे रहकर नौकरी करता है। रानीगंज के आचल का अपने पडौस के रहने वाले 25 वर्षीय विनय गौतम पुत्र रामदेव के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। विनय आचल से ही शादी करना चाहता था। लेकिन आचल की शादी कही और तय हो जाने से वह आहत था। बताया गया कि शादी के बाद भी विनय इस रिस्ते को स्वीकार नही कर पा रहा था। कुछ दिन पूर्व विनय ने आचल के साथ की कुछ तस्वीरे उसके पति जितेंद्र को भेज दी थी। इस धटना के बाद आचल और उसके पति के बीच काफी विवाद और तनाव उत्पन्न हो गया था।

# अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा**

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**



अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन, जिला प्रतापगढ़ की जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन एवं संगठन को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक बृहस्पतिवार को सिटी प्राइम होटल, भगवा चुंगी चौराहा पर आयोजित हुई।बैठक में जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी एवं सभी ब्लॉक अध्यक्ष अपनी-अपनी टीम के साथ अनिवार्य रूप से शामिल हुए। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी के पुनर्गठन तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने को लेकर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर सुधीर राय ने फार्मासिस्टों के हितों पर चर्चा करते हुए कहा कि फार्मासिस्टों के साथ सरकार द्वारा दोहरा मापदंड अपनाकर अन्याय किया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में नई वैकेंसी न निकालना तथा अनेक अनियमितताओं के तहत फार्मासिस्टों का उत्पीड़न जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई।उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी की सक्रिय सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। एकजुट फार्मासिस्ट - मजबूत संगठन, जहाँ दवा - वहाँ फार्मासिस्ट का नारा देते हुए निर्णय लिया गया कि आगामी 25 सितंबर को फार्मासिस्ट दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली में बोलेरो पिकअप ने मारी टक्कर, दो मजदूरों की मौत

**समृद्धि न्यूज, पट्टी-प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र में दीवानगंज चौकी अंतर्गत बुधवार देर रात पट्टी-चिलबिला मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हो गया। सराय भीमसेन गांव में छत डालने वाली मशीन लेकर जा रहे ट्रैक्टर में पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया गया कि हादसा बीती रात करीब 11 बजे हुआ। ट्रैक्टर पर छत डालने वाली मशीन के साथ मजदूर सवार थे। इसी दौरान पीछे से आ रही बोलेरो पिकअप ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई।

## पुलिस लाइन में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना



**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार एवं परिवहन शाखा में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने शस्त्रागार में भगवान विश्वकर्मा का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शासकीय संसाधनों की सुरक्षा और सुचारू संचालन की कामना की गई। पूजा के दौरान शस्त्रागार में रखे शासकीय शस्त्रों तथा परिवहन शाखा में उपलब्ध शासकीय वाहनों और उपकरणों का भी विधि-विधानपूर्वक पूजन किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वृजनारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स रामकृष्ण चतुर्वेदी, प्रभारी आरआई, परिवहन शाखा के प्रभारी अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पहली बार निकली भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

नगर में पहली बार भगवान विश्वकर्मा की भव्य शोभायात्रा जयकारे लगाते हुए निकली। पश्चिमी बाईपास से शुरू हुई यह यात्रा नगर के मुख्य बाजार से होते हुए बहवलपुर स्थित जनपद के एकमात्र 105 वर्ष पुराने विश्वकर्मा मंदिर पहुंची। यात्रा में प्रथम पूज्य गणेश जी और भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक झांकी सभी के आकर्षण का केंद्र बनी। सर्व समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया। मंदिर पहुंचकर आचार्य पंडित शिव प्रकाश मिश्रा ने हवन-पूजन कराया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा छिबरामऊ की सांस्कृतिक और धार्मिक एकता का प्रतीक बनी। सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी से आयोजन सफल रहा। कार्यक्रम में रालोद जिलाध्यक्ष अतुल शर्मा, पूर्व सभासद जितेंद्र शर्मा, विजय शर्मा, संजू शर्मा, विनोद शर्मा, जय जय राम शर्मा, शम्मी शर्मा, धनंजय शर्मा, कुणाल शर्मा, बृजेश उर्फ लालू शर्मा समेत नगर के विभिन्न समाजों के लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा का स्वागत विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने किया। उन्होंने भाजपा सभासद हिमांक त्रिपाठी के साथ भगवान विश्वकर्मा के स्वरूप पर माल्यार्पण किया और शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की। इस अवसर पर सभासद सतेंद्र शाक्य, मुकेश शर्मा, रवि शर्मा, मंदीप लोधी, गौरव राजपूत, विमल शर्मा, रमेश शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

**विधायक अर्चना पांडे ने किया स्वागत**

## पंडाल में रही भगवान गणेश के जयकारों की गूंज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी के सौजन्य से आयोजित श्री गणेश महोत्सव की शुरुआत गमादेवी मंदिर के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने भगवान गणेश जी की आरती उतार कर की। छोटे-छोटे बच्चों ने भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर पूरे पंडाल को भक्ति मय कर दिया घर में पधारो गजानंद जी मेरे घर में पधारो भजन पर यशिका रानी तिवारी ने अपना मनमोहक नृत्य व रंगीला मारो ढोलना भजन पर सिमरन ने आकर्षक प्रस्तुति दी। शंकर जी के भक्त के स्वरूप में सजे वंश चौहान ने भी शिव भक्ति के भजन पर मनमोहक प्रस्तुति दी। संदेशे आते हैं देश भक्ति गीत पर प्रियांशु, कल्लू, सूरज, कृष्णा, स्पर्श तिवारी, अमन शर्मा, यश तिवारी ने देशभक्ति का माहौल कर दिया। जय बालाजी सेवा समिति के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए।

# हवन पूजन के साथ मनाई विश्वकर्मा की जयंती

▸ हवन के बाद की मशीनों की पूजा

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



नगर में भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। हवन के बाद मशीनों का पूजन और फिर प्रसाद वितरण किया गया। 220 केवी बिजली घर में आचार्य हरिओम चतुर्वेदी ने हवन कराया। यजमान एसडीओ दिग्विजय सिंह, जेई अनिल कुमार, जेई विजय पाल, जेई अवनीश कुमार ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा करके कलश की स्थापना की।

इसके बाद हुए हवन में हाकिम सिंह, सूर्य प्रकाश चौहान, सुभाष चंद्र, कौशलेंद्र, नीरज पटेल, कुंवर पाल, संजय कुमार, जगदीश प्रताप सिंह, अभिषेक राजपूत, शिवमंगल त्यागी, संगीता देवी व सर्वेश कुमार इंद्रेश कुमार इरफान उल्लाह टीएनसी एसडीओ आशीष कुमार, टीएनसी श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे। 33/11 केवी बिजली घर में एसडीओ रविन्द्र कुमार, जेई करन जायसवाल व अन्य कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया और फिर कंट्रोल रूम में मशीनों व औजारों सहित यार्ड में ब्रेकरों व ट्रांसफार्मरों का पूजन किया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान अतीक अहमद गुड्डू, अकील अहमद, राजेश कुमार, करन प्रदीप पांडे, अखिलेश कुमार, कृष्ण कुमार सिंह, सौदान सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। नगर पालिका कार्यालय परिसर में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के पास पंडित सुशील पांडे ने हवन पूजन कराया। यहां औजारों की पूजा करने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी अजय कुमार पटेल सहित समस्त पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# यूपीआई टैक्स से किसानों पर बढ़ेगा बोझ : विनोद दुबे

▸ यूपीआई लेनदेन को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा
▸ छोटे दुकानदार पहले से आयकर नोटिस की चिंता में हैं



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित शुल्क को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने का प्रावधान किसान, छोटे व्यापारी और आम जनता के हित में नहीं है। इससे अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि खाद, बीज और कृषि सामग्री की खरीद में यह शुल्क किसानों व व्यापारियों को असमंजस में डालेगा। छोटे दुकानदार पहले से आयकर नोटिस की चिंता में हैं, ऐसे में अतिरिक्त शुल्क उनकी परेशानी बढ़ाएगा। उन्होंने 15 अक्टूबर से लागू करने के प्रस्ताव को अनुचित बताया और सरकार से पुनर्विचार की मांग की। यूपीआई अब रोजमर्रा के लेनदेन का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए इससे हर वर्ग प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि एमडीआर व्यवस्था पर भी पुनर्विचार हो, ताकि शुल्क का बोझ ग्राहकों पर न पड़े। दुबे ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लोकसभा में इसका विरोध करेगी और व्यवस्था समाप्त होने तक संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में आसाराम यादव, अजय दुबे, सुरेश सिंह तोमर, प्रदीप दुबे, गुलाब सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली




**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत भव्य जागरूकता रैली का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी अजय कुमार एवं अवर अभियंता रविराज कौशल ने हरी झंडी दिखाकर किया इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने उपस्थित लोगों और नगर पालिका कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों और आस-पास के परिवेश को साफ रखें तथा सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करें। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक संजय सिंह, सफाई प्रभारी अमरदीप, आशुतोष पांडे, प्रवेश कुमार, रमेश यादव, सफाई नायक सुभाष चंद्र, अमरजीत, सुजीत, आदि पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पति से विवाद के बाद गर्भवती ने पी कीटनाशक दवा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख थाना क्षेत्र के बेहटा रामपुर गांव में गुरुवार को पति से फोन पर विवाद के बाद छह माह की गर्भवती महिला ने घर में रखी कीटनाशक दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बेहटारामपुर गांव निवासी विवेक शाक्य की 22 वर्षीय पत्नी अल्पना छह माह की गर्भवती है। परिजनों ने बताया कि अल्पना के पति गुजरात में किसी निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। गुरुवार को अल्पना की अपने पति से फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद उसने घर में रखी कीटनाशक दवा पी ली। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन अल्पना को सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे।



## प्रभात फेरी मंडल ने शुरू किया श्रीराम कथा महा-महोत्सव को लेकर जनजागरण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्रीराम कथा महा-महोत्सव एवं दुर्लभ सत्संग के आयोजन को लेकर प्रभात फेरी मंडल ने नगर में जनजागरण अभियान शुरू कर दिया है। प्रतिदिन सुबह पांच बजे नगर के ऐतिहासिक श्रीमंशेश्वरनाथ मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के बाद प्रभात फेरी मंडल नगर भ्रमण के लिए निकलता है। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों के साथ लोगों को आयोजन की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही घर-घर पहुंचकर श्रीराम कथा महा-महोत्सव एवं दुर्लभ सत्संग के पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी नौ दिवसीय श्रीराम कथा महा महोत्सव का आयोजन नगर के प्राचीन श्रीगंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में होगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। कार्यक्रम की शुरुआत 27 सितंबर को सुबह सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिकादेवी मंदिर से निकलने वाली ऐतिहासिक कलश यात्रा से होगी। कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी।

## खबरें एक नजर में

### मोदी के जन्मदिन पर सुब्रत पाठक का शक्ति प्रदर्शन



**कन्नौज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने गुरुवार को कन्नौज स्थित लोकसभा कार्यालय में विशाल यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन कराया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घ एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। इसके बाद आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आमजन ने प्रसाद ग्रहण किया। सुब्रत पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन राष्ट्रसेवा और जनसेवा के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। जन्मदिन पर देशभर में लोग उनके स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना कर रहे हैं। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। ऊर्जा राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत ने प्रधानमंत्री के जीवन को देशसेवा और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि जन्मदिन सेवा और संकल्प का अवसर है। इस दौरान शैलेंद्र द्विवेदी, अशोक सिंह, नयन दोहरे, सौरभ गुप्ता, विनीता चतुर्वेदी समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इत्र की खुशबू से पर्यटन के नक्शे तक पहुंचा कन्नौज

**कन्नौज/लखनऊ।** इत्र की खुशबू और समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के लिए पहचान रखने वाला कन्नौज 18 सितंबर को अपना स्थापना दिवस मनाएगा। वर्ष 1997 में फर्रुखाबाद से अलग होकर कन्नौज स्वतंत्र जिला बना था। रामायण, महाभारत से लेकर हर्षवर्धन और गुप्तकाल तक का इतिहास समेटे यह जनपद अब पर्यटन के नक्शे पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। कन्नौज के पारंपरिक इत्र को वर्ष 2014 में जीआई टैग मिल चुका है। देग-भपका विधि से इत्र निर्माण की सदियों पुरानी कला को पर्यटन से जोड़कर 'परफ्यूम टूरिज्म' विकसित किया जा रहा है। इसे यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में शामिल कराने के प्रयास भी जारी हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार, धार्मिक, ऐतिहासिक और इको टूरिज्म के तहत कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। मेंहदी घाट, राजा जयचंद का किला, लाख बहोसी पक्षी विहार, एफएफडीसी, राम-जानकी मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, गौरी शंकर मंदिर और पुरातत्व संग्रहालय प्रमुख आकर्षण हैं। वर्ष 2025 में जिले में 21.73 लाख से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ।

### विकास कार्यों की धीमी गति पर ईओ ने जताई नाराजगी

**समधन।** नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लेने के लिए गुरुवार को नगर पंचायत समधन की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कई निर्माणाधीन स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य की गति धीमी मिलने पर उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को जल्द से जल्द कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने सबसे पहले नगर पंचायत कार्यालय परिसर में निर्माणाधीन नए कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। इसके बाद मोहल्ला कादर खान नगर में निर्माणाधीन मार्केट का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री और कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा मेन सड़क किनारे बच्चों के लिए बनाए जा रहे सेल्फी प्वाइंट पार्क में चल रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। ईओ ने कहा कि नगर में कराए जा रहे विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक राजेश वर्मा, बकार हुसैन, मतलूब हुसैन, आनन्द वर्मा, रफी,कासिम, नईम, अताउल्ला अली,हनीफ, सफाई नायक नरेश चंद्र, सुनील कुमार, नरेश कुमार मौजूद रहे।

# ओबीसी वर्ग की जनगणना में अलग कॉलम की मांग

▸ काली पट्टी बांध सभी ने जताया विरोध

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



आगामी जनगणना में ओबीसी वर्ग के लिए अलग से कॉलम रखे जाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की ओर से नगर के लोकभारती इंटर कॉलेज में बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और ओबीसी वर्ग की अलग से गणना कराने की मांग उठाई।

बैठक का आयोजन राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ.रामबख्श सिंह वर्मा की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सिंह प्रजापति ने की। बैठक में आगामी जनगणना में ओबीसी वर्ग के लिए अलग कॉलम न रखे जाने के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की गई। पूर्व सांसद प्रो.डॉ. रामबख्श सिंह वर्मा ने कहा कि जनगणना में ओबीसी वर्ग का अलग से आंकड़ा दर्ज किया जाना आवश्यक है, जिससे समाज की वास्तविक स्थिति का आंकलन हो सके। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर अपनी मांग के समर्थन में विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय सचिव श्रीपाल वर्मा एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. सीबी सिंह शाक्य रहे। इस दौरान योगाचार्य सत्यराम यादव, हरबंस सिंह, राजेश राजपूत, रामप्रकाश सर्राफ, जगन्नाथ, सरमन सिंह, सत्यप्रकाश, अनिल, श्याम सिंह, रामआसरे राजपूत आदि मौजूद रहे।

# नगर में गणेशोत्सव की धूम आरती और भजन, उमड़ रहे श्रद्धालु

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज, कन्नौज।

नगर में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता भगवान श्री गणेश की महिमा अपरम्पार है। मान्यता है कि सच्चे मन से गणपति का पूजन करने से सभी विघ्न दूर होते हैं और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। प्रथम पूज्य भगवान गणेश के जयकारों से पूरा नगर गूंज रहा है। नगर के 12 प्रमुख स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित कर भव्य पंडाल सजाए गए हैं। सभी पंडालों में सुबह शाम आरती, भजन कीर्तन और पूजन का कार्यक्रम चल रहा है। सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान का श्रृंगार और शाम को महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रमों में महिला, पुरुष और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के पूर्व मंत्री देवेन्द्र देव कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने भगवान गणेश का विधि विधान से पूजन, हवन और आरती की। देवेन्द्र देव ने भगवान गणेश से नगर और जनपद की सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से मुलाकात कर गणेशोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उनके आगमन पर आयोजकों और श्रद्धालुओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मेहंदी घाट पर युवाओं ने किया पौधरोपण




**कन्नौज।** सेवा पखवाड़ा के तहत मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से बुधवार को मेहंदी घाट पर स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान चलाया गया। मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों ने घाट और आसपास के परिसर से प्लास्टिक समेत अन्य कचरा एकत्र कर हटाया। लोगों को सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने युवाओं को सेवा पखवाड़ा की गतिविधियों की जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। अभियान के दौरान युवाओं और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में स्वयंसेवक निलेश, योगी कटियार और शिवम सक्सेना ने सहभागिता की। युवाओं ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम है।

## ऋषिकेश के ब्रह्मचारी संत किशन जी महाराज कहेंगे राम कथा

**छिबरामऊ।** कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अध्यक्ष सुशील पांडेय एडवोकेट के नेतृत्व में तैयारियों का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। आयोजन में इस बार ऋषिकेश से ब्रह्मचारी संत किशनजी महाराज श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। वहीं ब्रह्मचारी संत नित्यानंदजी महाराज और स्वरूप दासजी महाराज द्वारा दुर्लभ सत्संग एवं प्रवचन किए जाएंगे। प्रभात फेरी मंडल के सदस्यों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य नगरवासियों को धर्म, आध्यात्म और भक्ति से जोड़ना है। इसी को लेकर प्रतिदिन प्रभात फेरी निकालकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंडल की ओर से आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# मोदी के जन्मदिन पर सेवा दिवस का आगाज, 30 यूनिट रक्तदान

▸ असीम अरुण ने पैडल रिक्शा व टिपर को दिखाई हरी झंडी

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार को जिले में सेवा दिवस का शुभारंभ किया गया। जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर में रक्तदाताओं ने 30 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान रहे। सदर विधायक एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण और तिर्वा विधायक एवं राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत भी मौजूद रहे। राकेश सचान ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन जनसेवा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता को समर्पित है। उनके जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाकर जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाया जा रहा है। असीम अरुण ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका परिषद की ओर से खरीदे गए पैडल रिक्शा और टिपर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# मोहसिन रजा को अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष बनाने पर मनाया जश्न

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज, कन्नौज।



मोहसिन रजा को उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने पर नगर में हर्ष की लहर है। भाजपा हाईकमान ने मोहसिन रजा पर विश्वास जताते हुए उन्हें अल्पसंख्यक आयोग की जिम्मेदारी सौंपी है और कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है, जिससे पूरे प्रदेश के मुस्लिम समाज में खुशी है।

इसी क्रम में नगर की अमन पसंद सेवा समिति के तत्वावधान में जीटी रोड चौराहा स्थित कार्यालय पर जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। समिति के अध्यक्ष एडवोकेट शाह आलम सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता



एकजुट होकर अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष द्वारा सौंपे गए लक्ष्य के अनुसार काम करेंगे और उनकी साख को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार अल्पसंख्यक समुदाय पर विशेष ध्यान दे रही है। एडवोकेट शाह आलम सिद्दीकी ने फोन पर वार्ता कर अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष मोहसिन रजा को बधाई दी। आयोग के अध्यक्ष ने उन्हें अल्पसंख्यक समुदाय को औद्योगिक एवं शैक्षिक क्षेत्र से जोड़कर आगे बढ़ाने का विश्वास दिलाया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने समिति के अध्यक्ष का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अखिलेश को सीएम बनाने में शर्मा समाज निभाएगा अहम भूमिका: बंटी शर्मा




समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

समाजवादी पार्टी कार्यालय में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। प्रदेश सचिव बंटी शर्मा के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। बंटी शर्मा ने कहा कि 2027 में शर्मा समाज बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव और कल्यान सिंह दोहरे ने भगवान विश्वकर्मा को सृजन, श्रम और निर्माण का प्रतीक बताते हुए कहा कि देश के विकास में कारीगरों, श्रमिकों और तकनीकी वर्ग का योगदान अहम है।

वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी 'बऊअन' ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने निर्माण और रचनात्मकता का संदेश दिया। समाजवादी विचारधारा श्रम करने वाले वर्ग के सम्मान और अधिकारों की पक्षधर रही है। कार्यक्रम में हसीब हसन, यश कुमार दोहरे, रामसेवक बाथम, योगेश शर्मा, शाशिमा सिंह दोहरे समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा जयंती पर करमुल्लापुर में मंदिर का शिलान्यास डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने किया 5100 का सहयोग



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर करमुल्लापुर, छिबरामऊ में भगवान विश्वकर्मा मंदिर का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास का सौभाग्य समाजवादी योजन सभा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरुण कुमार शर्मा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हवन किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। डॉ. शर्मा ने मंदिर निर्माण हेतु 5,100 रुपये की सहयोग राशि भेंट की। डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने कहा,कि भगवान विश्वकर्मा सृजन और शिल्प के देवता हैं। उनके मंदिर का शिलान्यास करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भगवान विश्वकर्मा जी सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। इस अवसर पर डॉ. शैलेंद्र शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, रामबाबू शर्मा, अनुज शर्मा, पप्पू शर्मा, गामा शर्मा, हिमांशु शर्मा, शिवा शर्मा, अर्जुन शर्मा, अचल सिंह आदि मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा जयंती पर हुआ हवन-पूजन, बांटा प्रसाद

समृद्धि न्यूज़, समधन।



गुरूवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। अनीभोज रोड स्थित सिठानी वाली मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम के दौरान हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर क्षेत्र एवं परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

हवन-पूजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं एवं आसपास से पहुंचे लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों की भीड़ रही। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, शिल्प एवं तकनीकी कार्यों का देवता माना जाता है, इसलिए उनकी जयंती श्रद्धा के साथ मनाना विशेष महत्व रखता है। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह बना रहा। इस अवसर पर शास्त्री राहुल पंडित, राजेश कुमार शर्मा, सर्वेश शर्मा,मनोज कुमार शर्मा,दीपू शर्मा, विनोद शर्मा, ब्रजेश शर्मा, अवधेश शर्मा, राधेश्याम, रामनिवास शर्मा,राम अवतार शर्मा,शिव शंकर,गौरव, सुमित शर्मा मौजूद रहे।

# पीडीए जन संवाद कार्यक्रम में उठा सामाजिक न्याय का मुद्दा

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

विधानसभा 193 अमृतपुर के ग्राम नवादा सिरोली में पीडीए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जनपद प्रभारी दलजीत निषाद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव व विधानसभा अमृतपुर के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने भी सहभागिता करते हुए समाजवादी विचारधारा, सामाजिक न्याय और पीडीए की एकजुटता को मजबूत करने का संकल्प लिया। संबोधन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की आवाज को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना तथा समाज के हर वर्ग को सामाजिक

**नवादा में एकजुटता का लिया गया संकल्प**

न्याय व समान अधिकारों के प्रति जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक अधिकार, सम्मान और न्याय पहुंचाना ही समाजवादी विचारधारा की मूल भावना है। पीडीए की एकजुटता को मजबूत करते हुए जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाना और जनता के बीच निरंतर संवाद स्थापित करना बेहद आवश्यक है। सामाजिक समानता, लोकतांत्रिक मूल्यों और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना। जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाना और ग्रामीण स्तर पर संवाद बनाए रखना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव, इलियास मंसूरी, उदय प्रताप यादव भोला, ऋषिपाल यादव, राम पाल यादव, सिन्टू बाथम, भैया लाल कश्यप, अरविंद पाल, होरी लाल बाथम सहित अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सामाजिक न्याय, आपसी सौहार्द और पीडीए की एकजुटता को और अधिक मजबूत करने का सामूहिक संकल्प लिया।


कार्यक्रम में मौजूद डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष आदि

# पीएम के जन्मदिन पर सीएचसी में मरीजों को बांटे गए फल

**पीएम मोदी के सुशासन के 25 वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित**

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस और उनके सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पर उत्साहपूर्वक किया गया। अभियान के पहले दिन अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिला महामंत्री संदीप शाक्य और नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. लोकेश शर्मा के साथ मिलकर वार्डों में जाकर मरीजों का हाल-चाल जाना और उन्हें फल बांटे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं में हुए सुधारों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, कमल भारद्वाज, हेम सिंह लोधी, विनीत भारद्वाज, सभासद अनिल शाक्य, ललित श्रीवास्तव, अनूप शाक्य सहित कई उपस्थित रहे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. लोकेश शर्मा ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत पूरे माह स्वास्थ्य केंद्र पर विभिन्न जनसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।


फल वितरित करते चेयरमैन

# सर्विलांस सेल ने बरामद किए 151 गुमशुदा मोबाइल


मोबाइल स्वामियों के साथ मौजूद एसपी

**पुलिस अधीक्षक ने स्वामियों को सौंपे**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

पुलिस की सर्विलांस सेल को बड़ी सफलता मिली है। सेल ने विभिन्न राज्यों और जिलों से गुमशुदा हुए 151 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने इन मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिया। सर्विलांस सेल की टीम ने इन मोबाइलों को बरामद करने के लिए कड़ी मेहनत और अथक प्रयास किए। टीम ने विभिन्न राज्यों और जनपदों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर मोबाइलों को सर्विलांस पर लगाया। इसके बाद तकनीकी और खुफिया जानकारी के आधार पर मोबाइलों को बरामद किया गया। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर उनके स्वामियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने सर्विलांस टीम का आभार व्यक्त किया और पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। पुलिस के इस कार्य की आम जनमानस द्वारा भी काफी सराहना की जा रही है। बरामद किए गए 151 एंड्रॉइड मोबाइल फोन विभिन्न कंपनियों के हैं। मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये है।

## पीएम मोदी के 76वें जन्मदिन पर राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन ने काटा केक

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फतेहगढ़ स्थित सूरज अल्ट्रासाउंड सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ केक काटकर पीएम मोदी का जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. राजीव कुमार पाठक ने केक काटा। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और कुशल नेतृत्व की ईश्वर से कामना की। डॉ. पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद बाजपेयी तथा महासचिव मृदुल चतुर्वेदी सहित कई प्रमुख लोगों और कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और उत्साहपूर्वक उत्सव में भाग लिया। उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी और देश की खुशहाली के संकल्प को दोहराया।


पीएम का जन्मदिन मनाते भाजपा नेता

# दिव्यांगों को वितरित किये गये उपकरण

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन व भाजपा प्रतिनिधियों के समन्वय से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ। सांसद मुकेश राजपूत, जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर और स्थानीय विधायकों की उपस्थिति में कई प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए। पांचाल घाट एवं स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा वृहद सफाई अभियान चलाया गया। डॉ. राममनोहर लोहिया जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ और भर्ती मरीजों को फल व मिष्ठान बांटे गए। राजकीय संकेत विद्यालय फतेहगढ़ में एलिम्को के सहयोग से 273 दिव्यांग लाभार्थियों को 58 लाख की लागत के 537 सहायक उपकरण (मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन आदि) निःशुल्क बांटे गए। कलेक्ट्रेट सभागार में 25 पारम्परिक व आधुनिक ट्रेडों से जुड़े कारीगरों के लिए योजना का शुभारंभ किया गया। साथ ही सीएम युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को चेक व ऋण स्वीकृति पत्र सौंपे गए। पांचाल घाट पर गंगा आरती के साथ 5,000 दीप और स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में 21,000 दीप जलाए गए। जनपद के सभी सरकारी भवनों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत भवनों पर एक साथ दीये जलाए गए। पूरे जिले में लगभग 2.5 लाख दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की गई।

**सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ**


मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के साथ दिव्यांग मौजूद डीएम व जनप्रतिनिधि

## खबरें एक नजर में

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर फल वितरण व सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन


फल वितरित करते भाजपा नेता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे और पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक ने मरीजों को फल व बिस्किट वितरित किए। ब्लॉक प्रमुख ने पीएम के जीवन को सेवा और राष्ट्र समर्पण का प्रतीक बताया। सीएचसी अधीक्षक डॉ0 विपिन सिंह की देखरेख में परिसर में स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। वहीं भाजपा नगर महामंत्री अखिलेश शर्मा के प्रतिष्ठान पर सुंदरकांड का पाठ, भजन और हवन-पूजन कर प्रधानमंत्री की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में देवेंद्र दुबे, अमर गुप्ता, प्रगति तिवारी, सुषमा शाक्य, सुरेंद्र कठेरिया, मनोज तिवारी मौजूद रहे।

### पड़ोसी का विवाद सुलझाने गये युवक को दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव सिरौली में बुधवार की शाम पड़ोसियों के बीच हो रहे विवाद में बीच-बचाव कराना एक युवक को भारी पड़ गया। दबंगों ने घर में घुसकर युवक के साथ लाठी-डंडों और लात-घूंसों से जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव सिरौली निवासी शैलेश कुमार के पड़ोस में बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो रहा था। झगड़ा बढ़ता देख शैलेश कुमार मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराते हुए दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर उनके घर भेज दिया। इसके बाद शैलेश अपने घर लौट आए और बैठ गए। आरोप है कि थोड़ी ही देर में गांव के ही कुछ दबंग युवक उनके घर के बाहर आ धमके और गाली-गलौज करने लगे। जब शैलेश ने बिना वजह गाली देने का विरोध किया, तो आक्रोशित युवकों ने लाठी-डंडों व लात-घूंसों से उन पर हमला कर दिया। इस मारपीट में शैलेश गंभीर रूप से चोटिल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, जिस पर आरोपी युवक शैलेश को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घटना के बाद देर रात पीड़ित शैलेश कुमार ने नवाबगंज थाने पहुंचकर नामजद आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# 30वीं अन्तरजनपदीय एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता का समापन

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

पुलिस लाइन्स, परेड ग्राउंड फतेहगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय कानपुर पुलिस जोन की 30वीं अन्तरजनपदीय एथलेटिक्स कलस्टर प्रतियोगिता का समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र यमुना प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार व मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कानपुर जोन के अंतर्गत आने वाले कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, फतेहगढ़, झाँसी, ललितपुर एवं जालौन की टीमों के कुल 187 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल समिति की चयन समिति द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जोन टीम के लिए भी किया गया। प्रतियोगिता में मेजबान फतेहगढ़ की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में फतेहगढ़ के पुरुष खिलाड़ियों ने कुल 178 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और चल वैजयंती पर कब्जा जमाया। महिला वर्ग में फतेहगढ़ की महिला खिलाड़ियों ने कुल 78 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करते हुए चल वैजयंती अपने नाम की। प्रमुख स्पर्धाओं के परिणाम पुरुष वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम राहुल सिंह कन्नौज, द्वितीय अजय ठाकुर फतेहगढ़, तृतीय सीटू कुमार कानपुर नगर रहे। 4वाई400 मीटर रिले दौड़ में प्रथम फतेहगढ़ टीम में नितिन, अजय, गोविन्द, चिराग, कुनाल रहे।

द्वितीय कानपुर नगर टीम में ओंकार, युद्धवीर, योगेश शर्मा, मुनेन्द्र जादौन रहे। तृतीय कानपुर देहात टीम में राजकुमार, मनवीर, राजा, कुलदीप रहे। 26 मील मैराथन में प्रथम पवन जालौन, द्वितीय महेश जालौन, तृतीय कृष्णकांत फतेहगढ़ रहे। समापन पर अधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों के खेल भावना की सराहना की तथा आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

**फतेहगढ़ का रहा दबदबा**


शील्ड के साथ विजेता फतेहगढ़ डीआईजी व एसपी


लोहिया का निरीक्षण करती डीएम

### डीएम ने लोहिया अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने सीएमओ डॉ0 आनंद उपाध्याय के साथ डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने विभिन्न वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों और तीमारदारों से इलाज, दवा और स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक लिया। ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता, सुरक्षित रख-रखाव और एनीमिया पीड़ितों को दी जाने वाली सुविधाओं को परखा। अटेंडेंस जांच के दौरान गैरहाजिर मिले चिकित्सकों और कर्मचारियों पर सीएमओ को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्डों में साफ-सफाई और बेड की स्थिति देखते हुए डीएम ने स्पष्ट किया कि समय से इलाज, जांच और दवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ. जगमोहन शर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लेनदेन के विवाद में दुकानदार पर हमला, की तोड़फोड़

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

बकाया रुपये मांगने पर दबंग युवक ने दुकानदार से गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित दुकानदार ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव कलौली महबुल्लापुर निवासी अवनीश कुमार गांव में ही किराने की छोटी दुकान चलाते हैं। जानकारी के मुताबिक गांव के ही एक युवक पर अवनीश की दुकान के 150 रुपये बकाया थे। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे जब अवनीश ने उस युवक से अपने रुपये मांगे, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए 150 रुपये दे दिए। आरोप है कि इसके बाद शाम करीब 6 बजे आरोपी शराब के नशे में धुत होकर वापस अवनीश की दुकान पर पहुंचा। उसने आते ही फिर से अवनीश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और दुकान में रखा सामान उठाकर बाहर फेंकने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने दुकान में जमकर तोड़फोड़ की और अवनीश के साथ लात-घूसों से मारपीट कर दी। इस घटना में दुकानदार अवनीश को करीब 5,000 रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने बुधवार देर रात नवाबगंज थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रिटायर्ड सूबेदार मेजर ने बताया जान को खतरा, शिकायत सीओ से

**पीड़ित ने अपनी व अपने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम परतापुर तराई निवासी रिटायर्ड सूबेदार मेजर श्याम पाल ने क्षेत्राधिकारी नगर को शिकायती पत्र देकर गांव के दबंगों पर गाली-गलौज, मारपीट की धमकी और बाढ़ राहत सामग्री राशन छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित रिटायर्ड सूबेदार मेजर श्याम पाल ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 16 सितंबर की सुबह करीब 9 बजे वह अपने खेत देखने गए थे। उसी समय गांव के भानू, राजेन्द्र, अमित, ऋषि पाल, गोविन्द और राजेन्द्र पाल ने उन्हें घेर लिया और पुरानी रंजिश व मुकदमों के चलते जान से मारने की धमकी दी। दबंगों ने उन पर मुकदमों और शिकायतों को लेकर अभद्रता की तथा खलिहान व जमीन पर अवैध कब्जा करने की बात कही। पीड़ित के अनुसार, गांव में बांटी जा रही बाढ़ राहत सामग्री की सूची में उनका नाम भी शामिल था और उन्हें राशन मिला था, लेकिन आरोपी गोविन्द, अमित और भानू ने उनका राशन जबरन छीन लिया और विरोध करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़ित का आरोप है कि जान बचाकर जब वह स्कूटी से भागने लगे, तो दबंगों ने उन्हें दौड़ा लिया। दबंगों के डर के कारण गांव का कोई व्यक्ति गवाही देने को तैयार नहीं हो रहा है। पीड़ित ने अपनी व अपने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त करते हुए क्षेत्राधिकारी नगर से दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है।

### बुजुर्ग ससुर को ले जाने पर विवाद, मारपीट में दंपति घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर सिरौली में बुधवार रात बुजुर्ग ससुर को जबरन ले जाने की बात पर परिजनों के बीच जमकर मारपीट हो गई। हमले में पीड़ित महिला और उसका पति घायल हो गए। पीड़िता ने देर रात थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। गांव मानपुर सिरौली निवासी सीमा पत्नी रामकुमार ने बताया कि उसके ससुर वेदराम काफी बुजुर्ग हैं और पिछले कई वर्षों से उसी के घर पर रह रहे हैं। बुधवार रात करीब 8 बजे सीमा का जेठ अपने कुछ साथियों के साथ घर पहुंचा और ससुर वेदराम को जबरन अपने साथ ले जाने लगा। जब वृद्ध वेदराम ने साथ जाने से मना कर दिया, तो सीमा और उसके पति रामकुमार ने भी इसका विरोध किया। विरोध करने पर दबंग जेठ और उसके साथी गाली-गलौज करने लगे। जब दंपती ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने दोनों की जमकर लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मारपीट में सीमा और उसका पति रामकुमार घायल हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने देर रात नवाबगंज थाने पहुंचकर जेठ व उसके साथियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पांचाल ब्राह्मण समिति ने निकाली भगवान विश्वकर्मा की भव्य शोभायात्रा

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा जयंती पर कोकांश पांचाल ब्राह्मण समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ अनन्त होटल से सचिन सिंह चंदेल द्वारा फीता काटकर और भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। बैंड-बाजे और पुष्प वर्षा के बीच निकली यात्रा का जगह-जगह विश्वकर्मा समाज के लोगों ने आरती उतारकर और जयकारों के साथ स्वागत किया। चौक पर डॉ0 सरोज दुबे और राघव दत्त शर्मा ने साथियों सहित भगवान विश्वकर्मा की आरती की व समाज के लोगों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। वहीं, नेहरु रोड पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी संजय गर्ग के प्रतिष्ठान के बाहर भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर शोभायात्रा में चल रहे समाज के लोगों को माल्यार्पण कर स्मृति देकर सम्मानित किया गया। जिसमें अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा, रामऔतार शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्वेता दुबे, बबिता पाठक, प्रीती तिवारी, किरन सिंह, अन्नू शुक्ला, संजय रस्तोगी आदि ने तुलसी के वृक्ष देकर सम्मानित किया। संजय गर्ग ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से भारतीय संस्कृति का मनोबल बढ़ता है। लालगेट पर हाजी अहमद अंसारी, रजीन रशीद और मुजाहिद अंसारी सहित मुस्लिम समाज के लोगों ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा के बाद विश्वकर्मा मंदिर पर हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन हुआ। इसके उपरांत बढ़पुर स्थित गेस्ट हाउस में वरिष्ठ नागरिक सम्मान व मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रपाल सिंह यादव जिलाध्यक्ष सपा ने मानसिंह शर्मा, राममूर्ति शर्मा, हेतराम शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, निर्मला देवी, शकुंतला देवी, रतन कुमारी, राज्यपाल शर्मा, बालक राम शर्मा और जगदीश चंद्र शर्मा को अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समाज के 63 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता चंद्र प्रकाश शर्मा ने की तथा संचालन देवेंद्र कुमार शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश शर्मा रहे। महिला जिलाध्यक्ष बीना शर्मा ने अपनी कविता और भाषण के माध्यम से सामाजिक एकजुटता का आह्वान किया। ओम प्रकाश शर्मा ने विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग उठाई।

समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा ने विश्वकर्मा समाज को संगठित और शिक्षित होने पर जोर दिया। इस मौके पर रानी शर्मा, सर्वेश कुमार शर्मा, राकेश चंद्र शर्मा, सत्यदेव शर्मा, रामपाल शर्मा, शिवम शर्मा, अनुराग शर्मा, नीरज शर्मा, रामप्रकाश, आकांत, सुशील कुमार, विनीत कुमार, विजय कुमार, कृष्ण बिहारी, शुभम, आदर्श कुमार, अखिलेश, विकास शर्मा मौजूद रही।


शोभायात्रा में सम्मानित होते समाज के लोग

# एसपी ने जहानगंज थानाध्यक्ष को किया निलंबित

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

नौ माह पूर्व हुए मासूम आशुतोष हत्याकांड का खुलासा न होने पर मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाने जा रहे पीड़ित परिवार पर पुलिस की बर्बरता भारी पड़ गई। मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जहानगंज थानाध्यक्ष पूनम अवस्थी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव कोरीखेड़ा निवासी चंद्र प्रकाश गुप्ता के 10 वर्षीय पुत्र आशुतोष गुप्ता का 10 दिसंबर 2025 को अपहरण हुआ था। 14 दिसंबर को उसका शव आलू के खेत में मिला था।

मां पूनम गुप्ता ने 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस नौ महीने बीत जाने के बाद भी हत्याकांड का खुलासा नहीं कर सकी। 3 सितंबर को पुलिस लाइन मैदान में मुख्यमंत्री की जनसभा थी, जहां पीड़ित परिवार न्याय मांगने जा रहा था। भनक लगते ही जहानगंज पुलिस ने परिवार को घेर लिया। जब बालक की ताई सुनीता गुप्ता ने रोकने का विरोध किया, तो थानाध्यक्ष पूनम अवस्थी ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। घटना का वीडियो बना रहे बालक के भाइयों को सिपाहियों ने पीटा और मोबाइल छीनकर डेटा डिलीट कर दिया। पुलिसिया उत्पीड़न के बाद बालक की बहन अंशिका गुप्ता और चाचा रामजीत ने 10 सितंबर को लखनऊ जाकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की और न्याय की गुहार लगाई।

इसके अलावा डीआईजी सहित वरिष्ठ अधिकारियों से भी शिकायत की गई। सोशल मीडिया पर बर्बरता का वीडियो वायरल होने और शासन स्तर पर मामला गूंजने के बाद, एसपी आरती सिंह ने जहानगंज थानाध्यक्ष पूनम अवस्थी को निलंबित कर जांच के आदेश दिए हैं।


थानाध्यक्ष पूनम अवस्थी

# गणेश पंडाल में हुई बच्चों की धार्मिक ज्ञान परीक्षा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

रंगेश्वर महादेव राय दीपचंद गणेश पंडाल उत्सव में बच्चों की धार्मिक ज्ञान परीक्षा एवं भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास ब्रह्मचारी एवं सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी की पत्नी अनीता द्विवेदी ने ने सर्वप्रथम भगवान गणेश की विधि-विधान से आरती उतारी और ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**मेधावी प्रतिभागी हुए पुरस्कृत**

संचालन हिना मिश्रा एवं नमन पांडे ने किया। संचालन अनुज शुक्ला ने किया। महंत ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने कहा कि भारतवर्ष जैसी पावन धरा पर जन्म लेना भगवान की अहैतुकी कृपा का परिणाम है। आज जब दुनिया के कई देश युद्ध व अशांति की विभीषिका झेल रहे हैं, तब हमें इस उत्सवमयी और आध्यात्मिक भूमि में भाग लेने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि मनुस्मृति हमारा प्राचीन संविधान है। मनु का अर्थ ही परमात्मा की मनीषा है, जिसे समझे बिना कटाक्ष करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि वेदों में मातृ देवो भव को प्रथम स्थान दिया गया है।

आज माताएं अपने बच्चों को धर्म और अध्यात्म से जोड़कर अभिमन्यु, छत्रपति शिवाजी और महाराणा प्रताप जैसे वीरों के संस्कार दे रही हैं। राष्ट्र की शोभा सती, संत और शूरवीरों से ही अक्षुण्ण रहती है। अनीता द्विवेदी ने बच्चों के उत्साह और बौद्धिक प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में जब बच्चे मोबाइल की गिरफ्त में हैं, ऐसे समय में उन्हें फोन से दूर रखकर धर्म, संस्कृति और ज्ञान प्रतियोगिता से जोड़ना माताओं व अभिभावकों का सराहनीय प्रयास है।

धार्मिक ज्ञान परीक्षा में बच्चों ने सनातन धर्म, पुराणों और संस्कृति से जुड़े प्रश्नों के उत्साहपूर्वक उत्तर दिए। विजेता बच्चों को मंच से मेडल व उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर नरेन्द्र पांडे, अनुज शुक्ला, वैभव मिश्रा, विकास अवस्थी, यश अरोरा, सौरभ शुक्ला, नमन पांडे, शांतनु भारद्वाज, रामू पांडे, रमा पांडे, मधु मिश्रा, रचना शुक्ला, शालिनी शुक्ला, बंदना, रेखा, पंडाल आचार्य शरद मिश्रा उर्फसोनू पंडित आदि मौजूद रहे।

## सातनपुर आलू मंडी में व्यापार एवं निर्यात केन्द्र बनाने की मांग

**फर्रुखाबाद।** जनपद के आलू किसानों, व्यापारियों और आलू किसान आंदोलन के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर सातनपुर आलू मंडी में एक आधुनिक आलू व्यापार एवं निर्यात केन्द्र स्थापित करने की मांग की है। फर्रुखाबाद देश का प्रमुख आलू उत्पादक क्षेत्र है, लेकिन यहाँ ग्रेडिंग, पैकेजिंग, प्रसंस्करण और निर्यात के लिए आधुनिक सुविधाओं का अभाव है। इससे किसानों को सही मूल्य नहीं मिल पाता। प्रस्तावित सुविधाएँ जैसे आधुनिक नीलामी, ग्रेडिंग, सॉर्टिंग और पैकेजिंग व्यवस्था। कोल्ड-चेन, भंडारण और गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला। निर्यातक सुविधा केन्द्र, डिजिटल ट्रेड प्लेटफॉर्म और सिंगल विंडो सिस्टम। मंडी परिसर में राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलना। रेलवे व सड़क मार्ग से बेहतर लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी। इस केन्द्र से किसानों को बेहतर बाजार मिलेगा, स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा, कृषि उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलू निर्यात को मजबूती मिलेगी। प्रतिनिधियों में सुधीर शुक्ला, अशोक कटियार, पुरुषोत्तम वर्मा आदि ने हस्ताक्षर किये है।

# सपा कार्यालय में मनी भगवान विश्वकर्मा की जयंती

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प करते लोग

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में भगवान विश्वकर्मा जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यालय के सभागार परिषर में एकत्रित हुए हुए समाजवादी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि हमारे वेदों और शास्त्रों में भगवान विश्वकर्मा जी इस ब्रह्माण्ड के शिल्पकार की उपाधि दी गई है।

भगवान विश्वकर्मा का जीवन और इस सृष्टि के प्रति उनका योगदान यह दर्शाता है कि निर्माण में विश्वास रखने वाले व्यक्ति को समाज भगवान मानता है और तोड़फोड़ में भरोसा रखने वाले व्यक्ति को सदैव शैतान माना जाता है। इलियास मंसूरी, राधेश्याम सविता, शिव शंकर शर्मा, अरुणपाल शर्मा, अर्चित शर्मा ने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर हरी बाबू शर्मा, शिवाकांत शर्मा, आशीष शर्मा, अशोक शर्मा, विवेक शर्मा, विपिन शर्मा, गिरधर शर्मा, अंशु शर्मा, मोनू शर्मा, कपिल कुमार शर्मा, अश्वनी शर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा, सर्वेश शर्मा, ऋषिपाल शर्मा, आदर्श कुमार शर्मा, अभिलाख सिंह शर्मा, अजय शर्मा, राजन शर्मा, शशांक विश्वकर्मा, शिवम पटेल, शीलू खां, विवेक भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## रेड क्रॉस एवं आईएमए बाढ़ राहत शिविर में 512 मरीजों का हुआ परीक्षण



स्वास्थ्य शिविर में मौजूद बाढ़ पीड़ित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं आईएमए के संयुक्त तत्वावधान में बलीपट्टी गांव में द्वितीय बाढ़ राहत मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बाढ़ प्रभावित 05 गांवों-आसनपुर, रतनपुर रसीदा, मड़ैमा तौनिक, बलीपट्टी रानीगाँव एवं नगला दुआँ से आए कुल 512 मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। मरीजों को आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कैंप में अध्यक्ष डॉ0 कविता शर्मा ने स्वयं मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सभापति शीश मेहरोत्रा, सचिव आकाश चतुर्वेदी, कौशल्या गिरी एवं दीपक अग्निहोत्री सहित रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी एवं वॉलंटियर्स उपस्थित रहे। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने रेड क्रॉस सोसाइटी एवं आईएमए द्वारा की जा रही इस मानवीय सेवा की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# पीएम के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



रक्तदान करते अंकित गुप्ता मौजूद डीएम व अन्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आवास विकास स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रक्तदान शिविर एवं मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, विधायक सुशील शाक्य, जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर, अमरदीप दीक्षित उपस्थित रहे।

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह 76वां जन्मदिन है और इसके साथ ही वह अपने सामाजिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष भी पूर्ण कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन जिले के प्रत्येक बूथ पर सेवा एवं जनसहभागिता के साथ मनाया जा रहा है। शाम सात बजे जिले के सभी बूथों पर कार्यकर्ता हर घर में दीपक जलाकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देंगे। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन जनसेवा के लिए समर्पित रहा है। उनके जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर कुलदीप गंगवार, विमल कटियार, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, अमरदीप दीक्षित, हिमांशु गुप्ता, अभिषेक बाथम, बबीता पाठक, शिवांग रस्तोगी, प्रतिभा राजपूत, चित्रा अग्निहोत्री, डीएस राठौर, वीरेंद्र सिंह राठौर, अमन अवस्थी, योगेंद्र चौहान, कृष्ण मुरारी राजपूत, रक्षपाल सिंह राजपूत, किरण सिंह, डॉ0 प्रभात अवस्थी, सत्यम कटियार, मयंक सिंह बुंदेला उपस्थित रहे।


जिला कारागार का निरीक्षण करती सचिव

## जिला कारागार का विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/न्यायाधीश बिंदिया भटनागर ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल बैरक, महिला बैरक सहित जेल की सभी बैरकों का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव/न्यायाधीश ने बंदियों से सीधे संवाद कर उनके लंबित मामलों की स्थिति और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली। विशेष रूप से महिला बंदियों से बातचीत करते हुए उन्होंने उनके स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर जागरूक किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ़अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार राणा ने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों और मुकदमों की पैरवी से संबंधित विधिक राय देकर जागरूक किया। निरीक्षण के समय जिला कारागार अधीक्षक अरविंद कुमार श्रीवास्तव, जेलर विक्रम सिंह यादव, जेल विजिटर अताउल्ल हक, श्यामवीर सिंह, प्रशांत गुप्ता तथा सीता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई



**फतेहपुर।** भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर अलग-अलग स्थान में पूजन अर्चन कर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान तेलियानी ब्लॉक के बगल में लघु सिंचाई विभाग के गोदाम में सहायक अभियंता शुभम कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अभय कुमार गुप्ता, बसंत, राकेश कुमार, अवधेश कुमार, अशोक कुमार, दिनेश कुमार सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे तो वही फतेहपुर के आईटीआई रोड के पास दक्षिणी गौतम नगर में स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा भी निकली गई जो पूरे शहर में घूमी। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह, पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता ने कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा जी की आरती किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ अमित शर्मा, शैलेंद्र कुमार, मधुराज विश्वकर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे तो वही तो सिंचाई विभाग के नलकूप खंड मे अधिशासी अभियंता प्रशांत सिंह व सहायक अभियंता नरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान तमाम नलकूप के यंत्रों का पूजन किया गया और प्रसाद वितरित किया गया इस अवसर पर मूलचंद यादव, बबलू, रामकिशोर, राजेंद्र गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### टीकाकरण सफल बनाने को लेकर हुई माइक्रोप्लान समीक्षा बैठक

**फर्रुखाबाद।** टीकाकरण को सफल बनाने के लिए सिविल अस्पताल लिंजीगंज में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राणा प्रताप की अध्यक्षता में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात एएनएम का टीकाकरण को सफल बनाने के लिए अभिमुखीकरण के साथ की माइक्रोप्लान समीक्षा बैठक की गई। डॉ. राणा प्रताप ने कहा कि कोई भी कार्यक्रम तभी सफल हो सकता है, जब उसकी सही से माइक्रोप्लानिंग की जाए। साथ ही कहा कि बच्चों और गर्भवती को अगर समय पर टीके लग जाते हैं तो कई जानलेवा बीमारियों से बचाव होता है। डॉ. नवनीत गुप्ता ने कहा कि टीकाकरण से अपने बच्चों को दूर न रखें, यह आपके बच्चे की सुरक्षा के लिए है। आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में होने वाले डायरिया की रोकथाम के लिए ओआरएस और जिंक की गोली उम्र के अनुसार दें। अगर बच्चे की आँखें धंसी हुई हैं बच्चा चिड़चिड़ा रहा है साथ ही उसके पेट की खाल खींचने पर सिकुड़न दिखाई दे तो उसको फौरन सरकारी अस्पताल भेज दिया जाए, जिससे उसका इलाज किया जा सके और बच्चे के जीवन की सुरक्षा हो सके। इस दौरान डॉ. सचिन कटियार, डॉ0 अरिदमन सिंह, अनुपम मिश्र, अरफत अंसारी, रुद्र प्रताप सिंह, सुखवीर यादव, फरहत अली जैदी मौजूद रहे।

### सराय मारुफपुर पहुंचकर परिजनों से मिलीं शिल्पा अग्रवाल

**समृद्धि न्यूज, संडीला, हरदोई।** विधानसभा सण्डीला क्षेत्र के ग्राम सराय मारुफपुर निवासी खगेश्वर सक्सैना का सड़क हादसे में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलने पर भाजपा नेत्री शिल्पा अग्रवाल व पूर्व विधायक राजकुमार अग्रवाल राजिया ने उनके घर पहुंच कर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की बात कही। शिल्पा अग्रवाल ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान प्रदीप अग्रवाल, जीतू दीक्षित सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा जयंती पर लाभार्थियों को टूलकिट व चेक वितरित

**हरदोई।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गुरुवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित विश्वकर्मा दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा विश्वकर्मा स्वरोजगार एवं स्वदेशी मेला-2026 पर आधारित प्रदर्शनी तथा मार्जिन मनी ऋण पोर्टल का शुभारंभ किया गया। जनपद से विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 100 लाभार्थियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र राहुल राज रस्तोगी और भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने लाभार्थियों को टूलकिट तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत चेक वितरित किए। उपायुक्त उद्योग ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना-2.0 की जानकारी देते हुए बताया कि योजना में पांच नए परंपरागत ट्रेड—मूर्तिकार, मालाकार, दूधवाला, भरभूजा और मछुआरा तथा नौ आधुनिक ट्रेड जोड़े गए हैं। इनमें मोबाइल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक व विद्युत सामान की मरम्मत, प्लंबर, कंप्यूटर मरम्मत, सोलर इंस्टॉलेशन, डिजिटल फोटोग्राफी तथा सौंदर्य एवं वेलनेस शामिल हैं।

# नौकरी-रोजगार के लिए भटक रहा युवा : सौरभ




समृद्धि न्यूज,कानपुर।

सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ठाकुर सौरभ सिंह जिला अध्यक्ष कानपुर ग्रामीण की अध्यक्षता में हरि हॉस्टल चौराहा उसे देवकी चौराहे देश एवं प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में ताली थाली वह घंटी बजा कर पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सोपा। जिला अध्यक्ष ठाकुर सौरव सिंह ने एक बताया कि पिछले 12 वर्षों से लगातार देश व प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। शिक्षित व कुशल युवा नौकरी व रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। युवाओं की संख्या व नौकरी रोजगार के अनुपात असंतुलित हो चुके है। लगभग सभी विभागों में पद रिक्त हैं। मगर सरकार उन पदों पर भर्ती नहीं कर रही है। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था जोकि पूरा न हुआ जिससे देश का युवा निराश व हताश है। हम सभी युवाओं की 3 सूत्रीय मांगें निम्नवत हैं जिन विभागों में पद रिक्त हैं उन सभी रिक्त पदों को पूर्ण रूप से जल्द से जल्द भरा जाये। संविदा व ठेके पेटी पे नौकरी बन्द कर सरकारी पक्की नौकरी दें व सेना में भर्ती बन्द कर पक्की नौकरी करें। प्रति वर्ष 5 करोड नौकरी देने के साथ-साथ परीक्षा में हो रही धांधली व पेपरलीक पर रोक लगाये। प्रदर्शन के दौरान मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ग्रामीण अध्यक्ष ठाकुर सौरभ सिंह, जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड प्रवेश मंसूरी, अभिषेक कटियार नूरी मलिक पंकज यादव राणा आशीष यादव पतंजलि मिश्रा नसीब अहमद बृजेश विश्वकर्मा सुकांत शर्मा अभिषेक रावत आदित्य द्विवेदी अभिराज अजीत राजपूत विकास वर्मा उदित कनौजिया आदर्श यादव राजेश यादव दीपक कटिहार प्रवेश मंसूरी नसीम खान इत्यादि लोग रहे।

# राज्यमंत्री ने विकास चित्र प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षा गृह में जिला सूचना विभाग द्वारा लगाई गई विकास चित्र प्रदर्शनी का राज्यमंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग उप्र सरकार कृष्णा पासवान ने फीता काटकर शुभारंभ किया। राज्यमंत्री, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने प्रधानमंत्री के निरन्तर 25 वर्षो के सेवाकाल में हुए विकास एवं विभिन्न जन कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं एवं विकासपरक उपलब्धियों को चित्र प्रदर्शनी का घूमकर अवलोकन किया और इसकी भूरिदृभूरि प्रशंसा की। मंत्री एवं जनप्रतिनिधियो ने कहा कि चित्र प्रदर्शनी में विकास की उपलब्धियों को एक प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया गया है जो विकसित राष्ट्र की एक झलक को प्रदर्शित करती है। इस प्रदर्शनी को आमजन मानस ने पहुंचकर देखा और प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षो के सेवाकाल एवं उपलब्धियों के बारे जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, एलडीएम, लाभार्थियों सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# कटोरा लेकर सड़क पर उतरे नौजवान

समृद्धि न्यूज,कानपुर।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार, 17 सितंबर 2026 को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा दोपहर 3 बजे फेथफुलगंज चौराहे पर बेरोजगारी और युवाओं की समस्याओं को लेकर अनोखा सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ता हाथों में कटोरा लेकर सड़क पर उतरे और राहगीरों से सांकेतिक रूप से भीख मांगकर सरकार का ध्यान बेरोजगार युवाओं की समस्याओं की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि आज देश का नौजवान रोजगार के लिए परेशान है। युवा वर्षों तक मेहनत कर पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है, लेकिन भर्ती में देरी और पेपर लीक जैसी समस्याओं से उसका भविष्य प्रभावित हो रहा है। कटोरा लेकर किया गया यह प्रदर्शन युवाओं की इसी परेशानी को सरकार तक पहुंचाने का सांकेतिक प्रयास है। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के नगर अध्यक्ष शादाब आलम ने कहा कि आज युवा डिग्री हाथ में लेकर नौकरी की तलाश में भटक रहा है। महंगी शिक्षा, बेरोजगारी और भर्ती परीक्षाओं में देरी से नौजवानों में चिंता बढ़ रही है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी, पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में देरी, महंगी शिक्षा और रोजगार के सीमित अवसरों जैसे मुद्दे उठाए। प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, मुमताज मंसूरी ,मो अकील, अजय श्रीवास्तव, महेन्द्र सिह,धीरज यादव, नीरज गुप्ता, निहाल यादव,आलोक यादव,वसीम रजा,बृजलाल,जस्वेंद्र आदि लोग प्रमुख रहे।

## विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

**बांगरमऊ, उन्नाव।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दुर्गापुरवा में क्षेत्रीय भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने आज बाढ़ पीड़ितों को बाढ़ राहत सामग्री वितरित करके उनकी समस्याओं को सुनकर हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है । क्षेत्र के ग्राम दुर्गा पुरवा में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करते हुए भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि खाद्य सामग्री की जो जरूरत की चीजें है स वह सब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी सरकार द्वारा आप लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में सरकार गरीबों की सेवा और उनकी मदद के लिए अनवरत काम कर रही है। हम लोग और स्थानीय प्रशासन जहां पर बाढ़ आयी है वहां की स्थिति और परिस्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और किसी को भी घबराने की कोई जरूरत नही है और न ही डरने की आवश्यकता है।

## 650 परिवारों को वितरित की राहत किट

**उन्नाव।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के विभिन्न बाढ़ प्रभावित ग्रामों में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। विधायक ने संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई कराते हुए बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया। परियर स्थित बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर सदर विधायक ने विधिवत दर्शन-पूजन किया और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं कुशलता की कामना की। इसके उपरांत आयोजित बाढ़ राहत किट वितरण कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित बाढ़ प्रभावित परिवारों को संबोधित किया।कार्यक्रम के दौरान मानाबंगला, कोलवा एवं ललतूपुरवा, करीमाबाद, मोहद्दीपुर, चंदन खेड़ा, कोटरिया सहित विभिन्न ग्रामों के 650 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट वितरित की गईं। राहत किट में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे बाढ़ की कठिन परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को जरूरी सामान मिल सके।

# अपर पुलिस आयुक्त ने यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज,कानपुर।



अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था विपिन ताडा ने थाना स्वरूप नगर क्षेत्रांतर्गत मोतीझील परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल, प्रवेश एवं निकास मार्गों तथा आसपास के क्षेत्रों का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत रूफटॉप ड्यूटी, घुड़सवार पुलिस, फायर टेंडर तथा जल पुलिस की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम स्थल पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर एवं एंटी-सबोटाज चेकिंग कराई गई। अपर पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की विधिवत जांच की जाए और सुरक्षा मानकों का पूरी गंभीरता से पालन सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी लगातार निगरानी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति उत्पन्न न होने देने तथा आमजन की सुरक्षा, सुविधा और आवागमन का विशेष ध्यान रखने को कहा। पुलिस अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रत्येक गतिविधि पर सतर्क निगरानी रखी जा रही है।

## डीएम-एसपी ने स्वच्छता रैली को किया रवाना



मनोनयन पत्र प्राप्त करते अंकित तिवारी

**फतेहपुर।** प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस( 17 सितम्बर 2026) एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन नगर पालिका परिषद सदर फतेहपुर द्वारा किया गया। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छता रैली कलेक्ट्रेट से पटेल नगर, पत्थर कटा चौराहा होते हुए बिन्दकी बस स्टॉप से जिला अस्पताल में समापन हुआ। रैली में स्वच्छता वालंटियर स्वच्छता ही सेवा, गंदगी जानलेवा, हमने ठाना है फतेहपुर को स्वच्छ बनाना है। सभी रोगों की एक दवा घर-घर हो सफाई आदि की तख्तियां लेकर आगे बढ़ रहे थे और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे थे। स्वच्छता रैली में लगे वाहन स्वच्छता के जिंगल बजते हुए आगे बढ़ रहे थे और नागरिकों को सन्देश दे रहे थे कि स्वच्छता ही सेवा है क्योंकि स्वच्छता से मनुष्य स्वास्थ्य रहता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), परियोजना निदेशक डीआरडीए, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।


## कार्यालय-नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 984/न0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2026-27 दिनांकः 17-09-2026

### ई-निविदा तिथि संशोधन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्रांकः-819/न0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 07/08/2026 द्वारा **नगर पालिका परिषद् कायमगंज के ग्राम लुधैया स्थित डम्पिंग ग्राउण्ड में लिगेसी वेस्ट रेमेडिएशन का कार्य** हेतु जो ई-निविदा सूचना आंमत्रित की गई थी, अपरिहार्य कारणों से उसकी तिथियों में संशोधन किया जाता है।

अब उक्त ई-निविदा से सम्बन्धित संशोधित समय-सारणी निम्वत् रहेगी।

| ई-निविदा सन्दर्भ | /न0पा0परि0का0/2026.27 |
|---|---|
| ई-निविदा के प्रकाशन और प्रारम्भ तिथि एवं समय | 25.08.2026 10:00 A.M. |
| ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.09.2026 12:00 P.M. |
| ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.09.2026 04:00 P.M. |
| ई-निविदा खोलने का स्थान | **अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् कायमगंज, फर्रुखाबाद।** |

अतः मूल निविदा की अन्य सभी शर्ते नियम व नियम एवं विवरण यथावत रहेंगे। विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज, फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज, फर्रुखाबाद।**

## खबरें एक नजर में

### न. पा. परिषद अध्यक्ष व ईओ ने किया पूजा अर्चना



**महाराजगंज।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ पुष्पलता मंगल व अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा ने नेहरू नगर स्थित विश्वकर्मा मंदिर पिपरदेउरा तथा श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में पहुंचकर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर में दर्शन कर नगरवासियों के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना किया।इस अवसर पर प्रधान लिपिक बैकुंठनाथ यादव,अभियंता देवेंद्र कुमार, जल निगम के जय सत्यदेव कनौजिया,सभासद लालजी गुप्ता, मनोनीत सभासद अभय कुमार जायसवाल, भीष्म नारायण त्रिपाठी ,आरिफ खान,विनोद गौतम एवं अंशुमान सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 10 किमी राप्ती नदी क्षेत्र की नीलामी आज

**महाराजगंज।** आनंद नगर तहसील क्षेत्र सीमा की राप्ती नदी के 10 किलोमीटर क्षेत्र का मत्स्य आखेट के लिए नीलामी 18 सितंबर 2026 को आनंद नगर तहसील प्रांगण में होगी। नीलामी में मत्स्यजीवी सहकारी समितियां प्रतिभाग करेंगी।उल्लेखनीय है कि राप्ती नदी के 10 किलोमीटर क्षेत्र बेलसर से सिकंदर जीतपुर तक नदी का क्षेत्र का मत्स्य आखेट के लिए नीलामी होगा। सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार के अनुसार जनपद में गठित 25 सरकारी समितियों में से इच्छुक समितियों के जिम्मेदार एवं सदस्य नीलामी में शामिल होंगे। नीलामी में सिर्फ मत्स्यजीवी सहकारी समितियां भाग लेंगी।

### आग में झुलसे पशुपालक की इलाज के दौरान मौत

**भांवरकोल/गाजीपुर।** क्षेत्र के सुखडेहरी कलां गांव में चार सितंबर की भोर मच्छरों से बचाव के लिए किया गया धुआं परिवार के लिए आफत बन गया। धुआं करने के बाद खपरैल में अचानक आग लग गई। आग में खपरैल, भूसा, उपला समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया था। वहीं आग की चपेट में आने से एक गाय की भी मौत हो गई थी। आग बुझाने के प्रयास में राजनारायण गुप्त के पुत्र करीब 52 वर्षीय रामपुकार राम गंभीर रूप से झुलस गए थे। रामपुकार का गाजीपुर स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल और वाराणसी में उपचार कराया गया। बाद में स्वजन उन्हें रायपुर ले गए। स्वजन के अनुसार 12 सितंबर को रायपुर स्थित चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान 16 सितंबर की अपराह्न उनकी मौत हो गई। रामपुकार राम चार भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। उनके तीनों भाई अपने परिवार के साथ रायपुर में रहते हैं। मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### अखंड रामचरितमानस पाठ का हुआ भव्य समापन



**गाजीपुर।** आज चराचर जगत के अलौकिक शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी के जयंती के पावन अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और आस्था के त्रिवेणी मे सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के तत्वावधान में आयोजित अखंड रामचरितमानस पाठ का भव्य एवं सफल समापन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह संपूर्ण दिव्य आयोजन के मुख्य यजमान के रूप में सत्यदेव ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस की मुख्य ट्रस्टी परम आदरणीय श्रीमती सावित्री सिंह , मुख्य प्रबंध निदेशक प्रोफेसर आनंद सिंह तथा प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह रहे। अखंड रामायण पाठ के पावन समापन के उपरांत आज सृष्टि के महान शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती के शुभ अवसर पर सत्यदेव ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के अंतर्गत संचालित सभी शिक्षण संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों में भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर स्थित पूज्य ब्रह्मा बाबा तथा सैयद बाबा की पूजा अर्चना की गई तथा श्री हनुमान चालीसा का पाठ समस्त सत्यदेव ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस परिवार द्वारा एक साथ किया गया। पूज्य गुरुदेव श्री भानु प्रताप चतुर्वेदी जी के द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सभी संस्थाओं में मशीनों, यंत्रों एवं वाहनों की पूजा की गई। इस पावन बेला पर पधारे हुए सभी पूज्य साधु-संतों को अंगवस्त्रम एवं प्रसाद भेंट कर श्रद्धा पूर्वक सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के सभी संस्थाओं के प्रधानाचार्यगण डॉ सुनील कुमार सिंह, तेज प्रताप, सुनील कुमार यादव, वरमेश्वर जी, चंद्रसेन तिवारी, राजकुमार त्यागी, रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुवंशी, काउंसिलर दिग्विजय उपाध्याय सहित समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

**हलिया (मिर्जापुर)।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गुरुवार को बरहुला स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्लूटीपी), विद्युत उपकेंद्र हलिया और हलिया बाजार स्थित बेल्डिंग मशीन की दुकान व गैराज परिसर में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान कर्मचारियों ने मशीनों व उपकरणों की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।विद्युत उपकेंद्र पर आयोजित पूजन कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी दिलीप कुमार और अवर अभियंता रमाशंकर मौजूद रहे।

# मोदी के जन्मदिन पर सेवा, स्वच्छता व रक्तदान से दिया जनसेवा का संदेश

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिले में गुरुवार को सेवा, स्वच्छता, रक्तदान, वृक्षारोपण और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की। विभिन्न कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को सुखमय बनाने के लिए निरंतर साधनारत हैं। 'नेशन फर्स्ट' की भावना, अंत्योदय के संकल्प तथा 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य के प्रति उनका समर्पित जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन में वंचितों को प्राथमिकता मिली है। उनके नेतृत्व में भारत विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को अमृतकाल का सारथी बताया।

जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह एवं पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह ने भी प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित है।दुर्गा मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद जिला संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिले के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। भगवान विश्वकर्मा पूजन कार्यक्रम में भी भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।शाम छह बजे प्रधानमंत्री के जन्मदिन को विशेष बनाने के लिए लोगों ने अपने-अपने घरों में दीप जलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रमों में इंजीनियर विवेक गुप्ता, संतोष जायसवाल, आनंद शंकर वर्मा, राकेश जायसवाल, अजय श्रीवास्तव, प्रदीप उपाध्याय, शैलेश पांडेय, बबलू यादव, प्रभाकर द्विवेदी, मधुर सिंह, दिनेश जायसवाल, बैजनाथ पटेल, ठाकुर रौनियार, आकाश गुप्ता, आकाश श्रीवास्तव, सानन्दन पटेल, गोविंद जायसवाल, विष्णु मधेशिया, शिवाश अग्रहरी, करुणेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर हलिया में दीपोत्सव, भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को हलिया मंडल में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ब्लॉक कार्यालय परिसर, हलिया थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर, अदवा पुल, गड़बड़ा शीतला धाम, कोटार शिवधाम सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ग्राम पंचायत भवनों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर दीप प्रज्वलित किए गए।प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों के घरों पर भी दीपोत्सव मनाया गया।पशु आश्रय स्थल, अमृत सरोवर पर भी सचिवों द्वारा दीप दान किया गया है हलिया भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरि ने कार्यकर्ताओं के साथ 551 दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना की।

## सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज जनपद में होंगे विविध कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सार्वजनिक जीवन एवं सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत ञ्च 2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान-जन सेवा से देश सेवा का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 18 सितंबर को जनपद में विभिन्न शैक्षणिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर विविध रचनात्मक, जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मेरे सपनों का भारत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन अभियान के अंतर्गत 18 सितंबर को जनपद के समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला/ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को विकसित भारत ञ्च 2047 के विजन, राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, नवाचार, तकनीकी विकास एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं एवं विचारों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर मिलेगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगिता अभियान के तहत आईटीआई, राजकीय/निजी पॉलिटेक्निक, डिग्री कॉलेज एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

इनमें चित्रकला/ ड्राइंग, भाषण एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रमुख रूप से शामिल हैं। प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं में राष्ट्र निर्माण, जनसेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं विकसित भारत के प्रति जागरूकता और सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा।

नमो सेवा अनकही कहानियां' के माध्यम से जनसेवा का संदेश सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक एवं नाट्य मंचन के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं, जनसेवा एवं समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों से संबंधित संदेश आमजन तक पहुंचाया जाएगा। बहुद्देशीय सेवा शिविरों से पूर्व संस्कृति विभाग द्वारा निर्धारित स्थलों पर नाट्य मंचन किया जाएगा।

जिसके माध्यम से जनसामान्य को सेवा एवं सामाजिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में खुली बैठक एवं चौपाल अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में खुली बैठक/चौपाल का आयोजन भी किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं, जनसेवा, स्वच्छता, सामाजिक सहभागिता एवं विकसित भारत के संकल्प से संबंधित विषयों पर संवाद किया जाएगा।

## स्वच्छता के संकल्प से गूंजा महराजगंज, दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान

**समृद्धि न्यूज़ महराजगंज।**




स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ महराजगंज के संकल्प के साथ नगर पालिका परिषद महराजगंज में 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान का भव्य शुभारंभ दुर्गा मंदिर प्रांगण में किया गया। सदर विधायक, जिलाध्यक्ष एवं पनियरा विधायक की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अभियान के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने स्वयं श्रमदान करते हुए दुर्गा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की। इस दौरान लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा न फेंकने, कूड़े को निर्धारित स्थान पर डालने तथा गीले एवं सूखे कूड़े को अलग-अलग रखने के लिए जागरूक किया गया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और बेहतर शहर के निर्माण की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आम नागरिक एक साथ मिलकर स्वच्छता के लिए आगे बढ़ते हैं, तभी स्वच्छता का संकल्प जनआंदोलन का रूप लेता है।नगर पालिका परिषद द्वारा अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों, सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

नागरिकों से भी अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई।

## विधि-विधान से जनपद में संपन्न हुआ विश्वकर्मा पूजन व शस्त्र पूजन

**समृद्धि न्यूज़ महराजगंज।**



विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर जनपद में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना की गई। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कारीगरी से जुड़ी प्रतिष्ठानों, कारखानो में भव्य सजावट की गई और विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। किसी क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन महराजगंज की परिवहन शाखा में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना एवं हवन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ।पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा विधिवत हवन-पूजन किया गया। तत्पश्चात शस्त्र पूजन संपन्न किया गया। पूजन के उपरांत परिवहन शाखा के वाहनों एवं शासकीय उपकरणों की पूजा-अर्चना करते हुए उनकी सुरक्षा एवं सुचारू संचालन तथा जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की कामना की गई।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक , क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी निचलौल, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी परिवहन शाखा सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### रात की कटौती पर उपभोक्ताओं में आक्रोश, उपकेंद्र पहुंचे सहायक अभियंता, कर्मचारियों को दिए कड़े निर्देश

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** विद्युत उपकेंद्र बरौंधा में बुधवार की रात अघोषित बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं के हंगामे के बाद विभाग हरकत में आया। गुरुवार को सहायक अभियंता विद्युत दिलीप कुमार बरौंधा उपकेंद्र पहुंचे और कर्मचारियों के साथ बैठक कर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने रात में होने वाली कटौती को लेकर कर्मचारियों से गहन पूछताछ करते हुए आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बुधवार की रात बिजली कटौती से नाराज उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया था। करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ था।

# 317 लाभार्थियों को 1035 सहायक उपकरण किए गए वितरित

- प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर शिविर का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**



सेवा संकल्प अभियान-जन सेवा से देश सेवा के प्रथम दिन आज मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर ऑडिटोरियम सभागार, विकास भवन, गाजीपुर में 76 वें सामाजिक अधिकारिता शिविर का भव्य आयोजन किया गया।

भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर तथा जिला प्रशासन के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 317 दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किये गये। जिसमें व्हील चेयर, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, ट्राई साइकिल, कान की मशीन, छड़ी, बैशाखी, कमोड चेयर, घुटने एवं कमर की बेल्ट आदि शामिल हैं। इसी क्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शादी अनुदान योजना एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

# कृषि विश्वविद्यालय में सितंबर से कक्षाएं शुरू कराने की तैयारी

- कृषि मंत्री ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

जनपद के महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर रामाभार स्तूप के निकट निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सितंबर माह से शैक्षणिक गतिविधियां शुरू कराने की तैयारियां की जा रही है। बुधवार देर शाम कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण कर निर्माणाधीन भवनों एवं अन्य सुविधाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को शेष निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिया।

कृषि मंत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया चल रही है। अब तक 48 विद्यार्थियों ने महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुशीनगर का विकल्प चुना है। विद्यार्थियों की कक्षाएं इसी माह शुरू कराने की तैयारी है। इसके दृष्टिगत शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए आवश्यक आधार भूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री ने निर्माणाधीन कक्षाओं, पुस्तकालय, मेस तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति एवं पूर्ण किए जा चुके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि आवश्यकता नुसार अतिरिक्त मैन पावर लगाकर कार्य में तेजी लाई जाए तथा उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

- सांसद व विधायकों ने रक्तदाताओं का किया उत्साहवर्धन
- मरीजों में वितरित किए फल

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सार्वजनिक जीवन एवं सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत ञ्च 2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान, जन सेवा अभियान के तहत रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से रक्त दान करने वाले रक्तवीरों में फल वितरित कर अन्य लोगों को इस महान कार्य के प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज/जिला संयुक्त चिकित्सालय, पडरौना में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे एवं सदर/पडरौना विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनीष जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए लोगों से स्वेच्छा से रक्तदान करने तथा समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। सांसद एवं विधायक ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा, सहयोग एवं जनकल्याण की भावना से जोड़ना है। शिविर के अवसर पर सांसद विजय कुमार दुबे एवं विधायक मनीष जायसवाल द्वारा मेडिकल कॉलेज/जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना गया। उन्होंने मरीजों एवं उनके तीमारदारों को फल वितरित करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जन प्रतिनिधियों ने चिकित्सालय में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी भी ली तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), खड्डा में भी सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक खड्डा विवेकानंद पांडेय द्वारा चिकित्सालय में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना गया तथा मरीजों को फल वितरित किए गए। उन्होंने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए जरूरतमंदों की सेवा एवं सहायता को जनकल्याण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), हाटा में भी सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक हाटा मोहन वर्मा द्वारा सीएचसी में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा गया तथा मरीजों के बीच फल वितरित किए गए। उन्होंने मरीजों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान चिकित्सालय में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाओं की जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि 'जन सेवा से देश सेवा' की भावना के साथ आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं।

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा कार्यों से जोड़ते हुए जनकल्याणकारी गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है।

# गोपीनाथ पीजी कॉलेज में शहरी ताप द्वीप विषय पर छात्र संगोष्ठी आयोजित

- विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश
- प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित

**समृद्धि न्यूज, गाज़ीपुर।**




गोपीनाथ पीजी कॉलेज, देवली सलामतपुर, गाज़ीपुर में बुधवार को ओज़ोन दिवस के अवसर पर भूगोल विभाग की ओर से शहरी ताप द्वीप (rban Heat Island—UHI) विषय पर छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'शहरी ताप द्वीप को समझना : कारण, प्रभाव एवं शमन रणनीतियां' रहा। संगोष्ठी में बीए एवं एमए के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए और पोस्टर एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शनी के माध्यम से शहरी तापमान में वृद्धि के कारणों, प्रभावों तथा समाधान के उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शहरी ताप द्वीप, शहरी वनिकी, सतत शहरी नियोजन, पर्यावरण, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के तापमान में अंतर और मानव स्वास्थ्य पर शहरी ताप द्वीप के प्रभाव सहित विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रोजेक्ट कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरणीय समस्याओं को समझने तथा उनके समाधान के लिए व्यावहारिक रणनीतियों पर अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक एवं भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. ऋषिकेश तिवारी ने शहरी ताप द्वीप की समस्या पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बढ़ते शहरीकरण, कंक्रीट निर्माण और हरित क्षेत्रों में कमी के कारण शहरी क्षेत्रों के तापमान में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पर्यावरणीय समस्याओं का अध्ययन करने का आह्वान किया। डॉ. अंजना तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण और शहरी क्षेत्रों में हरियाली के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पेड़-पौधों के संरक्षण, हरित क्षेत्रों के विस्तार और स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका पर जोर दिया। डॉ. गिरिश चंद्र ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शहरी ताप द्वीप की समस्या को कम करने के लिए पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण और हरित क्षेत्रों के विस्तार पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को समझने तथा समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। डॉ. चन्द्रमणि पांडेय ने शहरी ताप द्वीप के पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट आधारित अध्ययन के माध्यम से विषय की गहराई से समझ विकसित करने और पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान पर विचार करने के लिए प्रेरित किया।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर डीएम व सीडीओ ने किया रक्तदान




**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**

सेवा संकल्प अभियान योजना के अंतर्गत आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम के क्रम में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद ने मेडिकल कॉलेज स्थित रक्त कोष में स्वयं रक्तदान किया। इस अवसर पर उन्होंने जनपदवासियों से बढ़-चढ़कर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। दुर्घटना, गंभीर बीमारी, प्रसव तथा अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में रक्त की उपलब्धता जीवनरक्षक साबित होती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं पात्र व्यक्तियों को चिकित्सकीय मानकों के अनुसार नियमित अंतराल पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान को लेकर लोगों के मन में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं सहित समाज के सभी पात्र लोगों से रक्तदान शिविरों में भाग लेने तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान करने से पहले प्रत्येक व्यक्ति की स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय पात्रता का परीक्षण किया जाता है।